सूर्योदय 7:8 सूर्यास्त 6:01

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.0 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 18.5 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77505.96 |
| निफ्टी | 23482.15 |
| सोना | 82,165 |
| चांदी | 93,177 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना मुश्किल : रिकी पोंटिंग

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 3 फरवरी 2025 | 21 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 36, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## महाकुंभ: 1.13 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**एजेंसी, प्रयागराज**

**महाकुंभ** के 21वें दिन रविवार को 1.13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.57 करोड़ से ज्यादा भक्त संगम में डुबकी लगा चुके हैं। 3 फरवरी को तीसरे अमृत स्नान के लिए प्रयागराज में भक्तों की संख्या बढ़ने लगी है।

बसंत पंचमी स्नान को देखते हुए 2 से 4 फरवरी तक प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। निगरानी के लिए हेलिकॉप्टर तैनात किया है। 4 फरवरी तक श्रद्धालुओं को अपने वाहन शहर के बाहर पार्किंग में खड़े करने होंगे। पार्किंग से वे शटल बस से या पैदल घाटों तक पहुंच सकेंगे। बड़े और छोटे वाहनों की पार्किंग अलग कर दी गई है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर वन-वे व्यवस्था लागू कर दी गई है। एक साइड से श्रद्धालु आएंगे, तो दूसरी साइड से निकासी होगी।



## कुल्लू में बसंत पंचमी से भगवान रघुनाथ की रथयात्रा के साथ होली का आगाज



कुल्लू में बंसत पंचमी से होली का 40 दिन पहले ही आगाज हो गया है। ढालपुर मैदान में भगवान रघुनाथ की रथयात्रा निकाली गई। हजारों लोगों ने जय सिया-राम के उद्घोष के साथ रथ खींचा। अस्थायी शिविर में गुलाल लगाने की परंपरा का निर्वहन किया गया। वैरागी समुदाय के लोगों ने होली गीत भी गाए। फोटो : कमलेश वर्मा

## न्यूज शॉर्ट्स

### महाकुंभ हादसे की सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। याचिका में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश देने और नियमों का पालन कराने की मांग की गई है। महाकुंभ में 29 जनवरी को मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे।

### राजस्थान के बीकानेर में लगे भूकंप के झटके



**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर में रविवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बीकानेर से 72 किलोमीटर दूर जसरासर के महरामसर में था। मौसम विभाग के अनुसार, बीकानेर और आसपास के कुछ इलाकों में दोपहर 12.58 बजे भूकंप आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। भूकंप से जानमाल के किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

### बंबीहा-बवानिया गिरोह के जुड़े तीन सदस्य काबू

**नई दिल्ली।** बंबीहा और नीरज बवानिया गिरोह से जुड़े तीन सदस्यों को दिल्ली में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 14 जनवरी को गुरुग्राम में हुई गोलीबारी का मामला सुलझ गया है, जहां 24 चक्र गोलियां चलाई गई थीं। ये तीनों गुरुग्राम के अशोक विहार में हुए हमले से जुड़े थे, जहां बंदूकधारियों ने बंबीहा गिरोह के नाम वाली पर्चियां छोड़ी थीं।

### कांग्रेस ने बनाया आठ नेताओं का ईगल ग्रुप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को आठ नेताओं का एक ईगल ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप में अजय माकन, दिग्विजय सिंह, अभिषेक सिंघवी, पवन खेड़ा समेत आठ नेताओं और विशेषज्ञों को शामिल किया है। कांग्रेस का ईगल ग्रुप महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में चुनावी गड़बड़ियों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगा। इस रिपोर्ट को पार्टी हाईकमान को सौंपेगा।

### मानहानि मामले में आतिशी के खिलाफ सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को भाजपा के एक नेता की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ मानहानि के मामले को खारिज करने के आदेश को चुनौती दी गई है। याचिका में प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि मानहानि की शिकायत को खारिज और मजिस्ट्रेट अदालत के समन को रद्द कर विशेष न्यायाधीश ने कानून में अपनी शक्ति से बाहर जाकर काम किया।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मौसम की बेरुखी से किसानी-बागवानी की डगर कठिन -पेज 3
- सीएचसी निहरी में स्टाफ नर्सों के 4 और क्लास-4 के 3 पद खाली -पेज 9
- तीन बावड़ियों के पानी में मिला कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया -पेज 12
- देश में बिजली खपत 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट पहुंची -पेज 13
- निशानेबाज आशी ने राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर राइफल में तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड -पेज 14


# वोटिंग से पहले ही झाड़ू के बिखर रहे तिनके : पीएम मोदी

### 'आप-दा' ने 11 साल बर्बाद कर दिए, सरकार वह अच्छी है, जो दिल्ली को सजाने-संवारने में लगाए ऊर्जा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव के चलते रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरकेपुरम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए 'आप' सरकार और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। 'आप-दा' के लीडर्स पार्टी को छोड़कर जा रहे हैं। 'आप-दा' ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं।

सरकार वह अच्छी है, जो बहाने बनाने के बजाए दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। उन्होंने कहा कि 'आप' नेताओं को जवाब देना होगा और जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना ही पड़ेगा। एक ओर 'आप-दा' है जो झूठे वादों के लिए खड़ी है, वहीं दूसरी ओर 'मोदी की गारंटी' है। पीएम रैली की शुरुआत देशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई के साथ की। मोदी ने कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। 'आप-दा' सरकार दिल्ली के मतदाताओं के सामने बेनकाब हो गई है। शहर को एक ऐसी सरकार की जरूरत है, जो अपनी ऊर्जा विकास पर खर्च करे, न कि दूसरों से लड़ने में। 'आप' सरकार ने पुराने वादों पर वोट मांगकर कई बर्बाद कर दिए हैं, लेकिन अब दिल्ली के मतदाता भाजपा सरकार चुनेंगे। 8 फरवरी को दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी, 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। 8 मार्च तक दिल्ली की बहनों के खातों में 2,500 रुपए पहुंचने शुरू हो जाएंगे।



**बोले- जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना होगा**

### कांग्रेस और 'आप-दा' ने दिल्ली के लोगों को दिया धोखा

**पीएम** ने कहा कि दिल्ली के लोग कभी भूल नहीं सकते कि खेलों के नाम पर किस तरह 'आप-दा' और कांग्रेस ने दिल्ली के लोगों को धोखा दिया है। कॉमनवेल्थ घोटाले के दाग इतने गहरे हैं कि कांग्रेस कभी उससे मुक्त नहीं हो सकती। 'आप-दा' पार्टी ने दिल्ली में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के नाम पर जो खेल किया है, वह दिल्ली की जनता, दिल्ली का नौजवान भलीभांति जानता है, इसलिए आज का युवा भारत, भाजपा पर भरोसा करता है और भाजपा के साथ है। पीएम ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस ने बिहार के लोगों को नजरअंदाज किया, लेकिन आज एनडीए की सरकार दिन-रात बिहार के लिए काम कर रही है। मखाना बोर्ड की घोषणा करके बिहार के मखाने को सम्मान दिया गया है।

### 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने पर पैसा खर्च किया

**प्रधानमंत्री** मोदी ने दावा किया कि भाजपा की भ्रष्टाचार मुक्त सरकार ने गरीबों के विकास और कल्याण के लिए प्रत्येक रुपया खर्च किया है। सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन और पक्के मकान दिए हैं। सड़कें, अस्पताल, फ्लाईओवर बनाने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने पर पैसा खर्च किया है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलने लगता है और तीन दिन बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही विकास का बसंत आने वाला है।

# चुनाव नजदीक आते ही भाजपा गुंडागर्दी पर उतरी: केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर रविवार को तीखा हमला करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही भाजपा 'गुंडागर्दी' पर उतर आई है। केजरीवाल ने दावा किया कि 'आप' पांच फरवरी को होने वाले चुनावों में 'निर्णायक जीत' की ओर बढ़ रही है, जिससे भाजपा नेता, विशेष रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 'स्तब्ध और हताश' हैं।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर 'आप' कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को धमकाने और उन पर हमला करने का भी आरोप लगाया। हमारे नेताओं और समर्थकों को धमकाया जा रहा है कि या तो वे भाजपा में शामिल हो जाएं या उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और उन पर हमले किए जाएंगे लेकिन हमें डराया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि दिल्ली 'धमकाने वाली इस रणनीति' को 'आप' बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं, केजरीवाल ने 'एक्स' पर 'अमित शाह की गुंडागर्दी' हैशटैग के जरिए नई सोशल मीडिया प्रचार मुहिम शुरू की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि उन पर 'हमला किया जाता है, उन्हें धमकाया या डराया जाता है, तो वह इस 'हैशटैग' का उपयोग करके अपने अनुभव साझा करें।



### झुग्गीवासियों को मताधिकार से वंचित करने की रची जा रही साजिश

**केजरीवाल** ने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले झुग्गीवासियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मताधिकार से वंचित करने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है। केजरीवाल ने वीडियो संदेश में दावा किया कि उन्हें नौकरों के क्वार्टर, धोबी घाटों और झुग्गी बस्तियों के निवासियों के कई फोन कॉल आए हैं, जिनमें बताया गया है कि 'प्रतिद्वंद्वी पार्टी से जुड़े' लोग मतदाताओं को तीन-तीन हजार रुपए की पेशकश कर रहे हैं। लोगों को कथित तौर पर गुमराह कर रहे हैं कि निर्वाचन आयोग उनकी अंगुलियों पर अमिट स्याही लगाकर उन्हें घर से ही मतदान करने की सुविधा देगा ताकि मतदान के दिन उन्हें वोट डालने से रोका जा सके।

## गुजरात में सड़क हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत, 35 घायल

**एजेंसी, डांग (गुजरात)**

**गुजरात** के डांग जिले में रविवार सुबह मध्य प्रदेश के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस के गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घायलों में से 17 को गंभीर चोटें आई हैं। प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब चार बजकर 15 मिनट पर हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के निकट चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और 48 तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस अवरोधक को तोड़ते हुए लगभग 35 फुट गहरी खाई में गिर गई।



## भारत की बेटियां बनीं विश्व विजेता





कुआलालंपुर। भारत ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीता।

अफ्रीका को **9** विकेट से हराया

**83** रन का टारगेट 11.2 ओवर में चेज किया

# प्रोजेक्टों को समय पर पूरा करवाएं विधायक : सुक्खू

### मुख्यमंत्री ने ली सोलन जिले के विधायकों से विकासात्मक कार्यों की फीडबैक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को ओकओवर में सोलन जिले के विधायकों के साथ बैठक की और विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने विधायकों से हर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी और फीडबैक ली।

उन्होंने कहा कि जिले में निर्माणाधीन सभी परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए जनप्रतिनिधियों को निरंतर प्रयास करने चाहिए। विधायकों से जिले की भावी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नवीन परियोजनाओं में नवाचार को विशेष अधिमान दिया जाना चाहिए और उनकी परिकल्पना 'हरित राज्य' दृष्टिकोण से की जानी चाहिए। प्रदेश सरकार सोलन जिले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक सुनिश्चित करने के लिए विधायकों से निरंतर सार्थक प्रयास करने को कहा। बैठक में विधायक राम कुमार चौधरी, संजय अवस्थी, विनोद सुल्तानपुरी और हरदीप सिंह बावा उपस्थित रहे।



ओकओवर में सोलन जिले के विधायकों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**संकट** जलस्तर घटने से मंडी-भराड़ी में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी हुई कम, एक माह से पर्यटक मायूस

# गोबिंदसागर में जल बिन कैसे दौड़े क्रूज?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बिलासपुर में गोबिंदसागर में बड़े जोर-शोर से वाटर एक्टिविटीज शुरू करने के लिए शिकारा, क्रूज, स्पीड बोट, बनाना बोट और सोफा राइड झील में उतारे थे, लेकिन एक माह से जलस्तर कम होने से इन सारी एक्टिविटीज की रफ्तार कम हो गई है। पर्यटक यहां बड़े चाव से क्रूज की सैर का लुत्फ उठाने आते थे, लेकिन पिछले एक माह उन्हें मायूसी ही हाथ लग रही है।

यहां रोजाना 100 से अधिक पर्यटक आते थे। वहीं, इन वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज में इन्वेस्टमेंट करने वाले लोगों की कमाई पर भी संकट आ गया है।





**पानी** का जलस्तर कम होने के कारण गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। मुख्य रूप से क्रूज पर इसका काफी प्रभाव पड़ा है। जेटिस को गहरे पानी वाले स्थान में शिफ्ट करने की योजना बनाई जा रही है।

**-अजय हांडा, प्रबंध, निदेशक हिमालयन एडवेंचर कंपनी।**

### गतिविधियों का केंद्र मंडी-भराड़ी


**गतिविधियों** का केंद्र फोरलेन पर मंडी-भराड़ी बनाया गया है। हिमालयन एडवेंचर कंपनी की ओर से संचालित की जा रहीं इन गतिविधियों का अच्छे परिणाम के चलते यहां अब पैरा सेलिंग और होट एयर बलूनिंग भी शुरू की जा रही है।

### मार्च तक रहता था ठीक जलस्तर

**पहले** मार्च माह तक मंडी भराड़ी में जलस्तर ठीक रहता था, लेकिन इस साल कम हो गया है। क्रूज में जो मोटर लगी है वह गहरे पानी के लिए है, जबकि मंडी-भराड़ी में किनारों में पानी पांच से सात फुट भी गहरा नहीं रहता है।

### जेटिस को मंडी-भराड़ी से हटाने की तैयारी

**साहसिक** गतिविधियों को संचालित करने के लिए जेटिस बनाई जाती है, जिसके सहारे सभी उपकरण किनारे लगाए जाते हैं। इसके अलावा, लोगों का प्रवेश बोट में करवाया जाता है। पानी कम होने के चलते संचालन कंपनी जेटिस अन्य गहरे पानी वाले स्थान में शिफ्ट करने पर काम कर रही है। बताया जा रहा है कि गर्मी के चलते जेटिस को ऋषिकेश की ओर लगाया जा रहा है।



## न्यूज ब्रीफ

### बजट में हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार : कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेम कौशल ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट हिमाचल प्रदेश के प्रति केंद्र के सौतेले व्यवहार की सोच को ही आगे बढ़ाने वाला है, इसमें प्रदेश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए किसी प्रकार की सहायता का जिक्र नहीं है। प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना की संभावनाओं को धक्का लगा है। कौशल ने कहा कि अर्निंग क्लास को इनकम टैक्स में राहत देने के अतिरिक्त यह बजट निशाजनक है और देश के बेरोजगार युवाओं को रोज़गार के विषय में भी किसी सार्थक योजना का खुलासा इसमें नहीं किया गया। कुल मिलाकर यह चुनावी राज्यों में वोट प्राप्त करने के लिए बनाया गया बजट है।

### ऐतिहासिक चौगान में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ऐतिहासिक चौगान मैदान में 7 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी का आयोजन शुरू हो गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी प्रकाश सडियाल ने किया। आयोजन शिव शक्ति जन कल्याण सुजानपुर द्वारा किया जा रहा है। टूर्नामेंट में 20 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं। आयोजक नवीन सिंह और कुलदीप दीवान ने बताया कि विजेता टीम को नकद इनाम और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रकाश सडियाल ने खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना से खेलने की अपील की।

# 9 फरवरी को कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय में बैठ जाएगा स्टाफ : कंवर

## मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन, दो चरणों में शिमला से दो ट्रकों में पहुंचेगा सामान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



निर्माण कार्य का निरीक्षण करते नरदेव कंवर, साथ हैं अन्य।

भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय को शिमला से हमीरपुर में शिफ्ट करने के बाद बीडीओ कार्यालय परिसर में तकनीकी विश्वविद्यालय के कार्यालय में बोर्ड का ऑफिस बनाया गया है। तकनीकी विश्वविद्यालय के यहां से शिफ्ट होने के बाद यह भवन खाली पड़ा हुआ था, जिसमें अब भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का कार्यालय खोला जा रहा है।

इस भवन की मरम्मत करवाने के लिए भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने पहले भी दौरा किया था और लोक निर्माण विभाग को इसकी शीघ्र मरम्मत करवाने के निर्देश दिए थे। उस समय अध्यक्ष नरदेव कंवर ने बताया था कि फरवरी के पहले सप्ताह में कार्यालय को पूरी तरह से शिफ्ट कर इसमें स्टाफ को बिठा दिया जाएगा। रविवार को फिर से अध्यक्ष ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मरम्मत कार्य का जायजा लिया और शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह शिमला से ट्रक में यहां पर सामान पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि दो चरणों में शिमला से यहां पर सामान लाया जाएगा।

इसके साथ ही चार लोगों का स्टाफ भी पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि एसीएफ और अन्य स्टाफ और चौकीदार भी मंगलवार को पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी को यहां पर स्टाफ को बिठा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भवन में पूरी तरह से कार्यालय के शिफ्ट होने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस कार्यालय का उद्घाटन करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस भवन में छत की मरम्मत की जा रही है और अन्य कमरों की मरम्मत की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग को टारगेट दे दिया है व 9 फरवरी से पहले कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भवन की मरम्मत के साथ इलेक्ट्रिकल का काम बचा है, उसे भी पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेरे कमरे को तैयार करने में अभी 10 दिन का समय लगेगा। उसके बाद ही इस कार्यालय में पूरी तरह से संचालन किया जाएगा। गौर रहे कि भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय को शिफ्ट करने के बाद दोसड़का में इस कार्यालय का संचालन किया जा रहा था, लेकिन वहां पर स्थान कम होने के कारण स्टाफ और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों की भीड़ सुबह से ही कार्यालय के बाहर लग रही थी। अब नए कार्यालय में सुनियोजित ढंग से लोगों का पंजीकरण और अन्य कार्य किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# परीक्षाएं सिर पर, सोहारी स्कूल के शिक्षक को डेपुटेशन पर भेजा

- अध्यापकों के न होने से बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित अभिभावकों में रोष
- अभिभावकों ने की डेपुटेशन रद्द करने की मांग

**एसके ठाकुर, बड़सर**

प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए कई कदम उठा रही है, वहीं कम बच्चों वाले स्कूलों को मर्ज करने की तलवार लटक रही है। जिन सरकारी स्कूलों बच्चों की संख्या ठीक है, उन स्कूलों में अध्यापक नहीं हैं। बड़सर उपमंडल के अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों की कमी के चलते शिक्षा का ग्राफ लगातार गिरता जा रह है।

उपमंडल में अधिकतम स्कूलों में टीचरों का टोटा चल रहा हैं या फिर अध्यापकों को डेपुटेशन पर अन्य स्कूलों में लगाया गया है। इसके चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसा ही एक उदाहरण उपमंडल के राजकीय प्राथमिक पाठशाला सोहारी में देखने में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संस्थान में 43 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां पर सरकार द्वारा एक सीएचटी व दो जेबीटी अध्यापक नियुक्त किए गए हैं, परंतु अभी हाल में ही एक अध्यापक को डेपुटेशन पर यहां से क्याराबाग स्कूल भेज दिया गया है। इसके चलते संस्थान में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि सरकार द्वारा शिक्षण संस्थान तो जगह-जगह खोले गए हैं, परंतु स्टाफ की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि अभी कुछ ही दिनों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं परंतु अध्यापकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

लोगों ने प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग से इस डेपुटेशन को कैंसिल करने का आग्रह किया है। इस बारे में खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी अरविंद चैधरी ने बताया कि क्याराबाग स्कूल से अध्यापक की सेवानिवृत्त होने के करण कुछ समय के लिए सोहारी स्कूल से डेपुटेशन पर लगाया गया है, बाद में इस डेपुटेशन को कैंसिल कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## आज भोटा में लगेगा मिर्गी के रोगियों के लिए विशेष शिविर

**अनंत ज्ञान, भोटा।** मिर्गी के रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली और दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) लुधियाना के संयुक्त प्रयास से जिला हमीरपुर के विभिन्न अस्पतालों में मिर्गी के निशुल्क उपचार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि 3 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोटा में आज विशेष शिविर लगाया जा रहा है। इन शिविरों में मिर्गी रोग विशेषज्ञों की टीम मरीजों को निशुल्क परामर्श और उपचार प्रदान करेगी।

## कौशल प्रतियोगिता में मुंडखर स्कूल के छात्र अव्वल



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर की अवनी कक्षा बाहरवीं, रोहित कुमार ग्याहरवीं ने कृषि व्यापार में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने स्कूल प्रशासन ने बधाई दी है। विशेष रूप से इसे संभव बनाने वाले छात्रों, व्यावसायिक प्रशिक्षक संदीप कुमार, मैडम सुदेश कुमारी को भी इस सफलता के लिए बधाई दी है। छात्रों का मार्गदर्शन करने वाले प्रिंसिपल ओंकार देव ने पूरे स्टाफ को बधाई दी है व छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिए और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है।

## आउटसोर्स पॉलिसी बनाई जाए : डॉ. सुरेंद्र डोगरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ.सुरेंद्र डोगरा अध्यक्ष हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन जिला हमीरपुर और उपाध्यक्ष संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने कहा कि मेडिकल प्रोफेशनल के साथ होने वाले असाउल्ट के लिए हर कर्मचारी आगे आए और साथ दे, साथ में ऑउटसोर्स पॉलिसी बने, ताकि ऑउटसोर्स कर्मचारियों के साथ न्याय हो। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोशिएशन की तरफ से एडवांस करियर प्रोग्रेशन स्कीम को पंजाब की तर्ज पे लागू किया जाए।

# एचपी शिवा परियोजना : जोल गांव में अमरूद की बहार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



बागवान अपनी अमरूद की फसल के साथ।

- शुरुआती दौर में 60 क्विंटल की पैदावर होने से बढ़ी बागवानों की आय

हमीरपुर और इसके साथ वाले इलाकों में एचपी शिवा परियोजना लोगों के लिए अब फलदार पौधों के मामले में वरदान साबित होने लगी है। शुरुआती दौर में ही अमरूद की बंपर फसल किसानों का हौसला बढ़ाने में बूस्टर साबित हो रही है। कारण यह है कि राज्य के कम ऊंचाई वाले इलाकों में फलदार पौधों के बगीचे अब लगातार विकसित होने लगे हैं। इसी कड़ी में हमीरपुर जिले के बड़ैहर गांव के पास जोल में भी 10 किसानों की करीब एक हेक्टेयर भूमि पर एचपी शिवा परियोजना के तहत लगाए गए अमरूद के बागीचों में इस बार शुरुआती दौर में ही तकरीबन 60 क्विंटल अमरूद की पैदावार हुई है।

जोल के प्रगतिशील बागवान कमलजीत सिंह और ध्यान सिंह ने बताया कि गांव में लगाए गए लगभग 1750 पौधों से शुरुआती दौर में ही अच्छी पैदावार मिलने लगी है। कमलजीत सिंह कहते हैं कि क्लस्टर के अधीन उनकी अपनी लगभग 6 कनाल जमीन पर अमरूद के 200 पौधे लगाए गए हैं। इसी प्रकार ध्यान सिंह की जमीन पर भी लगभग 500 पौधे लहलहा रहे हैं।

कमलजीत ने बताया कि वह पहले प्राइवेट नौकरी करते थे और अपनी पुश्तैनी जमीन पर धान, मक्की और गेहूं की खेती करते थे। मौसम की बेरुखी और बेसहारा पशुओं की समस्या के कारण उन्हें अपनी पुश्तैनी जमीन से कोई आय नहीं हो रही थी।

इसी तरह एक अन्य बागवान ध्यान सिंह का कहना है कि वे और अन्य गांववासी भी धान, मक्की और गेहूं की ही खेती करते थे, लेकिन इनकी खेती घाटे का सौदा ही साबित हो रही थी और गांव के किसान, विशेषकर युवा पीढ़ी खेती से विमुख हो रही थी। इसी बीच, उद्यान विभाग के अधिकारियों ने गांववासियों को एचपी शिवा परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया तथा अमरूद के बागीचे विकसित करने के लिए अपनी जमीन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उद्यान विभाग के अधिकारियों की प्रेरणा से गांव के लगभग 10 किसानों ने करीब एक हेक्टेयर पर बागीचा लगवाने का निर्णय लिया। जमीन को बागीचे के लिए तैयार करने से लेकर पौधरोपण, सोलर बाड़बंदी और आधुनिक ड्रिप सिंचाई प्रणाली इत्यादि का पूरा प्रबंध एचपी शिवा परियोजना के माध्यम से ही किया गया।

देखते ही देखते बागीचे में अमरूद के पौधे लहलहाने लगे और इस बार शुरुआती दौर में ही लगभग 60 क्विंटल की पैदावार हुई है। किसानों को अच्छी आय भी हुई है। इन उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए अब गांव की लगभग 4 हेक्टेयर और जमीन पर भी पौधरोपण लगाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुजानपुर में अग्निशमन विभाग का किराए के भवन में चल रहा दफ्तर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में कार्यरत 5 ग्रेड के पास अपना एक अदद भवन नहीं है। लंबे समय से इस वार्ड नंबर 2 में स्थित किराए के भवन में चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा सुजानपुर में अपना भवन बनाने के लिए भूमि देखी जा रही है, लेकिन अभी तक भूमि नहीं मिल पाई है। किराए के भवन पर होने के चलते विभाग को भारी भरकम किराया देना पड़ रहा है। दूसरे आग बुझाने के कार्य में प्रयुक्त होने वाली महंगी गाड़ियां खुली सड़क में खड़ी करनी पड़ रही हैं।

**विभाग ने देखी है करोट और डेरा पंचायत में जमीन :** संबंधित विभाग द्वारा सुजानपुर नगर परिषद एरिया में जमीन न मिलने की सूरत में करोट पंचायत के धनोटू तथा डेरा पंचायत में सब्जी मंडी के पास देखी गई है। इसके अलावा डोली में भी विभाग द्वारा जमीन देखने का कार्य किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जहां पर किराए के भवन में यह कार्यालय चल रहा है, वहां न तो प्रॉपर रूप से इक्विपमेंट रखने के लिए जगह है। न ही गाड़ियों को रखने के लिए प्रॉपर व्यवस्था है। गाड़ियां खुलेआम सड़के के किनारे खड़ी की जाती हैं, जिसके इन महंगी गाड़ियों के खराब होने का खतरा बना रहता है।

### जमीन न मिलने पर शिफ्ट होगा दफ्तर

सुजानपुर में विभाग द्वारा नगर पंचायत एरिया में जमीन देखी जा रही है, जिसमें कि विभाग का कार्यालय भी बन सके तथा अपने परिसर में गाड़ियों को भी खड़ा किया जा सके। विभाग द्वारा किसी सरकारी भवन को भी ढूंढा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार विभाग द्वारा जब तक भवन बनाए जाने की प्रक्रिया चल रहा हो, तब तक किसी सरकारी भवन में इस कार्यालय को शिफ्ट किया जा सके, ताकि महंगे किराए से बचा जा सके।

### किस-किस ने क्या-क्या कहा

नगर परिषद उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि सुजानपुर सुजानपुर एक बड़ा शहर है, इसलिए नजदीक ही यह कार्यालय होना चाहिए। वहीं, स्थानीय लोगों के अनुसार यह कार्यालय सुजानपुर में ही होना चाहिए, ताकि आग लगने की सूरत में शहर के लोगों को कम नुकसान हो। उधर, होमगार्ड कमांडेंट लेफ्टिनेंट कमांडर विनय कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा सुजानपुर में जमीन देखने का कार्य जारी है। वहीं, विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि संबंधित रेवेन्यू विभाग को सुजानपुर क्षेत्र में जमीन देखने के लिए बोला गया है तथा 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# दाड़ला पंचायत में बांटे फसल बीमा योजना के दस्तावेज

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री ने ग्राम पंचायत दाड़ला में 34 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दस्तावेज बांटकर 'मेरी पॉलिसी, मेरे हाथ' अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 15 मार्च तक चलेगा। डॉ. शशि पाल अत्री ने बताया कि जिला हमीरपुर में रबी सीजन में कुल 24,716 किसानों ने गेहूं की फसल बीमा करवाया है।

'मेरी पॉलिसी, मेरे हाथ' अभियान के दौरान इन सभी किसानों को उनके घर के पास ही फसल बीमा के दस्तावेज प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए क्षेमा जनरल बीमा कंपनी जिला के विभिन्न विकास खंडों में शिविर आयोजित करेगी। इन शिविरों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी को विकास खंड भोरंज की 7 पंचायतों और 8 फरवरी को विकास खंड हमीरपुर की 7 पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर विभाग के विषय वाद विशेषज्ञ डॉ. सुधीर सिंह ने भी किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। स्थानीय पंचायत प्रधान रेखा देवी ने शिविर के आयोजन के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सहायक कृषि विकास अधिकारी दीप कुमार शर्मा, कृषि प्रसार अधिकारी दिनेश कुमार, तकनीकी सहायक संदेश कुमारी, सांख्यिकी सहायक आरती, क्षेमा जनरल बीमा कंपनी के अधिकारी नवीन कुमार, कर्म चंद, विकास और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# गसोता स्कूल के बाहर लगें स्पीड ब्रेकर : संगठन



उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर ने शहर के मुद्दों पर की चर्चा।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की बैठक जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया।

सर्वप्रथम महासचिव नेराष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया तथा जो मामले वहां उठाए गए थे, उनके संबंध में सभी प्रशासनिक अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने बारे पत्र जारी कर दिए गए हैं। बैठक में यह मांग उठाई कि जो फुटपाथ का कार्य शेष रह गया है, उसे लोनिवि शीघ्र पूरा करे तथा जहां तक पहले आरटीओ कार्यालय तक फुटपाथ बनाया गया है, उसे हथेली पुल तक बनाया जाए।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला गसोता में छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पाठशाला के बाहर जो सड़क है, उसमें दोपहिया एवं अन्य वाहन बड़ी तेजी से गुजरते हैं जिससे किसी भी समय अप्रिय घटना होने का अंदेशा रहता है। संगठन यह मांग करता है कि स्कूल के गेट के बाहर गति अवरोधक स्पीड ब्रेकर अभिलंब लगाया जाएं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। यह भी मांग उठाई गई की तिपहिया वाहनों में मीटर का प्रावधान करवाया जाए या किलोमीटर के रेट निर्धारित किए जाएं ताकि उपभोक्ताओं का शोषण न हो।

कुछ सदस्यों ने यह मांग उठाई कि मोटा चैक नालटी रोड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास मिरर लगाए जाएं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलें व कोई दुर्घटना न हो। इस अवसर पर एसके कौड़ा, मनसुख पठानिया, हेमराज शर्मा, प्रेमचंद, शंभू राम जस्वाल, आरसी रागड़ा, अशोक सोनी, अनिरुद्ध डोगरा, विजय कुमार डोगरा, संतोष बन्याल, विजय लक्ष्मी तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिवार को सीनियर सिटीजन काउंसिल ने दी आर्थिक सहायता



पीड़ित परिवार की सहायता करते सीनियर सिटीजन काउंसिल के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपमंडल भोरंज के गांव बडैहर में रविवार के दिन अग्निकांड से दो मंजिला मकान तथा गोशाला जल गई थी, जिसमें पीड़ित परिवार को लगभग छह लाख रुपए का नुकसान हुआ था। इस घटना में फ्रिज, टीवी, वाशिंग मशीन, अलमारी, बेड, खाने का सामान, बर्तन, कपड़े व अन्य सामान जलकर राख हो गया था।

हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित परिवार को 10 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की थी, लेकिन सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने भी नुकसान का जायजा लिया। काउंसिल के पदाधिकारियों ने नुकसान का जायजा लेने के बाद संस्था की ओर से 60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी ने बताया कि इस अग्निकांड में काफी नुकसान हुआ है, इसलिए संस्था ने प्रकाश चंद को मौके पर 60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, सचिव कुलदीप कपिल, हेम राज शर्मा व सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

**उपलब्धि** कबड्डी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर लौटी अंबोटा की बेटी

# राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी के सम्मान में बजे ढोल-नगाड़े

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



सम्मान के दौरान खेल अधिकारी पूर्ण कटोच भी मौजूद रहे।

हमीरपुर जिले की बिझड़ी पंचायत के अंबोटा गांव की बेटी ऋषिता चंदेल ने उत्तराखंड महिला कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद जब वह अपने घर लौटीं, तो गांववासियों ने उनका ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

ऋषिता चंदेल के पिता डॉक्टर राजकुमार और उनके परिवार के लिए यह बेहद गर्व का क्षण था। पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और लोग उनकी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे थे। धर्मशाला स्थित साईं हॉस्टल की छात्रा ऋषिता चंदेल इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। वह कई बार हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और अपनी बेहतरीन खेल शैली के लिए जानी जाती हैं। ऋषिता अंबोटा जब गांव पहुंची, तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल था और लोग ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते नजर आए।

पंचायत के प्रतिनिधियों, स्थानीय नेताओं और स्कूल के बच्चों ने भी इस खुशी के मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पंचायत प्रधान ने ऋषिता की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। ऋषिता चंदेल अब अपनी अगली प्रतियोगिताओं की तैयारियों में जुट गई हैं। उनका लक्ष्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना और स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करना है।

उनकी इस सफलता से हिमाचल प्रदेश के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा और वे भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। ऋषिता की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मेहनत, लगन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### मेहनत और समर्पण का नतीजा

ऋषिता चंदेल की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण है। उनके कोच और परिवार के सदस्यों का कहना है कि वह बचपन से ही खेलों में रुचि रखती थीं और कबड्डी में उनका जुनून देखते ही बनता था। साईं हॉस्टल में रहकर उन्होंने कठिन प्रशिक्षण लिया और अपनी खेल प्रतिभा को निखारा। अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए ऋषिता ने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि मेरे माता-पिता, कोच और पूरे हिमाचल की जीत है। मैं आने वाले समय में और भी कड़ी मेहनत करूंगी और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने का सपना पूरा करूंगी।

# मोदी सरकार के शानदार बजट को पचा नहीं पा रहे विपक्ष के लोग : अभ्यवीर

- मध्यम वर्गीय को राहत प्रदान करने वाला मोदी सरकार का बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी समीरपुर मंडल के अध्यक्ष अभ्यवीर सिंह लवली ने कहा कि मोदी सरकार का 2025 -26 के शानदार बजट को विपक्ष के लोग पचा नहीं पा रहे। यह बजट देश के करोड़ों मध्यवर्गीय परिवारों के लिए राहत प्रदान करने वाला बजट है। अभ्यवीर लवली ने कहा कि मोदी सरकार के 2025 बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख तक की वार्षिक आय पर कोई कर नहीं लगेगा, जिससे मध्यम वर्ग को काफी लाभ पहुंचेगा।

इसके अलावा छोटे व्यापारी, छोटे ट्रांसपोर्ट और किसानों को भी इस बजट से बहुत ज्यादा लाभ पहुंचेगा। भाजपा के समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभ्यवीर लवली ने कहा है कि इस बजट से लोगों के सपने साकार होंगे और लोगों को बहुत ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वेतन भोगी वर्ग के लिए सीमा 12.75 लाख रहेगी औरकिसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़कर 5 लाख रुपए कर दी गई है।

इस बजट से गरीब किसान युवा महिला के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर इस बजट में काफी प्रावधान दिया गया है, जहां एक ओर कैंसर पीड़ितों के लिए सरकारी अस्पतालों में डे केयर खोलने की घोषणा की गई है। किसानों के लिए जो किसान क्रेडिट कार्ड में तीन लाख से बढ़कर 5 लाख तक की व्यवस्था इस बजट में की गई है। इस शानदार बजट के लिए मंडल अध्यक्ष ने केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है।

# खूब उड़ा गुलाल, जब मिले श्रीराम-भरत और हनुमान

## कुल्लू में धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी पर्व, रथ खींचने को लोगों में दिखा भारी उत्साह

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भगवान रघुनाथ जी की नगरी देवभूमि कुल्लू में रविवार को खूब गुलाल उड़ा और इसी के साथ भगवान राम-भरत और हनुमान के महामिलन के एक बार फिर से हजारों लोग गवाह बने। लिहाजा, कुल्लू में रविवार को बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर भाईयों राम-भरत और हनुमान का एक बार फिर महामिलन हुआ और इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए लोगों में खूब उत्साह दिखा। दोपहर करीब एक बजे के करीब भगवान रघुनाथ जी की शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों की थाप पर लाव लश्कर के साथ देवालय से रथ मैदान को रवाना हुई।

रथ मैदान से करीब दो बजे भगवान रघुनाथ जी रथ में सवार होकर अस्थायी शिविर की ओर रवाना हुए। सैकड़ों लोगों ने इस रथ को खींचते हुए ढालपुर मैदान पहुंचाया जहां पर विशेष पूजा-अर्चना हुई और भगवान ने लोगों को आशीर्वाद दिया।

साथ ही इस दौरान राम व भरत के मिलन की रस्म भी अदा की गई। वहीं, भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्ति के लिए बसंत पंचमी के दिन अधिकतर लोग पीले वस्त्र में ही नजर आए और भगवान रघुनाथ जी को भी पीली ही वस्त्र पहनाए गए थे। ढालपुर मैदान में हर कोई उत्साह के रंग में नजर आया और राम-भरत और हनुमान के मिलन के बाद हनुमान की अठखेलियां भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। लिहाजा, हर वर्ष की भांति इस बार भी कुल्लू में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया और इसके साथ ही अब कुल्लू घाटी में 40 दिन पहले ही होली का भी आगाज हो गया है। रथयात्रा के दौरान जहां रघुनाथपुर से लेकर ढालपुर मैदान तक खूब गुलाल उड़ा वहीं आज से अब भगवान रघुनाथ जी के दरबार में होली उत्सव तक गुलाल का दौर जारी रहेगा। इसके साथ ही कुल्लू जिला में अब मेलों का भी आगाज हो गया है। (अनंत ज्ञान)


रथ मैदान में बसंत पंचमी के मौके पर राम व भरत के मिलन की परंपरा का निर्वहन करते हुए।

**रथ में बैठकर अपने अस्थायी शिविर पहुंचे भगवान रघुनाथ जी, भक्तों को दिया आशीर्वाद**

## सीएम सुक्खू के सरकारी आवास ओक ओवर में आया नन्हा मेहमान



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के शिमला स्थित सरकारी आवास में एक नन्हा मेहमान आया है। मुख्यमंत्री सुक्खू और उनकी पत्नी विधायक कमलेश ठाकुर ने मिलकर इस नए सदस्य का स्वागत किया। दरअसल ओक ओवर में एक गाय ने बछड़े को जन्म दिया है। ओक ओवर में आए इस नन्हे मेहमान पर सीएम सुक्खू और उनकी पत्नी ने भी अपना प्यार लुटाया।

## प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों और सुपरस्पेशिएलिटी संस्थानों में भविष्य की सभी संकाय नियुक्तियों के लिए एक कॉमन कैडर स्थापित करने का सैद्धांतिक रूप से निर्णय लिया है। इस व्यवस्था से समान, दक्ष, बेहतर चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित होने में मदद मिलेगी।



वर्तमान में कॉलेज-विशिष्ट कैडर प्रणाली के अनुसार संकाय नियुक्तियां की जाती हैं, जिससे प्रशासनिक असमानता, सेवा शर्तों में असंगता और विशेष रूप से नव स्थापित चिकित्सा महाविद्यालयों में संकाय की कमी को देखा गया है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कॉमन कैडर प्रणाली के माध्यम से संकाय की भर्ती के लिए एक समान प्रणाली, करियर प्रगति और अंतर-संस्थागत स्थानांतरण के लिए एकीकृत संरचना स्थापित की जाएगी, जिससे संकाय प्रबंधन के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढांचा सुनिश्चित होगा। इस पहल से सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में सेवा शर्तों में सामंजस्य स्थापित करते हुए भर्ती प्रक्रियाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और करियर उन्नति के अवसरों के लिए मानक स्थापित होंगे। इस पहल का उद्देश्य करियर विकास में असमानताओं को दूर करके संकाय पदोन्नति के लिए योग्यता आधारित प्रणाली को बढ़ावा देकर चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करना है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बढ़ेगी, संस्थानों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित होगा और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्रीं सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। कॉमन कैडर की स्थापना से प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मानक स्थापित होंगे और लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत प्रणाली विकसित होगी।

# पूर्व मंत्री किशन कपूर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## पक्ष-विपक्ष के नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने दी अश्रुपूर्ण विदाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद किशन कपूर का रविवार को राजकीय सम्मान के साथ धर्मशाला के खन्यारा में अंतिम संस्कार किया गया।

पटोला ग्राउंड में पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया, राज्य भर से आए लोगों ने अश्रुपूर्ण विदाई दी। इस अवसर पर सरकार की ओर से कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, उप सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवदेनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

इस अवसर पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, सांसद राजीव भारद्वाज सहित विभिन्न विधायक भी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। जिला प्रशासन की ओर से एडीसी विनय कुमार ने अंतिम यात्रा में भाग लिया।

उल्लेखनीय है एक फरवरी को पूर्व मंत्री किशन कपूर का पीजीआई चंडीगढ़ का देहांत हुआ था वो पिछले काफी समय से बीमार थे।

## बिंदल ने किशन कपूर के परिजनों को दी सांत्वना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल रविवार को धर्मशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद किशन कपूर की अंतिम यात्रा में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कपूर के बेटे शाश्वत कपूर व अन्य पारिवारिक सदस्यों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि किशन कपूर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में एक थे और उन्होंनें अपने राजनीतिक जीवन में पार्टी के लिए अतुल्नीय योगदान दिया। बिंदल ने कहा कि किशन कपूर 5 बार विधायक व तीन बार मंत्री रहे और इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विकास में अपना भरपूर योगदान दिया। साल 1980 में पार्टी के गठन से लेकर अब तक उन्होंनें पार्टी के विभिन्न दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन किया। उनके निधन से निश्चितरूप से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंनें कहा कि इस दुख की घड़ी में पार्टी शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंनें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी एवं विधायक विपिन परमार, सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 राजीव भारद्वाज, कांगड़ा जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, पवन काजल, राकेश पठानिया सहित भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने किशन कपूर को अपनी भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कहानी-33

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702, 8091450407 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# उजड़ने बसने की अजीब दास्तान है सुखार

## शेरशाह सूरी के समय पठानकोट-मंडी फोरलेन के रूट पर सड़क का निर्माण हुआ और सुखार का महत्व कम होने लगा



नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुखार गांव अपने आप में लंबा इतिहास संजोए हुए है। यहां के एक महाजन परिवार, जिन्हें लोग सम्मान से चौधरी कहते थे, उनके नाम पर ही राजस्व रिकॉर्ड में सुखार को सुखार चौधरियां के नाम से जाना जाता है।


रोहित डडवाल
राजा का तालाब

कहते हैं 16वीं सदी के मध्य तक शेष भारत के लोग जो काठगढ़ महादेव के दर्शन करने बाद चामुंडा और बज्रेश्वरी धाम की यात्रा करते थे, सुखार से होकर गुजरते थे और लंबे सफर के बाद यहीं रात्रि को पड़ाव डालते थे और सुबह उठकर अपना सफर जारी करते थे। सुखार में जीवनयापन की सभी चीजें उपलब्ध थी, नहीं था तो बस नमक।

यहां धरातलीय जल गहरा नहीं है इसलिए यहां कुओं की भरमार है। यहां बेर भी बहुत होते थे और यहां के लोग सूखे बेरों के बदले नमक का व्यापार करते थे, इसलिए सुखार में एक कहावत प्रसिद्ध है।

*ठंडे पानी कूप भरे, मीठे बेर बेशुमार।*
*सौदा पतरा गंगाथाह, सुखिया लोग सुखार।।*

सुखार की एक खासियत और भी थीं यहां सभी जातियों के लोग बड़े ही सद्भाव से रहते थे और विभाजन से पूर्व यहां मुस्लिम परिवारों की संख्या बहुत बड़ी थी और वे लोग कपड़े बनाने का काम करते थे।

कहते हैं यहां 100 खड्डियां चलती थीं और उनमें बहुत ही उच्च क्वालिटी का कपड़ा बनता था। कहा तो यह भी जाता है कि यहां ढाका की मलमल से भी बारीक कपड़ा बनता था, लेकिन भारत पाक विभाजन के समय यहां के अधिकतर मुस्लिम परिवार पाकिस्तान पलायन कर गए और सुखार एक बार फिर से उजड़ गया। 70 के दशक में पौंग बांध बनने के पश्चात बहुत से विस्थापित इस गांव में आकर बस गए और सुखार फिर आबाद हो गया। आज सुखार पंचायत की आबादी 5 हजार से अधिक है और पंचायत प्रधान सोनिका देवी की अगुवाई में सुखार निरंतर विकास के पथ पर है।

### सलाहन को सड़क से जोड़ना मेरा लक्ष्य

**वर्ष** 2015 में सोनिका देवी को सुखार पंचायत की कमान सौंपी गई। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए सरनूह के श्मशानघाट और बाबे की कुटिया के कायाकल्प का बीड़ा उठाया और आज 10 साल बाद ये दोनों ही स्थान दर्शनीय स्थान बन गए हैं। श्मशानघाट में व्यवस्थित पौधरोपण के माध्यम से दूर से यह किसी पार्क जैसा दिखता है और दूरदराज से जब लोग अपनों को अंतिम विदाई देने आते हैं तो एक पल के लिए वे अपना दुख भूल जाते हैं और श्मशानघाट की सुंदरता में खो जाते हैं। बाबे की कुटिया में नजारा और भी खूबसूरत है। यहां पर वॉलीबॉल, बेडमिंटन कोर्ट और झूलों से सुसज्जित चिल्ड्रन पार्क के साथ-साथ सुंदर स्विमिंग पूल बर्बस ही ध्यान अपनी तरफ खींचता है। हरिजन बस्ती और सरनूह 2 आदर्श मोहल्लों के रूप में विकसित हुए हैं। पीएचसी को बहाल करना, कम्युनिटी हॉल बनाना और सलाहन गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना प्रधान सोनिका देवी की प्राथमिकता है, जबकि सुखार का हर घर सड़क या पक्की गली से जोड़ दिया गया है। सोनिका देवी की कामयाबी में उनके पति अश्वनी कुमार का बहुत योगदान है जो स्वयं विकासखंड नूरपुर के कार्यालय में उप पंचायत निरीक्षक के पद पर तैनात हैं।


सोनिका देवी
प्रधान

### शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना लक्ष्य

**सुखार** गांव में सरकारी क्षेत्र में एक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कार्यरत है। शेष हिमाचल की भांति यहां भी छात्रों की संख्या घट रही है, लेकिन विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश शर्मा का कहना है कि स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना उनका मुख्य लक्ष्य है और वह इस दिशा में काम कर रहे हैं। स्कूल के ही प्रवक्ता अरुण पठानिया का कहना है कि इस विद्यालय के छात्र अतीत की तरह आज भी विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं और सुखार का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी विद्यालय से पढ़कर शम्मी कोटिया सैंज मंडी में बिजली बोर्ड में अधिशाषी अभियंता और सचिन बांसल नूरपुर में ग्रामीण बैंक में बतौर मैनेजर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्कूल को अपने इन हीरों पर गर्व है।


अविनाश शर्मा
प्रधानाचार्य

### सुखार के हीरे जो बिखेर रहे हैं अपनी चमक

**सुखार** पंचायत न केवल विकास अपितु शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी रही है। सुखार की सरकारी पाठशाला से निकल मेजर संजीव कुमार आज भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में तैनात हैं। संजीव कुमार ने साल 2014 में कमीशन लिया और भारतीय सेना में प्रवेश किया था। आज वह गंगटोक में मेजर के पद पर भारतीय सेना में तैनात हैं। डॉ. विवेक शर्मा सुखार के एकमात्र डॉक्टर हैं जो एमबीबीएस करने के बाद अब डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में एमडी कर रहे हैं। इससे पूर्व सुखार निवासी स्व. प्रोफेसर अश्वनी शर्मा ने अंग्रेजी साहित्य में मास्टर्स डिग्री में समूचे प्रदेश में अबल रहे थे और बाद में कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात हुए थे, लेकिन दुर्भाग्यवश सेवानिवृत्ति से पूर्व ही हृदयाघात से ईश्वर की शरण में चले गए। सुखार की सविता राजपूत पर भी सुखर को गर्व है वह नर्सिंग लेफ्टिनेंट के रूप में सेना में भर्ती हुई थीं और आज वह लखनऊ में कैप्टन के पद पर तैनात हैं। कर्नल बलदेव अधिकारी के बाद मेजर संजीव कुमार और कैप्टन सविता राजपूत सेना में किसी बड़े पद पर कार्यरत हैं।

### युवाओं को सेना में अधिकारी के रूप में होना चाहिए भर्ती

73 वर्षीय कैप्टन दलेर सिंह पठानिया सुखार के ठठर गांव के निवासी हैं। भारतीय सेना में 32 साल की सेवा उपरांत वे अब समाजहित और सेवानिवृत्त व शहीद सैनिकों के परिवारों की मदद कर रहे हैं। वह आखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में समूचे प्रदेश में पूर्व सैनिकों या वीर नारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर रहते हैं। दलेर सिंह का मत है कि हमें अपने युवा बच्चों को सेना में विशेषकर अधिकारी के रूप में भर्ती होने के लिए प्रेरित करना चाहिए और इस दिशा में वह हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। राजनीति के बारे में उनका मत है कि आज राजनीति का स्तर काफी गिर गया है और लोग राजनीति के कारण अपने निजी रिश्ते खराब कर लेते हैं और चुनाव के बाद भी प्रतिद्वंद्वता लेकर बैठ जाते हैं।


कैप्टन दलेर पठानिया

### सोमराज और नवीन सिंह कामयाब उद्यमी

**सोमराज** सुखार गांव के निवासी है और सेना में 24 साल नौकरी के उपरांत वे घर आए। घर आकर उन्होंने एल्यूमीनियम फिटिंग का काम शुरू किया। काम करने की लग्न थी, मेहनत की और धंधा चल निकला। सोमराज के सपने बड़े थे और वह कुछ बड़ा करने इच्छा रखते थे उन्होंने एल्यूमीनियम कोटिंग और मोल्डिंग का प्लांट लगा लिया। यहां मेहनत की जरूरत थी तो सोमराज ने दिन रात एक कर दिया। उसका परिणाम यह है कि आज 100 किलोमीटर के दायरे में विभिन्न रंगों में कोटेड उसकी एल्यूमीनियम की आपूर्ति होती है।


सोमराज


नवीन सिंह

**गांव के ही एक अन्य नवीन सिंह इस समय सुखार**-धनेटी वार्ड से ब्लॉक समिति के सदस्य हैं। राजनीति और उद्यमशीलता उन्हें अपने स्व. पिता निरंजन सिंह से मिली हैं। वे भी सुखार पंचायत से ब्लॉक समिति के सदस्य रह चुके हैं। अपने पिता से विरासत में मिली सत्या फ्लोर मिल और राइस शेलर को नवीन बड़ी ही कुशलता से संचालित कर रहे हैं जो कि स्वरोजगार के लिए युवाओं के समक्ष एक उदाहरण हैं। उद्यमी होने के साथ-साथ नवीन ब्लॉक समिति सदस्य हैं और अपनी निधि को समाज हित में खर्च कर रहे हैं।

### गांव के सबसे वयोवृद्ध व्यक्ति हैं मेला राम

**सुखार** गांव के ही मेला राम अपने जीवन के 100 साल पूरे कर चुके हैं। वह अपनी स्वस्थता का राज अपने सरल जीवन पद्धति और स्वच्छ और शुद्ध खानपान को देते हैं। समाज में आए बदलावों और संस्कारों के तिरस्कार पर वह चिंतित दिखते हैं। वह कहते हैं कि उनके जमाने में लोग रोजी-रोटी को मोहताज रहते थे और लोग अभावों में भी संतुष्ट थे। पीने के पानी की किल्लत रहती थी और आज की तरह सड़क सुविधा का भी अभाव ही था और लोग पैदल बहुत अधिक चलते थे। बाबजूद इसके लोगों में भाईचारा बहुत अधिक था।


मेला राम डडवाल

# 22 साल बाद ऊहल तृतीय जलविद्युत परियोजना से बिजली उत्पादन शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

22 साल के लंबे इंतजार के बाद ऊहल तृतीय जलविद्युत परियोजना में वीरवार से बिजली उत्पादन शुरू हो गया। परियोजना के तहत यूनिट नंबर दो ने अपनी निर्धारित 33.33 मेगावाट क्षमता से अधिक 36.70 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया है। परियोजना प्रबंधन आने वाले दिनों में यूनिट नंबर एक और तीन से भी विद्युत उत्पादन शुरू करने की तैयारी में है।


जानकारी देते हुए जीवन ठाकुर, साथ हैं अन्य।

बोर्ड प्रबंधन के अनुसार, जब तीनों यूनिटों से उत्पादन शुरू हो जाएगा, तो सालाना कुल 400 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इससे प्रदेश सरकार को 200 से 250 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। परियोजना के पावर हाउस में स्थापित 33.33 मेगावाट की यूनिट नंबर एक और तीन में फरवरी माह में बिजली उत्पादन शुरू होने की संभावना है। वहीं, जून में जब जल प्रवाह बढ़ेगा, तो 110 मेगावाट का बिजली उत्पादन भी शुरू होगा। सरकार को सालाना 200 करोड़ से अधिक राजस्व मिलेगा। प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने लडभड़ोल में कहा कि ऊहल तृतीय जलविद्युत परियोजना में लंबे इंतजार के बाद बिजली उत्पादन शुरू होना प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

**संकट** जलवायु परिवर्तन की जटिलता से चटक धूप के तेवर बरकरार, बारिश-बर्फबारी का नाम नहीं

# मौसम की बेरुखी से किसानी-बागवानी की डगर कठिन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

जलवायु परिवर्तन की जटिलता का असर हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य में साफ देखने को मिल रहा है। बर्फबारी व बारिश का दायरा सिमटने से सूखे की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। उन्नत पर्वत शृंखलाओं के साथ-साथ मध्यम व निचले इलाकों में चटक धूप के तेवर बरकरार हैं।



जनवरी 2025 के मौसमी तेवर पर नजर डालें, तो 1901 के पश्चात सबसे कम बारिश दर्ज हुई है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, फिर भी रिकॉर्ड नौवीं बार ऐसी विषम परिस्थितियां बनी हैं। अबकी बार स्थिति बिलकुल विपरीत है। यहां पर एक जनवरी से एक फरवरी तक 85.3 मिलीमीटर की सामान्य वर्षा के मुकाबले महज 13.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो औसत के मुकाबले बेहद ही मामूली है। (अनंत ज्ञान)

### 124 साल बाद बने ऐसे हालात

**विडंबना** यह है कि लगभग 124 साल बाद ऐसे हालात बने हैं। सर्दी का दायरा सिमटने से जाहिर तौर पर किसानी-बागवानी की डगर डगमगाने लगी है। किसान अपने खेतों में कई प्रमुख फसलों के बीजों की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं और बागवान अपनी बागवानी से संबंधित कार्य निपटाने की उधेड़बुन में फंसे हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि व नए पौधे लगाएं या नहीं, बर्फबारी की कमी से पुराने पौधा पर भी संकट मंडराने लगा है। साल दर साल मौसम की प्रतिकूलता से सेब के बाग उजड़ने की नौबत आने लगी है। पांच से सात करोड़ सेब पेटी का उत्पादन होने का आंकड़ा सिमटने लगा है। विगत पांच सालों के उत्पादन पर गौर करें तो ये महज आधा रह गया है। अब ढाई से तीन करोड़ के आस-पास ही उत्पादन हो पा रहा है।

### असमय बारिश दूसरी बड़ी परेशानी

**असमय** बारिश एक दूसरी बड़ी परेशानी बनकर उभरी है। ऐसी बारिश उपजाऊ मिट्टी के क्षरण की सीधे जिम्मेदार है, जिससे सभी तरह की फसलें प्रभावित हो रही हैं। अगर मौसम विभाग के अनुमानों व आंकड़ों पर गौर करें, तो इसकी सटीक भविष्यवाणी पर भी सवाल उठने लगे हैं। ज्यादातर अलर्ट मामलों में ये पिछड़ रहे हैं, जिससे किसान-बागवान लगातार असमंज के घेरे में फंसा हुआ स्वयं को असहाय महसूस कर रहा है।

### जनवरी माह में 84 फीसदी कम बारिश

**दूसरी** तरफ इसी मौसम विभाग का आंकड़ा सामने आया है, जिसमें जनवरी से अभी तक सबसे कम वर्षा 0.3 मिलीमीटर 1966 में दर्ज की गई थी। इसके बाद 2024 में 6.8 मिलीमीटर और 2018 में नौ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। हैरानीजनक पहलू यह है कि जनवरी माह में 84 फीसदी कम बारिश हुई, जो बेहद ही डराने वाले आंकड़े हैं। यहां पर 12 जिलों में से कुल्लू जिले में 76 फीसदी व हमीरपुर और ऊना जिले में 95 प्रतिशत तक कम बारिश हुई।

### फरवरी में भी रहा सूखा तो बिगड़ेंगे हालात

**मौसम** विभाग का कहना है कि लाहौल-स्पीति जिले में बादल 77 फीसदी कम बरसे, जबकि सोलन और किन्नौर में 93 प्रतिशत, चंबा में 88 प्रतिशत, मंडी में 85 प्रतिशत और सिरमौर में 80 प्रतिशत कम बारिश हुई। कुल मिलाकर अगर फरवरी माह भी यूं ही सूखे की जद में रहता है तो जाहिर तौर पर आने वाले दिनों में स्थितियां बेहद भयावह रहने वाली हैं। फिलहाल मौसम विभाग अगले एक से दो रोज के बीच एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का दावा जरूर कर रहा है, मगर लगता नहीं की ये दावा सही साबित हो पाएगा।

# सर्प दंश

## सांप काट ले तो तुरंत करें उपचार

**सबको** विदित है कि सांप का काटना एक ऐसी दुर्घटना है। अगर इसका तुरंत इलाज नहीं किया जाए तो उससे जान भी जा सकती है। सांप काटने पर सबसे जरूरी है कि उसके लक्षणों की पहचान की जाए और उसका तुरंत उपचार किया जाए। झाड़फूंक में समय बर्बाद करने से रोगी की जान को खतरा हो सकता है। हालांकि हिमाचल में अधिकांश सांप जहरीले नहीं होते, लेकिन यहां कोबरा प्रजाति अधिक है, जिसके चलते किसी घटना को सामान्य नहीं लिया जा सकता है।

### सांप के काटने पर शरीर में दिखने वाले लक्षण

**जहरीले** सांप के काटने से शरीर में कई तरह के लक्षण पैदा हो सकते हैं जैसे काटने वाली जगह पर दर्द और सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कंपकंपी, एलर्जी, पलकों का गिरना, घाव के चारों ओर सूजन, जलन, लाल होना, त्वचा के रंग में बदलाव, दस्त, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, जी मिचलाना, मांसपेशियों की कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खून बहना, बहुत पसीना आना और अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना शामिल है।



डॉ. सुमित दूबे
एनेस्थीसिया विशेषज्ञ
देवभूमि अद्वैता अस्पताल ऊना (हि.प्र.)



### तुरंत उपचार से बच सकती है जान

*जानवरों में सांप सबसे खतरनाक और ज़हरीला जानवर माना जाता है। तेजी से हो रहे बदलाव मसलन शहरीकरण ने सांपों का ठिकाना बदल दिया है अब वो जंगलों से निकलकर शहरों तक पहुंचने लगे हैं। सांप का नाम सुनते ही रोंगटे खड़े होने लगते हैं और अगर सांप सामने आ जाए तो होश उड़ जाते हैं। सांप का काटना घातक हो सकता है। हर साल लाखों मौतें सांप के काटने से होती हैं। कुछ सांप ज्यादा जहरीले होते हैं तो कुछ कम जहरीले होते हैं। कम जहरीले सांप के काटने से भी स्थिति गंभीर हो सकती है। कम विषैले सांप का जहर फैलने में कई घंटे लग सकते हैं।*

### सांप के काटने पर क्या करें

सांप के काटने पर पीड़ित इनसान को थोड़ा ज्यादा घी खिलाकर उसे उल्टी करवा दें ताकि जहर अंदर नहीं फैल सके। पीड़ित इंसान को 10-15 बार गुनगुना पानी पीलाएं और उसे उल्टी करने को कहें। इससे सांप के जहर का असर कम होगा। कंटोला की सब्जी अगर आसानी से मिल जाए तो उसे पीसकर उस जगह लगाएं जहां सांप ने काटा है। इससे जहर का असर कम होगा साथ ही इंफेक्शन का खतरा भी नहीं होगा। आप लहसुन को पीसकर उसमें शहद मिलाकर प्रभावित हिस्से पर लगा सकते हैं। सांप काटने पर तबियत बिगड़ने का इंतजार नहीं करें, बल्कि इमरजेंसी ट्रीटमेंट के लिए मरीज को अस्पताल लेकर जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है उस स्थान को बिलकुल नहीं हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें। सांप के काटने के समय का ध्यान रखें। अब ऊना में भी आपको किसी भी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की चौबीस घंटे इमरजेंसी सेवाएं मिल सकेंगी। इसके लिए ऊना के देवभूमि अद्वैता अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट की शुरुआत हो गई है। सांप ने काटा या करेंट लगे, हार्ट अटैक के साथ साथ सांस की समस्या और अन्य गंभीर रोगियों को इस अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

*प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना*


### देवभूमि अद्वैता अस्पताल ऊना में सटीक उपचार

**सर्प** दंश के उपचार के लिए अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनरी और सुविधाएं मौजूद हैं। अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ताहिर सलीम बट अब तक दो सौ से अधिक लोगों की जान बचा चुके हैं। गंभीर हृदय रोगियों को भी यहां लाभ मिलेगा। इसके अलावा पेट से जुड़े रोगियों के लिए गैस्ट्रोलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टर तेजस्वी एम, एमडी मेडिसिन डॉक्टर शैलेंद्र रावल और एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. सुमित दूबे अपनी सेवाएं देकर गंभीर रोगियों को राहत पहुंचा रहे हैं। अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. हरजिंदर सिंह ने बताया कि अस्पताल में विश्व स्तरीय सेवाएं मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध करा रहा है। इससे पहले ऐसी सुविधाएं देश के चुनिंदा शहरों में मिलती थीं। इस अस्पताल की निदेशक मोनिका सिंह ने बताया कि दिल के रोग से ग्रस्त रोगियों को अत्याधुनिक तकनीक से उपचार दिया जा रहा है। यहां नाममात्र दाम पर किडनी रोग से जुड़े रोगियों को डायलिसिस की सुविधा भी दी जा रही है। अस्पताल का प्रबंधन देख रहे डीआर जरियाल ने बताया कि हिमाचल में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सीसीयू इस अस्पताल में उपलब्ध है, जो अपने आप में एक मिसाल बन चुका है। अस्पताल इन सुविधाओं से कई लोगों की बेशकीमती जिंदगी को बचा चुका है।

# खान-पान में लापरवाही गुर्दे की पथरी का अहम कारण

## मूत्र विसर्जन में दिक्कत से चलता है गुर्दे की पथरी का पता

गुर्दों में पथरी होना अत्यंत कष्टदायक होता है। जब कभी भी खान-पान में थोड़ी अव्यवस्था हो या मिर्च मसाले युक्त भोजन की अधिकता या फिर ज्यादा श्रम करने से पानी की कमी हो तो पथरी के रोगी को भयंकर दर्द के साथ ही मूत्र विसर्जन में दिक्कत आ जाती है। दर्द हमेशा पेट के आगे से पीठ की तरफ जाता है। रोगी को दर्द के साथ बेचैनी, उल्टी और तीव्र बुखार भी हो सकता है। गुर्दे में पथरी दोनों ही गुर्दों में या फिर दाएं या बाएं गुर्दे में से किसी एक, मूत्र नलिका, वृक्क मूल व मूत्राशय में पाई जाती है। आयुर्वेद मतानुसार अश्मरी वातज, पित्तज, कफज तथा शुक्रज चार प्रकार की होती है, जिनका समावेश हम कैल्शियम ऑक्सालेट व कैल्शियम फॉस्फेट के रूप में कर सकते हैं। आधुनिक खोजों से यह तो तय है कि पथरी बनने का कारण विशुद्ध रूप से चयापचय में असुंतलन ही है, लेकिन आहार-विहार भी पत्थरी बनाने में अहम माना जाता है। गुर्दे की पथरी का पता अचानक ही चलता है, जब रोगी को मूत्र विसर्जन में दिक्कत आती है। पेशाब जलन के साथ रुक-रुककर आता है और मूत्राशय के आसपास पेट में तीव्र व असहनीय दर्द होता है। तब पेशाब की सूक्ष्म जांच करने से अश्मरी का पता चलता है। गहन जांच से पथरी की स्थिति का पता चल जाता है तथा तदानुसार औषधीय या शल्य उपचार किया जाता है।





### आयुर्वेद पद्धति से करें उपचार

आयुर्वेद में गुर्दे व मूत्रवहसंस्थान की पथरी का बृहत् उपचार वर्णित है। आयुर्वेद में अश्मरी भेदक और मूत्रल दोनों प्रकार की औषधियां सेवन करवाई जाती हैं, जो पथरी को तोड़ कर बाहर निकलने में सफल रहती है। इनमें पाषाणभेद, वरुण, गोखरू, अपामार्ग, कलमिसोरा, जवाखार, पुनर्नवा, कुल्थी, पंचत्रिणमूल, शिलाजीत शीतलमिर्च, अनंतमूल और श्वेतपर्पटि इत्यादि के अनेकों योग प्रमुख हैं। हालांकि, इस बात का हमेशा ध्यान रहे कि अगर पथरी का आकार बड़ा हो और गुर्दे के बीचोंबीच स्थित हो तो तुरंत शल्य चिकित्सक से संपर्क कर उपचार करवाना चाहिए। इस बात का हमेशा ध्यान रहे कि गुर्दे की पथरी सर्जरी करवाने के बाद दोबारा भी हो जाती है। उस दशा में रात्रि विश्राम के दौरान हर 3-4 घंटे में पानी पीना चाहिए, ताकि पथरी बनने में रुकावट बनी रहे। ऐसा माना जाता है कि पथरी रात को जब गुर्दे हॉरिजेंटल दशा में होते है तो पथरी जल्दी बनती है। अगर बार-बार पानी पीते रहेंगे, तो कैल्शियम के साथ ऑक्सालेट/फॉस्फेट का योग नहीं हो पाएगा और पथरी दोबारा नहीं बन पाएगी या फिर कम मात्रा में बनेगी। हालांकि आयुर्वेद उपचार के नाम पर कुछ संस्थाओं द्वारा अनुभूत योगों के साथ शर्तिया उपचार करने के दावे किये जाते हैं तो उस स्तिथि में यही सलाह है कि हर किसी से उपचार करवाने की बजाय अच्छे अनुभवी चिकित्सक व गुणवत्ता प्राप्त औषधियों का ही सेवन करें। क्योंकि गलत उपचार हो जाने पर गुर्दों में खराबी आ जाने का अंदेशा रहता है। पथरी का आयुर्वेद सम्मत उपचार तो करें पर सजग रह कर ही करना चाहिए।



डॉ.रामस्वरूप चांद
(बीएएमएस, डीएनएनवाई)





# मोटापे से जानलेवा बीमारियों का रिस्क

## बचाव करने में ही भलाई, खान-पान का परहेज जरूरी

**खानपान** की खामियों से हर आयु वर्ग के लिए मोटापा अभिशाप बनता जा रहा है। यह कई जानलेवा बीमारियों की वजह बनता है। इससे हृदय रोग और मधुमय की बीमारी का जोखिम बढ़ जाता है। लिहाजा मोटापे से बचने के लिए या इसे दूर करने के लिए जरूरी है कि लाइफस्टाइल में कुछ आवश्यक सुधार किए जाएं। मोटापा खराब डाइट और लाइफस्टाइल की वजह से एक महामारी की तरह फैल रहा है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ.एनके गुप्ता ने कहा कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक साल 2016 में दुनियाभर में लगभग 4.1 करोड़ बच्चे, जिनकी आयु 5 वर्ष से कम थी, मोटापे से जूझ रहे थे। इन बच्चों में ज्यादातर शहरी इलाकों में रहने वाल बच्चे शामिल थे। मोटापा कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का रिस्क फैक्टर्स है, जिससे बचाव करने में ही भलाई है। डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि मोटापे से बचा जा सकता है और इसे कम भी किया जा सकता है। इसके लिए लाइफस्टाइल में कई जरूरी बदलाव करने की जरूरत पड़ेगी।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

### दिल की बीमारियां और डायबिटीज

**मोटापा** दिल की बीमारियों को जोखिम कई गुणा बढ़ा देता है। मोटापे की वजह से ब्लड प्रेशर और सूजन बढ़ने लगता है और ये दोनों ही फैक्टर्स दिल की बीमारियों को आमंत्रण देते हैं। कोलेस्ट्रॉल लेवल भी बढ़ जाता है, जिसके कारण आर्टरीज ब्लॉक हो सकती हैं और हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसलिए मोटापे की वजह से बच्चों में दिल की बीमारियों का खतरा काफी अधिक होता है। मोटापा डायबिटीज का एक बड़ा कारण है। जो बच्चे मोटापे की चपेट में होते हैं, उनमें डायबिटीज का खतरा काफी बढ़ जाता है। डायबिटीज में शरीर का ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है, जिसके कारण शरीर के अन्य अंग, जैसे आंखें, लिवर, किडनी, नर्व्स आदि को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही, मोटापे की वजह से सूजन भी बढ़ती है, जिसके कारण इंसुलिन सेंसिटिविटी प्रभावित होती है।

**ऐसे बचें मोटापे से :** हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करें। कोशिश करें कि आपका बच्चा टीवी और कंप्यूटर के सामने कम समय बिताए और फिजिकल एक्टिविटीज करे। उन्हें बाहर का जंक और प्रोसेस्ड फूड कम से कम खिलाएं और नमक व शुगर की मात्रा भी कम करें। एक्सरसाइज करने की आदत डलवाएं। कोशिश करें कि आपका बच्चा रोज कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करें। अगर हेल्दी लाइफस्टाइल के बावजूद बच्चे का वजन कम नहीं हो रहा है, तो डॉक्टर से संपर्क करें।

*प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन*

*__सर्वाइकल__ कैंसर महिलाओं के गर्भाशय के निचले हिस्से (ग्रीवा) को प्रभावित करने वाला एक गंभीर रोग है। यह कैंसर मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के संक्रमण के कारण होता है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसर के मामलों में दूसरे स्थान पर है, लेकिन जागरूकता और समय पर जांच से इसे रोका जा सकता है।*



डॉ. क्रांति ठाकुर
आईवीएफ विशेषज्ञ व लैप्रोस्कोपी सर्जन
आस्था हॉस्पिटल पक्का भरो
कृष्णानगर, हमीरपुर

# सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण और बचाव

### सर्वाइकल कैंसर के कारण

**संक्रमण :** यह वायरस यौन संपर्क के जरिए फैलता है और इस बीमारी का सबसे बड़ा कारण है।

**समय पर जांच न कराना :** नियमित पैप स्मीयर टेस्ट न करवाने से यह बीमारी समय पर पकड़ में नहीं आती।

**कम उम्र में शादी या मां बनना :** इससे गर्भाशय में संक्रमण और बदलाव का खतरा बढ़ता है।

**धूम्रपान और अस्वस्थ जीवनशैली :** यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है।

### सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

**इस बीमारी के शुरुआती चरण में कोई विशेष लक्षण दिखाई नहीं देते। हालांकि, कुछ सामान्य लक्षण निम्नलिखित हो सकते हैं :**

- माहवारी के बीच या यौन संबंध के बाद असामान्य रक्तस्राव।
- गुप्तांग से दुर्गंधयुक्त स्राव (डिस्चार्ज)।
- पेट के निचले हिस्से या कमर में दर्द।
- थकान, वजन कम होना या भूख में कमी।

इनमें से कोई भी लक्षण नजर आएं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### रोकथाम

**एचपीवी वैक्सीन लगवाएं:** यह वैक्सीन इस वायरस के संक्रमण को रोकने में मदद करती है।

**नियमित जांच:** हर 3 साल में पैप स्मीयर टेस्ट और एचपीवी टेस्ट करवाएं।

**यौन संबंधों में बरतें सावधानी:** स्वच्छता का ध्यान रखें और सुरक्षित यौन संबंध ही बनाएं।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं : धूम्रपान से बचें और संतुलित आहार लें।**



### उपचार

**अगर** इस बीमारी का समय पर पता चल जाए, तो इसका इलाज संभव है। शुरुआती चरण में सर्जरी के जरिए ही सर्वाइकल कैंसर को हटाया जा सकता है। सर्वाइकल कैंसर के उन्नत चरण में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी का उपयोग किया जाता है। नियमित जांच और समय पर इलाज से इस बीमारी से बहुमूल्य जान बचाई जा सकती है।

### जागरूकता ही पहला कदम

भारत में हर साल लाखों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित होती हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण इसका देर से पता चलता है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं को इस बीमारी के बारे में शिक्षित करना बहुत ज़रूरी है। हम सभी का कर्तव्य है कि अपनी और अपने परिवार की महिलाओं को इस बीमारी से बचाव के लिए प्रेरित करें।

# अर्टिकेरिया

## त्वचा पर लाल और खुजलीदार चकत्ते या उभार पित्ती की समस्या

अर्टिकेरिया को हिंदी में पित्ती या चर्चरी कहते हैं। ये एक त्वचा संबंधी समस्या है, जिसमें त्वचा पर लाल, खुजलीदार चकत्ते या उभार हो जाते हैं। इसे आम भाषा में हाइव्स भी कहते हैं। होम्योपैथिक डॉक्टर इसकी पूरी जानकारी लेते हैं। मानसिक स्थिति के लक्षण देखते हैं, जिससे अर्टिकेरिया होने का कारण पता चलता है। इस पद्धति से कोई भी कारण से अर्टिकेरिया होता है, उसको जड़ से मिटाया जा सकता है। जब आपके शरीर को किसी पदार्थ से एलर्जी होती है, तो आपका शरीर हिस्टामिन और अन्य रसायन रक्त में छोड़ता है। इससे खुजली, सूजन और अन्य लक्षण होते हैं। हाइव्स एक सामान्य प्रतिक्रिया है। जिन लोगों को अन्य एलर्जी, जैसे हे फीवर (परागज ज्वर) होती है, उन्हें अक्सर हाइव्स हो जाते हैं।



डॉ. निधि जोशी
गांधीनगर, गुजरात



### दो प्रकार की पित्ती

अल्पकालिक (तीव्र) और दीर्घकालिक (पुराने)। हालांकि, दोनों ही आमतौर पर जानलेवा नहीं होते, लेकिन गले में सूजन या किसी अन्य लक्षण के कारण सांस लेने में कठिनाई हो रही हो, तो तत्काल आपातकालीन चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है।

### पित्ती के लक्षण

शरीर की त्वचा की सतह पर सूजन, जो लाल या त्वचा के रंग के उभरे हुए चकत्तों (जिन्हें व्हील्स कहा जाता है) के रूप में दिखाई देती है, जिनके किनारे स्पष्ट रूप से परिभाषित होते हैं। व्हील्स अक्सर आकार बदलते हैं, गायब हो जाते हैं, और कुछ ही मिनटों या घंटों में फिर से प्रकट हो जाते हैं। त्वचा पर लाल या गुलाबी रंग के उभार। त्वचा पर बहुत अधिक खुजली होना या जलन। चकत्तों का आकार और स्थान बदलना। चकत्ते कुछ घंटों या दिनों तक रह सकते हैं। गंभीर मामलों में सूजन (एंजियोएडेमा) हो सकती है।

### पित्ती के कारण

- एलर्जी (खाने की चीजें, दवाइयां या परागकण)।
- कीड़ों का काटना।
- धूल या धूप से प्रतिक्रिया।
- मानसिक तनाव।
- ठंडा या गर्म तापमान।

### उपाय

घरेलू उपायों में ठंडी पट्टी लगाना या एलर्जी वाले कारकों से बचाव करना फायदेमंद हो सकता है। अगर आपको लगातार समस्या हो रही है, तो किसी होम्योपैथिक डॉक्टर से सलाह लेकर दवाई लें।



# सेप्सिस में तुरंत चिकित्सा सहायता लेना जरूरी

## समय पर देखभाल से बचा जा सकता है इस जानलेवा रोग से

सेप्सिस एक जानलेवा स्थिति है, जो तब होती है, जब शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली किसी संक्रमण के प्रति अत्यधिक प्रतिक्रिया करती है, जिससे अंग खराब हो जाते हैं। शरीर की प्रतिक्रिया से उसके अपने ऊतकों और अंगों को नुकसान पहुंचता है और इससे शॉक से कई अंगों की विफलता और कभी-कभी मृत्यु भी हो सकती है, खासकर अगर समय रहते इसका पता न चल पाए और तुरंत इलाज न हो। इसलिए अधिकांश रोगियों को आईसीयू देखभाल की आवश्यकता होती है, ताकि शुरुआती निदान और उपचार दिया जा सके।



डॉ. बंटी सिरकेक
एमबीबीएस, एमडी
(एनेस्थिसियोलॉजी)
सिटी अस्पताल, पालमपुर रोड कांगड़ा

### सेप्सिस के सामान्य लक्षण

कांगड़ा सिटी अस्पताल के एमबीबीएस, एमडी (एनेस्थिसियोलॉजी), ईडीआईसीएम (क्रिटिकल केयर मेडिसिन) डॉ. बंटी सिरकेक के अनुसार सेप्सिस किसी को भी हो सकता है, लेकिन जो लोग बड़े हैं, बहुत छोटे हैं, गर्भवती हैं या जिन्हें अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हैं, उनमें इसका जोखिम अधिक होता है। सेप्सिस के सामान्य लक्षणों में बुखार, तेज हृदय गति, तेज सांस लेना, भ्रम और शरीर में दर्द शामिल हैं। इससे सेप्टिक शॉक, कई अंगों की विफलता और मृत्यु हो सकती है। सेप्सिस आमतौर पर जीवाणु संक्रमण के कारण होता है, लेकिन यह वायरस, परजीवी या कवक जैसे अन्य संक्रमणों का परिणाम भी हो सकता है। इसके उपचार के लिए चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है, जिसमें रोगाणुरोधी, अंतःशिरा तरल पदार्थ और अन्य उपाय शामिल हैं। डॉ. बंटी सिरकेक का कहना है कि स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में होने वाला सेप्सिस सबसे अधिक बार होने वाली प्रतिकूल घटनाओं में से एक है और हर साल दुनिया भर में करोड़ों रोगियों को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संक्रमण रोगजनकों के कारण होते हैं जो अक्सर दवाओं के प्रति प्रतिरोधी होते हैं और तेजी से बिगड़ती नैदानिक स्थितियों का कारण बन सकते हैं।



### क्रिटिकल केयर बहुत महत्वपूर्ण

डॉ. बंटी सिरकेक का कहना है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध उपचार के प्रति नैदानिक अनुत्तरदायीता और सेप्सिस और सेप्टिक शॉक के तेजी से विकास को निर्धारित करने वाला एक प्रमुख कारक है। प्रतिरोधी रोगजनकों वाले सेप्सिस रोगियों में अस्पताल में मृत्यु दर का जोखिम अधिक पाया गया है। संक्रमण के खिलाफ निवारक उपायों को लागू करना, जैसे कि अच्छी स्वच्छता प्रथाएं, टीकाकरण कार्यक्रमों तक पहुंच सुनिश्चित करना, बेहतर स्वच्छता और पानी की गुणवत्ता और उपलब्धता, और समुदाय और स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स दोनों में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के अन्य सर्वोत्तम अभ्यास, सेप्सिस की घटना को कम करने में महत्वपूर्ण कदम हैं। सेप्सिस का शीघ्र निदान और समय पर और उचित नैदानिक प्रबंधन, जैसे कि इष्टतम रोगाणुरोधी उपयोग और द्रव पुनर्जीवन, जीवित रहने की संभावना को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसमें क्रिटिकल केयर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भले ही सेप्सिस की शुरुआत तीव्र हो सकती है और अल्पकालिक मृत्यु दर का बोझ पैदा कर सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण दीर्घकालिक रुग्णता का कारण भी बन सकती है जिसके लिए उपचार और सहायता की आवश्यकता होती है। इस प्रकार, सेप्सिस के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण और आईसीयू देखभाल की आवश्यकता होती है।

### उपचार

*सेप्सिस का इलाज सबसे प्रभावी तब होता है जब इसे जल्दी शुरू किया जाता है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता चिंताजनक संकेतों पर नजर रखते हैं और सेप्सिस का निदान करने के लिए परीक्षणों का उपयोग करते हैं। बैक्टीरिया, परजीवी, कवक या वायरस के इलाज के लिए रोगाणुरोधी दवाओं का समय पर और विवेकपूर्ण उपयोग सेप्सिस से होने वाले परिणामों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक है।एंटीबायोटिक प्रतिरोध उपचार को और अधिक कठिन बना सकता है। इसलिए रोगाणुरोधी दवाओं का विवेकपूर्ण उपयोग बहुत आवश्यक है। संक्रमण नियंत्रण सावधानियों का पालन सभी स्वास्थ्य सेवा कर्मियों द्वारा किया जाना चाहिए। प्रारंभिक अवस्था में सेप्सिस से निपटने के लिए आम जनता के बीच जागरूकता महत्वपूर्ण है ताकि समय पर उपचार शुरू किया जा सके।*

*प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला*

## न्यूज ब्रीफ

### खैरा स्कूल डिजास्टर मैनेजमेंट मॉडल में प्रथम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा के वोकेशनल एजुकेशन के दो बच्चों सचिन व अभिषेक ने जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खैरा स्कूल के बच्चों ने डिजास्टर मैनेजमेंट (भूकंप) विषय पर वर्किंग मॉडल बनाया, जिसमें वह प्रथम स्थान पर रहे। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा, एसएमसी प्रधान राकेश कुमार व विद्यालय के अध्यापकों ने बच्चों को और वोकेशनल विषय के अध्यापकों वीरेंद्र राणा व आरजू शर्मा को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### केंद्र सरकार का बजट सराहनीय : सुरजीत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** किसान सभा रियासत डाडा सीबा स्थित सयूल खड्ड के अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया ने भारत सरकार के वित्त मंत्री द्वारा लोकसभा में वर्ष 2025, 26 के लिए पेश किया गया बजट एक सराहनीय बजट है जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है इस बजट में मध्य वर्ग के कर्मचारियों को वरिष्ठ नागरिकों इनकम टैक्स में काफी राहत की उम्मीद लग रही है जिससे सरकार की जमा पूंजी में बढ़ोतरी की संभावनाएं दिख रही हैं वित्त मंत्री द्वारा बजट में शिक्षा दवाइयां,छोटे उद्योगों मेडिकल कॉलेज, आईआईटी व विकसित भारत के लिए दुर्गामी प्रभाव पड़ेंगे बजट में किसानों के लिए कोई विशेष राहत नहीं दी गई फिर भी बजट देश हेतु व प्रदेश हित में सराहनीय है।

### निरंकारी भवन मारंडा में विशाल सत्संग आयोजित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** निरंकारी सत्संग भवन मारंडा में कांगड़ा व चम्बा के सेवादल क्षेत्रीय संचालक तिलक राज डोगरा ने त्रैमासिक मीटिंग में सेवादल को उचित दिशानिर्देश दिए। इस बीच विशाल सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग में क्षेत्रीय संचालक ने अपने यथार्थ वचनों में कहा कि सत्संग केवल सतगुरु की कृपा से मिलता है, जोकि गुरसिख के लिए प्रसाद है। सत्संग में अमृतवाणी की जो पावन वर्षा होती है गुरसिख उसको अमन में लाकर अपने जीवन को धन्य बनाता है। क्योंकि सत्संग में ही रूह को अध्यात्मिकता की खुराक प्राप्त होती है। जो उसके जीवन को वसर करने में सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि सतगुरु सारे संसार के लिए ही आता है।वह सारी मानवता में प्रेम, नम्रता, भाईचारा, एकता, मिलनसारी का पैगाम देकर एकता का सूत्र स्थापित करता है। सद्गुरु की शरण में जो भी जिज्ञासु समर्पित होता है वह भक्ति की राह को अपनाकर गुरसिखी वाला जीवन व्यतीत करता है।इस दौरान उपस्थित सारी संगत इस अमृतवाणी को श्रवण कर के निहाल हुई।

### पुन्नर स्कूल बीएफएसआई ट्रेड में प्रथम



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** डाइट कांगड़ा के सौजन्य से वोकेशनल ट्रेड्स की जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्नर के विद्यार्थियों नितिन व साहिल ने बीएफएसआई ट्रेड में जिला स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित किया। विद्यार्थियों को शिक्षा उपनिदेशक इंस्पेक्शन विंग कंचन ज्योति व डाइट प्रधानाचार्या नीना पुंज ने सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू ठाकुर ने इस शानदार उपलब्धि पर विजेता विद्यार्थियों व बीएफएसआई ट्रेनर गुरु स्वरूप को विशेष रूप से बधाई दी। उनके अनुसार सरकारी विद्यालयों में वोकेशनल शिक्षा ने विद्यार्थियों में रोजगारपरक शिक्षा के द्वार खोले हैं व यह शिक्षा सरकार की एक सराहनीय पहल है।

### द हंस फाउंडेशन ने जांचा 30 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डरोह।** द हंस फाउंडेशन की ओर से पंचरुखी ब्लॉक के छत्तर गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान फाउंडेशन के चिकित्सक द्वारा स्थानीय लोगों को टी बी रोग पर जागरूक किया गया। इसमें उन्होंने इस रोग के बचाव व उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर में लाभार्थियों के निशुल्क लैब टेस्ट किए गए, जिसमें शुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड , खून की जांच इत्यादि की गई। इस शिविर में हंस फाउंडेशन के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दीक्षा कुमारी, चिकित्सक देवप्रिया, फार्मासिस्ट आकृति, लैब टेक्नीशियन सोनू कुमार और पायलट अनिल कुमार का अहम योगदान रहा।

### हाड़ा में ओवरहेड वाटर टैंक की हालत खराब

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जलशक्ति विभाग उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ती पंचायत हाड़ा में बने ओवरहेड टैंक की हालत दिन -प्रतिदिन खराब होती जा रही है। इस पर स्थानीय लोगों ने टैंक की मरम्मत करने के लिए कई बार विभाग को भी रोकने की अपील की है। इसी विषय पर रविवार को जानकारी देते हुए स्थानीय निवासी राम कुमार ने बताया उक्त टैंक करीब 20 वर्ष पूर्व बना था, जिसमें कई सालों तक विभाग द्वारा पानी नहीं डाला गया था। अब डाला गया है तो लीकेज करने टैंक की स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने व अन्य लोगों ने विभाग से टैंक की मरम्मत करने के साथ ही लीकेज को भी रोकने की अपील की है। उनका कहना है जिस पेयजल स्कीम से उक्त टैंक में पानी डाला जाता है वह स्कीम मोबाइल से ऑपरेट होती है, जिसे एक बार चलाने के बाद बंद करना भूल जाते हैं, जिस कारण टैंक ओवरफ्लो होता रहता है व पानी की बर्बादी होती है। वहीं इस पर जब विभागीय सहायक अभियंता अमित संधवा के साथ फोन पर बात की तो उन्होंने कहा जल्द स्थिति का जायजा लेकर उचित पग उठाए जाएंगे।

### बसंत पंचमी पर करवाई पतंगबाजी में वैभव अव्वल

**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या मंदिर खातेड़ धर्मशाला में आज बसंत पंचमी बड़ी धूमधाम से मनाई। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि आज स्कूल के प्रांगण में सभी अध्यापक अध्यापको व बच्चों ने बसंत पंचमी मनाई इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत पंचमी का त्योहार देवी सरस्वती के महत्व को दर्शाता है। देवी सरस्वती बुद्धि ज्ञान संगीत कला और विज्ञान की देवी है। शर्मा ने कहा के बसंत पंचमी को श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। इस उपलक्ष में नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों द्वारा बसंत पतंग बाजी की गई जिसमें कक्षा चौथी का वैभव नाग प्रथम स्थान पर रहा। बसंत पंचमी के उपलक्ष पर यूकेजी के छात्र आदित्य व छात्रा नव्या ने कविता सुनाई और कक्षा आठवीं की छात्राओं ने बसंत पंचमी के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

### सुवासिनी कला केंद्र पंचरुखी में मनाई बसंत पंचमी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सुवासिनी संगीत नृत्य एवं नाट्य कला संस्थान पंचरुखी में बसंत महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मानव जगत की सुख, समृद्धि ,व शांति के लिए होमअनुष्ठान किया गया तत्पश्चात शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम संस्थान के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। संस्थान की प्राचार्य एवं संस्थापक गुरु श्रीमती नीरा चौहान ने कहा कि सुवासिनी संगीत,नृत्य, नाट्य कला संस्थान संगीत नृत्य तथा नाट्य की शिक्षा के क्षेत्र में संगीत विशारद की उपाधि करवाता है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में अब कला एवं संस्कृति की शिक्षा के लिए यह संस्थान वरदान सिद्ध हो रहा है इसी का परिणाम है कि आज संस्थान में लगभग 185 छात्र-छात्राएं कला एवं संस्कृति की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस संगीत शाला में कला केंद्र में शिक्षा ले रहे बच्चों ने अपनी मधुर आवाज मे भजन, हिंदी गाने व पहाड़ी गाने गाकर सब को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्थान ने बताया कि 2015 में इस कला केन्द्र का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि हमारे कला केंद्र में संगीत सीख रहे बच्चे प्रदेश स्तर पर संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बहुत से अवार्ड जीत चुके है।

### जरूरतमंद परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** लूथान की लोक कल्याण संस्था ने पंचायत के तीन जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था ने सुधंगल निवासी देशराज (कुरु) की बेटी की शादी के लिए 5100 रुपए तथा नीरज कुमार सुधंगल निवासी को उनकी मां के किया कार्य के लिए 3000 रुपए और सतवीर सिंह निवासी खरोटा को बीमारी के इलाज हेतु 3000 रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि लोक कल्याण कमेटी लूथान पिछले 9 वर्षों से लगातार इलाके के निर्धन व जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की पढ़ाई व शादी के अतिरिक्त गरीब लोगों को बिमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। कमेटी ने संस्था का सहयोग करने के लिए सभी दानी सज्जनों का आभार प्रकट किया है। दानी सज्जनों के सहयोग से संस्था समाज सेवा के इस परोपकारी लक्ष्य को पूरा कर रही है।

### शिव अकादमी भड़ोली में मेगा रन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी के शिव अकादमी भड़ोली में मेगा रन में लगभग 250 युवाओं ने भाग लिया। संचालक नवजोत सिंह व नवदीप सिंह द्वारा फिट इंडिया के तहत हर साल मेगा रन का आयोजन किया जाता है। समाजसेवी यशवंत सिंह मोंटी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर पवन जस्सी, शशिकांत गौतम, यशवंत मोंटी, संजू, भजियाण ने मेगा रन को सफल बनाने में सहयोग किया।

# देश की रक्षा में डोगरा रेजिमेंट का अतुलनीय योगदान : शांडिल

## ज्वालामुखी में हर्षोल्लास के साथ मनाया रेजिमेंट का 77वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि 8वीं डोगरा रेजिमेंट ने देश की रक्षा में अतुलनीय योगदान दिया है। रविवार को ज्वालामुखी में 8वीं बटालियन डोगरा रेजिमेंट के 77वां स्थापना दिवस पर वतौर मुख्यातिथि स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि यह बटालियन 1 फरवरी 1948 में बनाई गई थी और इसने हर लड़ाई 1962 , 1965, 1971 और कारगिल युद्ध में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इसी बटालियन के बिलासपुर के भंडारी राम को विक्टोरिया क्रास से भी नवाजा गया है इसके चलते ही इस बटालियन को विक्टोरिया क्रॉस बटालियन के नाम से भी जाना जाता है।



उन्होंने कहा कि इस बटालियन की नियुक्ति जहां भी हुए इसने अपना अद्वितीय पराक्रम दिखाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के साथ साथ वीरभूमि भी है। प्रदेश के वीर जवान अपने अदम्य साहस, पराक्रम एवं बलिदान के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पहला परमवीर चक्र राज्य के वीर सपूत मेजर सोमनाथ ने हासिल किया था, कैप्टन विक्रम बतरा, कर्नल डीएस थापा व मेजर संजय सिंह ने अद्भूत पराक्रम दिखाकर परमवीर चक्र की श्रेणी में नाम दर्ज किया। हमारी सेनाओं और वीर सैनिकों का सम्मान करते हुए प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल में कुल 620 शौर्य पुरस्कार विजेताओं को एक करोड़ 87 लाख 13 हजार 448 रुपए की राशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे बलिदानी वीरों के सम्मान में धर्मशाला में युद्ध स्मारक बनाया गया है। इसके साथ ही हमारी सशक्त सेनाओं और उनकी शौर्य गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यहां युद्ध संग्रहालय का निर्माण भी प्रगति पर है।

उन्होंने आए हुए पूर्व सैनिकों का समारोह में आने पर धन्यवाद किया और अपनी ऐच्छिक निधि से इस समारोह के लिए 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर उनके साथ आए कर्नल ( रिटायर्ड) शोभा सिंह जो इस बटालियन का प्रतिनिधित्व 1994 से 1997 तक किया।

### केंद्रीय बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यान: प्रेमी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का लोकसभा में पेश पहला आम बजट किसान, महिला, मजदूर, गरीब, व्यापारी, मध्यमवर्गीय, युवाओं के लिए विकासात्मक व रोजगारमुखी है। उक्त शब्द पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहे। उन्होंने कहा बजट में मध्यमवर्ग के लिए 12 लाख तक की कमाई पर टैक्स शून्य है, जोकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए बजट में विशेष व्यवस्था की गई, जिसका लाभ गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को इस का लाभ प्राप्त होगा। आईआईटी, मेडिकल कॉलेजों में सीटों की बढ़ोतरी से युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए पंख लगेंगे। देश की सुरक्षा के लिए बजट में रक्षा मंत्रालय के बजट में बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग के बजट में बढ़ोतरी की गई है,जिस कारण देश में सड़कों का जाल बिछेगा,जिस कारण देश विकसित भारत के सपने को पूरा करेगा।

### हैप्पी बर्थडे



भरवाना (हमीरपुर) की अदृशा चौहान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश की अनदेखी : संजय

**अनंत ज्ञान, डरोह।** संजय सिंह चौहान ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि केंद्र सरकार और हिमाचल के सांसद पूर्व में आई भारी आपदा के



प्रति अब भी गैर जिम्मेदार है। बजट में पहाड़ी राज्यों विशेष तौर पर हिमाचल के हितों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने प्रदेश को कोई भी आर्थिक सहायता नही दी और न ही आगामी बजट में प्रदेश को कोई नई विकास योजना ही दी है। प्रदेश के सेब बागवानों किसानों को भी कोई राहत इस बजट में नहीं है। बजट में कांग्रेस शासित राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है, जबकि बिहार को विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उसे बजट में प्रमुखता दी गई है। बजट को पूरी तरह जन विरोधी, किसान, बागवान व कर्मचारी विरोधी बताते हुए कहा है कि बजट से देश को बहुत ही निराशा हुई है।

# अघार के तालाब का किया जाएगा जीर्णोद्धार

## चार-पांच फेज में पूरा होगा काम, लाइट्स, बेंच व रिंटेनिंग वॉल लगाई जाएगी

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

जिला कांगडा की विधानसभा नूरपुर के तहत पड़ते अघार तालाब पर आखिर नूरपुर प्रशासन पहुंच गया है। सालों से सरकार, प्रशासन व पंचायत की अनदेखी की मार झेल रहे अघार तालाब के अब दिन फिरने वाले हैं मीडिया द्वारा मुद्दा उठाने के बाद शनिवार को नूरपुर प्रशासन की टीम अघार के तालाब पर पहुंची और तालाब जायजा लिया। एसडीएम गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में टीम अगार तालाब पर पहुंची थी। विकास खंड अधिकारी नूरपुर अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एसडीएम नूरपुर की अध्यक्षता में एक टीम जिसमें वे खुद और उनके कार्यालय का टैक्निकल स्टाफ भी अघार के तालाब पहुंचा। इस मौके पर संबंधित पटवारी को भी बुलाया गया था। मौका पर तालाब का दायरा 29 कनाल के करीब पाया गया है। कार्य चार-पांच फेज में होगा। इसके लिए बहुत अधिक धन की जरूरत होगी, मगर पहले फेस में मनरेगा के माध्यम से जो काम हो सकता है, उसे करने की कोशिश करेंगे और कोशिश करेंगे कि अन्य हेड व जिलाधीश कांगड़ा से इस तालाब के लिए बजट की मांग की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

**खबर छपते ही नूरपुर प्रशासन ने लिया तालाब की स्थिति का जायजा**

### चारों ओर रास्ता भी बनाया जाएगा

**विकास** खंड अधिकारी ने कहा कि प्रथम फेज में तालाब के सड़क के किनारे लोक निर्माण विभाग की सहायता से रिटेनिंग वॉल लगाई जाएगी, तालाब में



कोई कूड़ा आदि न फेंके, इसके लिए तालाब के चारों तरफ फेंसिंग लगाई जाएगी व तालाब के चारों तरफ चलने के लिए रास्ता बनाया जाएगा। तालाब को सुंदर बनाने के लिए व लोगों को बैठने के लिए बेंच व लाइटें लगाई जाएंगी।

# ज्वालामुखी के पार्षद मनु शर्मा एनडीपीएस एक्ट के तहत अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

देहरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुड़े एक मामले में ज्वालामुखी के वार्ड नंबर 4 के पार्षद मनु शर्मा को गिरफ्तार किया है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार की अगुवाई में देहरा पुलिस की एक टीम ने रविवार दोपहर नगर परिषद ज्वालामुखी के कार्यालय के बाहर से उक्त व्यक्ति को स्कूटी सहित उठाया है।

हालांकि पुलिस को इस बीच व्यक्ति के पास से किसी भी प्रकार का कोई नशीला पदार्थ हाथ नहीं लगा है, लेकिन बताया जा रहा है कि बीते बुधवार को पुलिस द्वारा चिट्टा के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था, उसके बाद ही पुलिस ने ये कार्रवाई अमल में लाई है। मामले की पुष्टि डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के मामले में पुलिस ने ज्वालामुखी के वार्ड नंबर 4 के पार्षद मनु शर्मा उर्फ माल्टा को गिरफ्तार किया है। बहरहाल पुलिस की मामले को लेकर छानबीन जारी है। जानकारी के अनुसार थाना देहरा के तहत बीती बुधवार सुबह देहरा पुलिस ने स्थानीय रैन बसेरा के पास एक राहगीर को सात ग्राम चिट्टा के साथ पकड़ा था। बताया जा रहा कि पकड़े गए आरोपी पर पहले भी चिट्टे के तीन मुकदमे दर्ज हैं, ऐसे में पुलिस ने यहां मुकद्दमा दर्ज कर नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करने के बाद एक अन्य व्यक्ति, जोकि ज्वालामुखी से है उसको हिरासत में लिया है।

# पौंग झील में इस बार सर्वाधिक 97 प्रजातियों के 153,719 पक्षी पहुंचे

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पौंग डैम झील वन्यजीव अभयारण्य में वार्षिक जल पक्षी गणना 2025 1 फरवरी, 2025 को आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश वन विभाग, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, WII, पक्षी प्रेमियों और स्थानीय निवासियों के 100 से अधिक कर्मियों ने भाग लिया। 31 जनवरी को जनगणना-पूर्व ब्रीफिंग से पहले किए गए इस अभ्यास में पूरे अभयारण्य को शामिल किया गया, जिसे 25 खंडों में विभाजित किया गया था।

गणना में 97 प्रजातियों के कुल 153,719 जलनिर्भर पक्षी पाए गए, जिनमें 55 प्रजातियों के 144,371 प्रवासी पक्षी, 31 प्रजातियों के 7,382 निवासी पक्षी और 11 अन्य प्रजातियों के 1,966 पक्षी शामिल हैं। प्रमुख प्रजाति, बार-हेडेड गीज़, की संख्या 90,959 थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 53,458 की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। यह 2004 में शुरू हुई पोंग में वार्षिक पक्षी जनगणना के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक संख्या है। गणना के दौरान दर्ज की गई अन्य प्रमुख प्रजातियों में यूरेशियन कूट (10,785), कॉमन पोचर्ड (9,692), कॉमन टील (8,497), नॉर्दर्न पिंटेल (8,053), लिटिल कॉर्मोरेंट (3,520), यूरेशियन विगॉन (3,464), ग्रे लैग गूज (2,984), टफ्टेड पोचर्ड (2,331), नॉर्दर्न शॉवलर (1,350) और ग्रेट कॉर्मोरेंट (1,271) शामिल हैं। गणना में कई प्रजातियों की भी रिपोर्ट की गई, जैसे कि ग्रेटर व्हाइट-फ्रंटेड गूज, लेसर व्हाइट-फ्रंटेड गूज, रेड क्रेस्टेड पोचर्ड, फेरुगिनस पोचर्ड, पाइड एवोसेट और नॉर्दर्न लैपविंग। पक्षियों की कुल आबादी में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें 83,555 की वृद्धि हुई है।

### केंद्रीय बजट मध्यम वर्ग के लिए काफी सराहनीय: बोकोलिया

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर सरकार का



यह पहला केंद्रीय बजट था, जिस पर अपनी प्रतिक्रिया करते हुए भाजपा इंदौरा के युवा नेता विजय बोकोलिया ने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग के लिए काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिलों में है। 12 लाख रुपए की आय तक जीरो इनकम टैक्स रहने पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा के प्रस्तावित टैक्स छूट मध्यम वर्ग की वित्तीय बधाई को बढ़ाने में एक लंबा रास्ता तय करेगी । इसके लिए उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई भी दी तथा कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वर्ग को राहत पहुंचाने की कोशिश की है।

# अजय वर्मा को एचआरटीसी उपाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, नगरी**



कांगड़ा निवासी अजय वर्मा को एचआरटीसी का उपाध्यक्ष बनाने पर नगरी के सभी स्वर्णकार दिनेश वर्मा, संजीव सोनी, राज कुमार सोनी, ओम प्रकाश सोनी, मुनीश सोनी, रमन सोनी, रविंद्र सोनी, देश राज सोनी, बालकृष्ण सोनी, विपन सोनी, सनी सोनी, संजय सोनी, कुलदीप सोनी, हैप्पी सोनी, सर्वजीत सोनी भाइयों ने बधाई दी है। बताते चलें कि हिमाचल सरकार द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं कांगड़ा के समाजसेवी अजय वर्मा को हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। शांत स्वभाव और मिलनसार चरित्र वाले अजय वर्मा कॉलेज के समय से ही राजनीति क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका निभाते हुए आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

### प्यारेलाल की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्मृति में अनुराग शर्मा बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के कुल 76 लोगों ने रक्त दान किया। इस मौके पर ब्लड बैंक सोसाइटी पालमपुर द्वारा रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र दिए तथा राजिंदर प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के विशेषज्ञों द्वारा रोगियों की जांच की गई तथा उन्हें मुफ्त में दवाइयां भी वितरित की। पंचायत प्रधान सुरेश ठाकुर ने बताया कि अनुराग शर्मा ने जरूरतमंदों को चार व्हील चेयर, तथा 12 लोगों को निश्चित किट प्रदान की गई। श्वसन रोगों से जूझ रहे लोगों की स्पेरोमिट्री तथा मूत्र रोग से पीड़ित रोगियों के यूरोलिमेंट्री टेस्ट भी किए गए।

# बागनी से निकाली जाएगी श्री गुरु रविदास शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

श्री गुरु रविदास महासभा इकाई नूरपुर की मासिक बैठक का आयोजन राणा फॉर्म बौड़ में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरवंश सिंह नांगला प्रधान श्री गुरु रविदास महासभा इकाई नूरपुर ने की। बैठक में जिला प्रधान केसी दियोल, श्री गुरु रविदास महासभा जिला कांगड़ा तथा पूर्व प्रधान श्री गुरु रविदास महासभा इकाई नूरपुर मास्टर महेंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का केंद्र बिंदु आगामी 11 फरवरी को श्री गुरु रविदास महाराज के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियों से संबंधित था। सभी ने



सर्वसम्मति से फैसला लिया कि हर वर्ष गुरु रविदास महाराज की शोभायात्रा का शुभारंभ और समापन समारोह अलग-अलग गांव से किया जाएगा।

इस वर्ष की शोभायात्रा का शुभारंभ गांव बागनी से किया जाएगा तथा समापन समारोह काथल में होगा। बैठक में यह भी सर्वसहमति से से फैसला किया गया कि शोभा यात्रा का शुभारंभ वर्तमान विधायक रणवीर सिंह निक्का के करकमलों से होगा तथा समापन समारोह में पूर्व विधायक अजय महाजन मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने यह भी तय किया कि इस शुभ दिन के सुअवसर पर जन कल्याण के लिए एक ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जाएगा।

### नीशु मोंगरा ने अधिकारियों को दिए समस्याएं हल करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, गगल।** ग्राम पंचायत इच्छी में कृषि उपज मंडी समिति कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए और उनकी समस्याएं सुनीं। नीशु मोंगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के आशीर्वाद से गांव वासियों से मिलने का मौका मिला। ग्रामीणों ने मोगरा को बताया किकई वर्षों से घरनाउ कूहल, जिससे कि लगभग हजारों कुणाल जमीन संचित होती है, पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी है और भूमि जो है वह बंजर होने के कगार पर है इसके साथ-साथ गैंग भैरो से इच्छी तक का संपर्क मार्ग जो की जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त है उसको जल्दी बनवाने की मांग रखी इसके साथ टीका नागिन जो की अभी तक संपर्क सड़क की सुविधा से वंचित है कई बार अलग-अलग मंचों पर जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन हासिल कुछ नहीं हुआ। वहीं, नीशु मोंगरा ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए कि शीघ्र ही इन लोगों को इन समस्याओं से निजात दिलाई जाए।

# पूर्व सचिव दिनेश कटोच ने नकारे लाखों रुपए गबन करने के आरोप

**अजय पाल, पालमपुर**

कृषि सेवा सहकारी सभा अगोजर के पूर्व सचिव दिनेश कटोच ने उसके ऊपर लगे लाखों रुपए गबन करने के आरोपों को झूठ बताया है। कहा कि मैंने 2006 में सचिव का पद संभाला था तब से लेकर पूरी मेहनत से कार्य करते हुए तथा लोगों के सहयोग से 2016 में कृषि सेवा सहकारी सभा अगोजर को ब्लॉक स्तर प्रथम स्तर तक पहुंचाया तथा 65वें भारतीय सहकारी सप्ताह पर सभा को सम्मानित किया गया, लेकिन पूर्व प्रबंधक कमेटी के कुछ सदस्य इस कामयाबी से खुश नहीं थे और मुझसे ऐसा काम करवाना चाहते थे जो सभा के हित में नहीं थे। जब मैंने नियमों के विरुद्ध कार्य करने से मना किया तो वे मुझ पर तरह-तरह के षड्यंत्र रचने लगे, जिनमें कुछ राजनीति से जुड़े लोग भी शामिल थे।



उन्होंने लोगों को भड़काना शुरू कर दिया, जिससे सभा का स्तर भी गिर गया। कुछ वर्ष से ऑडिट मे भी त्रुटियां आ रही थीं जिसके बारे मैंने विभाग को भी अवगत करवाया,लेकिन स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। प्रबंधक कमेटी व विभाग का सहयोग न मिलने से मैंने अगस्त, 2024 को इस्तीफा दे दिया, जिसे प्रबंधक कमेटी ने मंजूर कर लिया। (अनंत ज्ञान)

# आईआईटी मंडी अब पालमपुर में स्थापित करेगा विस्तार परिसर : गोकुल बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आईआईटी मंडी अब पालमपुर में लगभग 52 हेक्टेयर भूमि पर अपना विस्तार परिसर स्थापित करेगा। इस संबंध में घोषणा आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल तकनीक और गवर्नेंस) गोकुल बुटेल ने पालमपुर में की। बुटेल, जो आईआईटी मंडी कैटालिस्ट (संस्थान के स्टार्टअप इनक्यूबेटर) के निदेशक मंडल में भी कार्यरत हैं, ने बताया कि उन्होंने पालमपुर में आईआईटी विस्तार परिसर स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास किए। इसके लिए भगोटला गांव में 22 हेक्टेयर भूमि पहले ही तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत आईआईटी मंडी को पट्टे पर आवंटित कर दी गई है, जबकि अतिरिक्त 31 हेक्टेयर भूमि के लिए केंद्र सरकार से एफसीए मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। पालमपुर पहले से ही कृषि विश्वविद्यालय और सीएसआईआर-हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी संस्थान जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों का केंद्र है। बेहतर कनेक्टिविटी के चलते यह एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान है। आगामी चार लेन राजमार्ग के पूरा होने के बाद पठानकोट ब्रॉड गेज रेलवे लाइन की यात्रा दो घंटे से भी कम समय में पूरी की जा सकेगी। इसके अलावा, धर्मशाला (गग्गल) हवाई अड्डे के विस्तार से इस क्षेत्र की पहुंच और भी आसान हो जाएगी। शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ, यह परिसर स्थानीय रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगा, जिससे कुशल, अर्धकुशल और अकुशल विभिन्न स्तरों के लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बुटेल ने कहा कि यह पहल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पालमपुर और कांगड़ा को उत्तरी भारत के एक प्रमुख टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने की दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### संजीव प्रधान और गिरीश बने आयोजन सचिव

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल क्रिकेट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें संजीव पनाइक को क्लब का नया प्रधान चुना गया है और आयोजक सचिव गिरीश ठाकुर को चुना गया है। धनवीर को क्लब का महासचिव व रॉनी मेहता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। आकाश वर्मा को क्लब के उपप्रधान चुना गया है। आयोजन सचिव गिरीश ठाकुर ने बताया की इस बार विजेता टीम को इनामी राशी के रूप में 3 लाख रु जबकि उप विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए दिए जाएगे। उन्होंने कहा की एक फरवरी से फ्रेंचाइजी व प्लेयर्स फॉर्म ओपन हो जाएगे।

### समिति ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद

दशमी रावत, रोहड़ू। संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है जिसका उद्देश्य सदैव ही गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करना रहा है। समिति ने रविवार को कलोटी पंचायत के मस्तोट गांव के कलम सिंह की 21 हजार रुपए से आर्थिक मदद की है, जिसमें समिति के ही सदस्य करतार सिंह ने 5 हजार रुपए, कुशाल नेगी ने 3 हजार रुपए और सुरेंद्र रेटका ने 3 हजार से आर्थिक मदद की है। पीड़ित परिवार से जानकारी प्राप्त हुई कि बीते कुछ दिन पहले उनके मकान में आग लग गई थी जिसके कारण उनका मकान जल कर राख हो गया था। इस मौके पर प्रेस सचिव रविंद्र शर्मा, करतार सिंह, सुरेंद्र रेटका, कुशाल नेगी व वरुण चौहान मौजूद रहे।

### कांग्रेस दिल्ली में कर रही बेहतरीन प्रदर्शन : गोयल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कालकाजी के कॉ-ऑर्डिनेटर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया कॉ-ऑर्डिनेटर अनिल गोयल व एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव अमीषा ठाकुर, महाराष्ट्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष संध्या ताई सवालखे, प्रदेश महासचिव अनीता प्रजापति, प्रदेश सचिव निवेदिता आरघरे, कांचन कुलकर्णी,आयशा खान, रोहित कुमार प्रजापति,दीपाली मिलास,कविता मोहरकर जम्मू प्रदेश कांग्रेस के सदस्य राजेश ने अल्का लांबा के प्रचार में झोंकी ताकत अनिल गोयल ने कहा कि कालकाजी की प्रत्याशी अल्का लांबा आम जनता के दुख दर्द को समझती हैं। गोयल ने कहा कि कांग्रेस दिल्ली में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने जा रही है।

### सीता राम ने टीएलएम लीग में बनाई जगह

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा आयोजित टीएलएम लीग 2024-25 में सीता राम और मधु ठाकुर ने अपने टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) के माध्यम से टॉप 10 में अपनी जगह बनाई। इस प्रतियोगिता को द टीचर एप के जरिए वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें 450 टीएलएम को शॉर्टलिस्ट किया गया और 280 प्रस्तुतियों के बाद 100 सेमीफाइनलिस्ट में से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटूखर, सुन्नी शिमला के सीता राम और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठों, सोलन की मधु ठाकुर ने टॉप 10 में अपनी जगह बनाई। भारती एयरटेल फाउंडेशन के शिक्षा खंड सुन्नी प्रभारी दिवेश ने बताया कि सीता राम ने प्लांट किंगडम टीएलएम प्रस्तुत किया, जिसे ज्यूरी के सदस्यों ने खूब सराहा।

### भाजपा ने मनाया संविधान गौरव दिवस

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** भारतीय जनता पार्टी चुराग मंडल की ओर से आयोजित संविधान गौरव अभियान के तहत कोट कपड़यास बूथ के ढगनाल गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चुराग मंडल के समस्त बूथों से कार्यकर्ताओं को संविधान के बारे में संक्षेप जानकारी प्रदान की गई। मंडल स्तरीय इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संयोजक प्रकोष्ठ के जिला सुंदरनगर के अध्यक्ष खूब चंद शर्मा ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर प्रधान साहज कमल सिंह ठाकुर, बूथ अध्यक्ष चिरंजी लाल, उपप्रधान साहज टेक चंद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर का संक्षिप्त जीवन परिचय एवं संविधान की जानकारी प्रदान की। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए खूब चंद शर्मा ने कहा कि यह अभियान पूरे देश में मंडल एवं बूथ स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य संविधान उचित जानकारी प्रदान करना है।

# विद्यार्थियों के जीवन में पढ़ाई के साथ खेलों का अहम स्थान : रोहित

दशमी रावत, जुब्बल

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान जुब्बल के सुंडली गांव में थे जहां उन्होंने जय बनाड़ स्पोर्ट्स क्लब सुंडली द्वारा आयोजित 25वीं क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने सर्वप्रथम इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और साथ ही जय बनाड़ स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों को भी इस 25वीं प्रतियोगिता के आयोजन पर हार्दिक बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि सुंडली गांव के साथ उनका एक पारिवारिक और भावनात्मक संबंध है और यहां के निवासियों का सहयोग एवं आशीर्वाद सदैव उन्हें मिलता रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र पूरे प्रदेश भर में अपना एक अलग



स्थान रखता है जिसका श्रेय यहां के दो बड़े नेताओं भूतपूर्व विधायक और प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके ठाकुर राम लाल और वीरभद्र सिंह को जाता है। (अनंत ज्ञान)

**शिक्षा मंत्री ने की क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता**

### शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल बना अग्रणी राज्य

**शिक्षा** मंत्री ने बताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान प्रदेश और उनके विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम प्रतिस्थापित हुए है। हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है और यहाँ के विकास में सड़कों का विशेष योगदान और मेहत्ता है और इसी दृष्टि से जुब्बल नावर कोटखाई में लगभग 400 करोड़ रुपए का आवंटन सड़कों के निर्माण के लिए किया गया है जो कि पूरे प्रदेश में सार्वधिक है। इसके अतिरिक्त, भवन निर्माण के क्षेत्र में भी 200 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि पूर्व भाजपा सरकार में जहां निर्माण कार्य पूरी तरह ठप्प हो चुका था और शिक्षा के क्षेत्र में भी हिमाचल की अवनति हुई। वहीं वर्तमान सरकार ने मात्र दो वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल को अग्रणी बनाया है और आंकड़ों के अनुसार विद्यार्थियों के रीडिंग स्तर में हिमाचल को पहला स्थान मिला है ।

### शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण संस्थान होगा स्थापित

**रोहित** ठाकुर ने खेलों की जरूरत पर बल देते हुए बताया कि विद्यार्थियों के जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी एक महत्वपूर्ण स्थान है जिसके दृष्टिगत ठाकुर रामलाल स्पोर्ट्स हॉस्टल जुब्बल में खिलाड़ियों के लिए सीटों को बढ़ाया गया है और वॉलीबॉल के साथ कब्बड्डी और बैडमिंटन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा जो कि विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा। जुब्बल में शीघ्र ही शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण संस्थान भी स्थापित किया जाएगा। आगामी समय में हमारे विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है और हमें पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारे क्षेत्र को और नई सौगाते मिलेंगी जिससे कि विकास का पथ और प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ सभी मोर्चों पर विकास के लिए प्रतिबद्ध है जिसके दृष्टिगत पिछले दो वर्षों में हजारों में पदों को भरा गया है जिसमें 15000 से अधिक पद शिक्षा विभाग में ही स्वीकृत किए गए है ।

# शिमला पुलिस ने 26 वर्षीय युवती से बरामद किया चिट्टा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला में पुलिस ने एक युवती से हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। शनिवार शाम को सदर थाना पुलिस की एमटीम गश्त कर रही थी। जब पुलिस दल शिक्षा निदेशालय लालपानी शिमला के पास पहुंचा तो वहां एक युवती को बेंच पर बैठा देखा। पुलिस को देखते ही युवती घबरा गई और अपनी जेब से कुछ बाहर फेंक दिया। इसके बाद वह वहां से जाने लगी।

युवती की संदिग्ध हरकतों को देखकर पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की। पुलिस ने मौके पर ही गवाहों की मौजूदगी में जांच की तो पाया कि युवती ने जो वस्तु फेंकी थी उसमें 2.060 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) था और इसके बाद पुलिस ने युवती को हिरासत में लेकर उसका नाम और पता पूछा।

युवती की पहचान 26 वर्षीय शिवानी निवासी बालूगंज शिमला के रूप में हुई। नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया है।

हालांकि हेरोइन की मात्रा कम होने के कारण युवती को फिलहाल नोटिस पर छोड़ दिया गया है। लेकिन पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है कि यह नशे की खेप कहां से आई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है। मिशन क्लीन अभियान के तहत बीते एक महीने में 46 एफआईआर दर्ज कर 85 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें कई संगठित गिरोह भी शामिल हैं। हाल ही में पुलिस ने ऑनलाइन ड्रग तस्करी करने वाले संदीप शाह गैंग का पर्दाफाश किया था।

इस गैंग के सरगना संदीप शाह को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। युवाओं में नशे की बढ़ती लत चिंता का विषय शिमला सहित पूरे हिमाचल प्रदेश में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है। खासकर युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है, ड्रग्स का सेवन न केवल युवाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। बल्कि इससे अपराध दर भी बढ़ रही है।

पुलिस लगातार ड्रग तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, लेकिन नशे की सप्लाई पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई है।

# जयराम ने सुक्खू सरकार पर सत्ता के दुरुपयोग के जड़े आरोप

अनंत ज्ञान, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तीन और चार फरवरी को होने वाली विधायक प्राथमिकता बैठक का बहिष्कार करेगी।

भारतीय जनता पार्टी के विधायकों द्वारा बताए गए किसी भी काम को सुक्खू सरकार द्वारा प्राथमिकता नहीं दी गई है उल्टे सरकार द्वारा हमारे विधायकों को विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है। प्राथमिकता बैठक में भाजपा के विधायक अपने कामों के बारे में बताते हैं, लेकिन सरकार उन्हें बिल्कुल भी प्राथमिकता नहीं देती है। चुने हुए विधायकों के बजाय जनता द्वारा नकारे और हारे हुए कांग्रेस नेताओं को तवज्जो दी जा रही है। जब विधायक प्राथमिकता बैठक में भाजपा के विधायकों द्वारा बताई गई प्राथमिकताओं को सुक्खू सरकार द्वारा सुनना ही नहीं है तो विधायक प्राथमिकता बैठक का क्या औचित्य है। इसीलिए भाजपा विधायक दल आगामी विधायक प्राथमिकता बैठक का बहिष्कार कर रही है।

जयराम ने कहा कि सुक्खू सरकार सत्ता के दुरुपयोग की सारी सीमाएं लांघ चुकी है। सुख की सरकार ने पुलिस का दुरुपयोग करके भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को परेशान कर रही है।

# संस्कृत कॉलेज सरांह की हालत खराब

सपना सूद, चौपाल/नेरवा

फर्श पर गड्ढे और टूटी छत, यही है हिमाचल के प्राचीन संस्कृत शिक्षण संस्थानों में से एक बृजेश्वर संस्कृत कॉलेज सरांह की निशानी। इस संस्कृत शिक्षण संस्थान के सरकारीकरण के बाद किसी भी सरकार ने आज तक कोई सुध नहीं ली है। उपमंडल चौपाल के सरांह में 1972 में विजेश्वर संस्कृत महाविद्यालय खुला था, जो बीते कई वर्षों से अपनी बदहाली का रोना रो रहा है।

लोगों के बार-बार आग्रह करने पर भी इसकी तरफ सरकार ने आज तक कोई ध्यान दिया है। यह भवन आज बाद से भी बदतर दौर से गुजर रहा है । भवन की छत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है तथा भवन के



**फर्श में गड्ढे और टूटी छत से विद्यार्थी हो रहे परेशान**

अंदर और बाहर फर्श पर गड्ढों की बादशाहत नजर आती है। इस संस्कृत महाविद्यालय में जिला शिमला, सिरमौर और सोलन के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है और अभी भी महाविद्यालय में 71 छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

हालांकि हिमाचल सरकार ने वर्ष 2017 में इसका सरकारीकरण किया है, परंतु अभी तक नया भवन निर्माण की ओपचारिकताएं पूर्ण नही हुई है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक ने कहा कि अभी क्लासें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके भवन में ही चल रही है। बुरी तरह टूटे-फूटे इस भवन में छात्र मौत के साए में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर है। महाविद्यालय में बच्चों के साथ अध्यापकों के लिए भी बैठने की अच्छी व्यवस्था नहीं है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से जल्दी ही नया भवन बनाने और फर्नीचर प्रदान करने का आग्रह किया है । उधर कार्यकारी प्राचार्य रितेश शर्मा ने कहा कि कॉलेज भवन का प्राकलन विभाग को भेजा गया है और भवन निर्माण का मामला सरकार के ध्यान में है।

### सीटू की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** दीपक प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू का शिमला जिला का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में सोलह सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें प्रेम लाल को अध्यक्ष, ललित को महासचिव, मोहन लाल को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र रिक्की को उपाध्यक्ष, जोगिंद्र को सचिव, विरेंद्र, खुशी राम, कमला देवी, हेत राम, कपिल, नरेश, हीरानंद, वेद राज, हेमराज, जीत राम व धर्म प्रकाश को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

यूनियन ने निर्णय लिया है कि बीआरओ मजदूरों की मांगों को लेकर मार्च महीने में हड़ताल की जाएगी व बीआरओ के मजदूर शिमला में विशाल रैली करेंगे।

### जलशक्ति विभाग झंडूता में 268 पद रिक्त

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जल शक्ति विभाग झंडूता में एक तिहाई पद खाली पड़े हैं। जल शक्ति विभाग झंडूता के दो सब डिवीजनों झंडूता और कलोल में विभिन्न श्रेणियों के 414 पद है। इनमें से वर्तमान में 146 पद भरे हुए है और 268 पद खाली चले हुए हैं। इनमें सब डिवीजन झंडूता में विभिन्न पदों के 202 पद हैं । जिनमें वर्तमान में 57 पद भरे हुए हैं और 145 पद खाली पड़े हैं। इनमें सबसे ज्यादा हेल्परों के 80 पद हैं, जिनमें से वर्तमान में 7 पद भरे हुए हैं और 73 पद खाली चले हुए हैं। इसी तरह सब डिवीजन कलोल में विभिन्न पदों के 199 पद हैं। जिसमें वर्तमान में 80 पद भरे हुए हैं और 119 पद खाली पड़े हुए हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा हेल्परों के 65 पद हैं । जिनमें से वर्तमान में 24 पद भरे हुए हैं और 41 पद खाली हैं। जानकारी देते हुए रविन्द्र किशोर सुपरिटेंडेंट ग्रेड टू जल शक्ति विभाग झंडूता ने बताया कि इस उपमंडल में 414 स्वीकृत पद हैं। जिनमें से 146 वर्तमान में काम कर रहे हैं। 268 खाली पोस्टें है। 268 पोस्टें अलग अलग कैटेगरी की है।

### हरनोड़ा स्कूल में पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अडानी समूह के गागल सीमेंट कारखाना बरमाणा के सीडीएस विभाग के पीएलएम मनजीत सिंह ने अपनी टीम के साथ रावमापा हरनोड़ा में बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों को सड़क पर पैदल चलते समय दाएं किनारे चलने की सलाह दी, ताकि सामने से आ रही गाड़ियों का ध्यान रखा जा सके और दुर्घटना की संभावना कम हो सके।मनजीत सिंह ने बच्चों को यह भी समझाया कि यदि आप दो पहिया वाहन का उपयोग कर रहे हैं तो हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित जिला इंटक उपाध्यक्ष शिव सिंह वर्मा ने बच्चों से आग्रह किया कि अगर सड़क पर फुटपाथ बना है तो हमेशा उसी पर चलें, ताकि सुरक्षित रह सकें। जिससे दुर्घटना की संभावना कम हो सके। मौके पर जिला इंटक उपाध्यक्ष शिव सिंह वर्मा ने बच्चों से कहा कि अगर सड़क पर फुटपाथ है, तो हमेशा उसी पर चलना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों को पेंसिल और कैलेंडर भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल जगदीश सिंह , प्रवक्ता कालिदास, अधीक्षक देवेंद्र चंदेल और पीटीए प्रधान मदन लाल भी उपस्थित रहे।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में मनाई बसंत पंचमी



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के झंडूता बाजार के साथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय झंडूता में वसंत पंचमी का उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। प्रधानाचार्य द्वारा वंदना सत्र में वसंत पंचमी के उत्सव के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। उसके उपरांत सभी भैया-बहनों व आचार्य दीदियों ने माँ सरस्वती के समक्ष समर्पण किया। विद्यालय में वसंत पंचमी के अवसर पर हवन किया गया जिसमें सभी भैया-बहनों, आचार्य, दीदी, अभिभावक, प्रधानाचार्य संदीप, विद्यालय के प्रबंधक अनिल कोषाध्यक्ष जगजीत महाजन , जिला समिति बिलासपुर के जिला मंत्री ओंकार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झंडूता खंड के खंड कार्यवाह सतीश ने भाग लिया। हवन के उपरांत विद्या आरंभ संस्कार किया गया। सतीश द्वारा अपने उद्बोधन में भारती के गठन बारे, पश्चिमी विकृति को न अपनाने बारे, स्वदेशी अपनाने बारे, सरस्वती मां के अवतरण बारे, विद्या आरंभ संस्कार एवं गुरुकुल परंपरा बारे, समर्पण बारे, समाज परिवर्तन हेतु समरसता, पर्यावरण, कुटुंब, प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार व कर्तव्य, स्वदेशी आदि विषयों पर अपने विचारों से सभी का मार्गदर्शन किया। इसके बाद विद्यालय से झंडूता ठाकुरद्वारा तक झांकी निकाली गई।

### बच्चों के लिए विद्यारंभ संस्कार का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रौड़ा में भी बसंत पंचमी पर्व के साथ ही बच्चों के लिए विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। अपने परिजनों के साथ आए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने इसमें गहरी रुचि दिखाई। मंत्रोच्चारण के साथ इस संस्कार की रस्में पूरी करने के साथ उन्होंने हवन-यज्ञ में आहुतियां भी डालीं। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ ही उनमें अच्छे संस्कार विकसित करने में सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालयों का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।

## प्रगतिशील बागवान पद्मश्री हरिमन शर्मा को किया सम्मानित



गर्म इलाकों में सेब की सफल पैदावार के लिए देश के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्मश्री' से नवाजे गए घुमारवीं के पन्याला गांव के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा के सम्मान में रविवार को झंडूता में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक जीतराम कटवाल ने हरिमन शर्मा व उनकी धर्मपत्नी को शॉल, टोपी, स्मृति चिन्ह व श्रीमद्भागवत गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया। वहीं, चेतना संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा व प्रबंधक कश्मीर सिंह ठाकुर ने भी उन्हें सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

# संस्कार सोसायटी 31 मार्च तक घर-घर जाकर नशे के खिलाफ करेगी जागरूक

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं की समाजसेवी संस्था संस्कार सोसायटी 1 फरवरी से 31 मार्च तक 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान के अंतर्गत 'घर-गांव' जागरूकता अभियान चलाएगी जिसकी शुरुआत कोटलू ब्राह्मणा पंचायत से की गई। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि संस्था के सदस्य घुमारवीं उपमंडल के घर घर जाकर लोगो को जागरूक करने के साथ साथ चिट्टे के आदी बन चुके बच्चों की काउंसलिंग भी करेंगे । महेंद्र धर्माणी ने कोटलू ब्राह्मणा पंचायत में इस अभियान की शुरुआत करते हुई स्थानीय लोगों से कहा कि अगर किसी के आसपड़ोस में कोई चिट्टे के नशे घिर चुका है तो उसे हीन भावना से ना देखें बल्कि उसकी काउंसलिंग कर इस नशे से बाहर निकलने का प्रयास करे । जो लोग बेचने का काम करते उनको गांव के लोग पंचायत प्रतिनिधियों बीके सहयोग से पुलिस के हवाले करवाएं ।

उन्होंने कहा कि संस्था के सदस्य हर एक पंचायत के जनरल हाउस में जाकर पंचायत प्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर अपील करेंगे कि पंचायत को नशामुक्त बनाए। संस्था पिछले एक वर्ष से विभिन्न कार्यक्रमों व माध्यमों से इस अभियान को जनता और युवाओं के बीच में ले जाने की एक सार्थक पहल की है। घुमारवीं की 40 पंचायतों के प्रतिनिधियों से पत्र व व्यक्तिगत संपर्क से चर्चा करने के उपरांत 24 पंचायतों के 30 स्थानों पर बड़ी व छोटी बैठकें आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त 20 शिक्षण संस्थानों में जाकर जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। स्कूली बच्चों के लिए उपमंडल स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता करवाया गया। इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से घुमारवीं में 8000 लोगों से प्रत्यक्ष संवाद व संपर्क करने का काम किया गया।

### पिकअप ट्राला पलटा दस श्रद्धालु घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर और हमीरपुर की सीमा पर स्थित उत्तरी भारत की प्रसिद्ध सिद्धपीठ गुफा मंदिर दियोटसिद्ध से शाहतलाई आ रहा पिकअप ट्राला सेऊ के पास पलट गया। जानकारी के अनुसार 10 श्रद्धालुओं को इसमें चोटें आईं हैं। घायलों का प्राथमिक उपचार सीएचसी तलाई में किया जा रहा है। जानकारी अनुसार एक श्रादालूओ से भरा पिकअप ट्राला दर्शन करके शाहतलाई की ओर आ रहा था और सेऊ के पास पिकअप ड्राइवर गाड़ी से अपना नियंत्रण खो बैठता है और गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट जाती है। जिसमें पीछे बैठे श्रद्धालू गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। यह घटना दोपहर 3 बजे के करीब हुई। सूचना मिलते ही पुलिस थाना तलाई की एक टीम मौके पर पहुंची। घायल श्रद्धालुओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलाई में उपचार दिया जा रहा है।

### गुरु गोबिंद सिंह का विवाह उत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** सिखों के दशमेश गुरु गोबिंद सिंह का विवाह उत्सव गुरु का लाहौर बसी में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। दो दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं को हर तरह की सुविधाएं मिल महैया करवाई जा रही हैं। विवाह उत्सव के उपलक्ष्य पर हजारों की सख्या में श्रद्धालु पंजाब हिमाचल व हरियाणा से पहुंच रहे हैं। गुरु महाराज की बारात पांच प्यारों की अगुवाई में बसी के सेहरा साहब गुरुद्वारा से धूम धाम के साथ आतिशबाजी के साथ गुरु के लाहौर के लिए रवाना हुई।

# 38वें राष्ट्रीय वुशू खेलों में हिमाचल ने जीते दो मेडल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय वुशू खेलों में हिमाचल प्रदेश की वुशू टीम ने अपनी जबरदस्त प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। एचपी स्टेट वुशु एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष शिवपाल मनहंस ने बताया कि इस बार वुशू टीम की दो प्रमुख खिलाड़ी, मधू और दिव्या ने ब्रॉन्ज़ मेडल प्राप्त किए।

इसके अलावा टीम की अन्य सदस्य रिया, दिव्या, आर्य, पूनम, शिवानी, ज्योति, मधु, आशीष चौहान और उमेश चौहान ने अपनी बेहतरीन प्रदर्शन किया। हिमाचल टीम के इस शानदार प्रदर्शन को लेकर वुशु एसोसिएशन ऑफ आल इंडिया फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट और एचपी स्टेट वुशू एसोसिएशन के महासचिव पीएन आज़ाद, प्रदेशाध्यक्ष शिवपाल मनहंस, टीम मैनेजर खेम राज चौहान, और टीम कोच चेत राम ने भी टीम को बधाई दी और इस सफलता के पीछे उनकी मेहनत को सराहा। इस शानदार जीत के बारे में सुनते ही डिवीजनल कमिश्नर शिमला संदीप कदम ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि वुशू टीम ने राष्ट्रीय वुशू खेलों में अपनी अद्वितीय क्षमता और संघर्ष से सफलता की नई मिसाल पेश की। साथ ही राजेश भंडारी जनरल सेक्रेटरी ओलिंपिक संघ,जिला वुशू एसोसिएशन के महासचिव और डीएवी स्कूल बिलासपुर की प्रिंसिपल मोनिका वात्स्यायन ने भी इस उपलब्धि के लिए टीम कोच और संरक्षक की कड़ी मेहनत को सराहा और कहा कि हमारे खिलाडी भविष्य में वुशु जैसे खेलों में अपनी पहचान बनाने का सपन रखते है।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अक्षिता अव्वल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग के परिणामों पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत नवालोक आदर्श विद्यालय खनसरा (मैहरी) में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नवमी कक्षा की अक्षिता ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय जबकि आठवीं कक्षा की प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बात की जानकारी देते हुए विद्यालय प्रबंधक बीएल धर्माणी ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा सभी सरकारी व निजी स्कूलों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के परिणामों पर जागरूकता फैलाने के लिए स्कूलों में विभिन्न स्थानों पर ऐसे जागरूकता पोस्टर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब शिक्षा उपनिदेशक बिलासपुर के आदेशानुसार चयनित पोस्टरों को ही विद्यालय परिसर में चिन्हित स्थानों पर लगाया जा रहा है।

### उपप्रधान पर हमला करने वाला आरोपी जल्द हो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत आने वाली हंबोट पंचायत के उपप्रधान के ऊपर शनिवार रात हुए जानलेवा हमले में आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाए। समाज में गुंडागर्दी का माहौल बनता जा रहा है। कांग्रेस का कार्यकर्ता घर के भीतर घुसकर जानलेवा हमला करता है, लेकिन पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर रही है। यह एक सोचनीय विषय है। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि अगर दो दिन के भीतर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो भाजपा भराड़ी थाने का घेराव करेगी। गर्ग रविवार को पीड़ित उपप्रधान से मिले, जहां पर पीड़ित का कुशलक्षेम पूछकर हर मुमकिन सहायता का आश्वासन दिया। गर्ग ने कहा कि हमला करने वाले ने जिस तरह उपप्रधान को पीटा है, उससे साफ जाहिर है कि आरोपी जान से मारने के इरादे से आया था।

**शिक्षा** | धर्मशाला में मिनर्वा स्टडी संस्थान की ब्रांच का शुभारंभ, क्षेत्र के बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

# लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत जरूरी: जफर इकबाल

नीरज शर्मा, घुमारवीं

शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश भर में अपनी अलग पहचान बना चुके मिनर्वा संस्थान घुमारवीं ने एक नया अध्याय शुरू किया है। मिनर्वा अब धर्मशाला में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाएगा। इससे कांगड़ा जिले के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। धर्मशाला में मिनर्वा स्टडी सर्कल की नई ब्रांच का रविवार को विधिवत शुभारंभ हुआ है।

स्टडी सर्कल की ब्रांच का शुभारंभ एमसी के कमीश्नर आईएएस जफर इकबाल ने किया, जबकि एचपीएएस हितेश लखनपाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। मिनर्वा संस्थान के संस्थापक प्रवेश




चंदेल, मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल, स्वदेश चंदेल ने मुख्यातिथि को शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यातिथि ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए मिनर्वा संस्थान बहुत सराहनीय कार्य कर रहा है। शिक्षा बोर्ड टॉपर हो या प्रतियोगिता परीक्षा सभी मे मिनर्वा अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसके लिए मिनर्वा संस्थान प्रबंधन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जिंदगी को दिशा देना ही हमारा पहला काम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए खुद से लड़ना पड़ता है। जैसे हमें कहीं जाने के लिए संसाधन और रास्ते का पता होना चाहिए। उसी तरह अपने लक्ष्य पाने के लिए सिलेबस और परीक्षा का चयन करना अति आवश्यक है। अगर हम जीवन में स्ट्रगल नहीं करेंगे तो हमें कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिंदगी में कुछ पाना है तो मिशन की तरह लेना होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य होना ही चाहिए। सफलता को मिशन बनाने के बाद गोल प्राप्त करते हैं तो हम और हमसे जुड़े सभी लोग भी सीखते हैं। असफलता के बाद विचारों में सकारात्मकता लाना जरूरी है। मिनर्वा स्टडी सर्कल के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल ने कहा कि वर्ष 2024 में एमबीबीएस के लिए संस्थान से 52 स्टूडेंट्स चयनिय हुए हैं, जबकि जेईई मेंस के लिए 26 व एक एनडीए के लिए स्टूडेंट्स चयनिय हुए हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जाए इसके लिए मिनर्वा संस्थान बचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि मिनर्वा संस्थान का हमेशा प्रयाश रहा है कि बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जाए। पिछले 10 से अधिक वर्षों में मिनर्वा स्टडी सर्कल घुमारवीं से लगभग 350 छात्र मेडिकल क्षेत्र में आगे निकले हैं। साथ ही 250 के आसपास ऐसे छात्र मिनर्वा स्टडी सर्कल घुमारवीं से पढाई कर चुके हैं जो आज विभिन्न एनआईटी, आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों से अपनी व्यावसायिक डिग्री हासिल कर रहे हैं या नौकरी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भंजराडू-चांजु रूट पर बस बंद होने पर लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बीते एक वर्ष से भंजराडू-चांजू (देहरा) रूट पर चलने वाली महबूब बस बंद पड़ी हुई है, उसको लेकर ग्राम पंचायत चांजू एवं देहरा के अंतर्गत लगभग सैकड़ों गांवों के लोगों में इस बस सेवा के बंद होने से भारी रोष व्याप्त है। इस बारे में हेमराज ठाकुर, दित्लू, राम श्याम राम, रूप लाल, गुरुदेव, बलदेव, गुरु राम, लेखूराम, अली सेन, सरवन के अलावा कई लोगों ने इस बस सेवा के बंद होने पर स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस बस सेवा को जल्द से जल्द बहाल किया जाए उन्होंने बताया कि इस पंचायत के लोगों को प्रशासनिक कार्यों, स्वास्थ्य संबंधी सुविधा के लिए तथा अन्य निजी कार्यों के लिए तीसा का रुख करना पड़ता है। इस बस सेवा की बंद होने से लोगों को या तो इसके बाद की बस में आना पड़ता है जिस से समय का तो नुकसान होता ही है बल्कि बस भी ओवरलोड होकर ही भंजराडू से चांजू पहुंचती है। वहीं ग्राम पंचायत चांजू की प्रधान टेकी तथा देहरा पंचायत के प्रधान हेमराज ने भी नीजी महबूब बस जो भंजराडू से चांजू जो शाम के ठीक 4 बजे चलती है। इस बस सेवा के बंद होने पर रोष व्यक्त करते हुए चेताया है कि अगर यह बस सेवा जल्द से जल्द बहाल न की गई तो दोनों पंचायत के समस्त ग्रामवासी सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। लोगों ने जिला प्रशासन तथा परिवहन विभाग से मांग है कि वह जल्द से जल्द इस मांग को पूरा करें ताकि ग्राम वासियों के समक्ष आ रही इस समस्या का जल्द से जल्द निपटारा हो सके।

### संगीत सदन के कलाकारों ने साझा किए अनुभव



**अनंत ज्ञान, मंडी।** संगीत सदन मंडी के 30 कलाकारों ने देशभर के उन 5500 कलाकारों के साथ दिल्ली में हुए गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया, जिन्होंने एक साथ भारत की संस्कृति से ओत प्रोत नृत्य करते हुए अपना नाम गिनीज बुक आफ रिकार्ड में दर्ज करवाया है। संगीत सदन के ये 30 कलाकार जिनमें 15 लड़के व 15 लड़कियां शामिल रही, सदन की संगीत निदेशिका ईशा डोगरा की देख रेख में 26 दिसंबर को दिल्ली के लिए रवाना हुए थे और एक महीने तक कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद बीते दिन ही मंडी लौटे हैं। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न उपक्रमों से 185 कलाकार इसमें शामिल हुए जिसमें संगीत सदन के सबसे अधिक 30 कलाकार थे। संगीत सदन के संचालक उमेश भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लगातार दूसरे साल संगीत नाट्य अकादमी ने उनकी संस्था को यह मौका दिया है। संगीत सदन ने हिमाचली नाटी का प्रस्तुतिकरण किया। इस दल को प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के समक्ष भी अपनी प्रस्तुति जो बेहद सराहनीय रही। 23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल व 24 को गिनीज बुक रिकार्ड के लिए बुक सामूहिक नृत्य में भी भाग लिया। इसी बीच रविवार को इन सभी कलाकारों ने मीडिया के सामने अपने अनुभव साझा किए तथा इसे अभूतपूर्व बताया। गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुति देने वाले संगीत सदन के कलाकार दुर्वा, शब्बू, श्रेया, अंजली, लाविशा, सलोनी, विशाखा, नीरजा, भारती, लोकप्रिय, कात्यायनी, प्रियंका, संतोषी, नितीका, प्रीती, विजय, रोहित, मोहित, पवन, हर्षवर्धन, निशांत, बॉबी, राहुल, आदित्य, जतिन, पीयूष, भुवनेश्वर, हिमांशु, अक्षय व हेमंत शामिल हैं।

### बल्ह में युवाओं को मिलेगी पुस्तकालय की सुविधा

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** बल्ह उपमंडल के संयुक्त कार्यालय में लोगों व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को अब बल्ह में ही अपना पुस्तकालय की सुविधा मिलने वाली है। इस पुस्तकालय में एक समय में चालीस लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। उपमंडलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि जिला उपायुक्त अपूर्व देवगन के दिशा निर्देशों से बल्ह के संयुक्त कार्यालय भवन में यह अपना पुस्तकालय खोलने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जल्द ही इसका कार्य पूरा कर लिया जाएगा तथा यहां पर लोगों को पढ़ाई की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय दो बड़े हाल में बनाया जा रहा है, जिसमें एक सामान्य टेबल व कुर्सियां लगा जाएंगी, वहीं दूसरे हाल में सूतक लगाए जा रहे हैं, जिसमें नीचे बैठ कर पढ़ जा सकेगा। दोनों हॉल में बस बीस लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। अपना पुस्तकालय बल्ह में जहां एक तरफ पुस्तकों के माध्यम से पढ़ाई करने की व्यवस्था होगी वहीं डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करने के लिया भी व्यवस्था की जा रही है। डिजिटल पढ़ाई के लिए टैब रखे जाएंगे। को युवा या अन्य लोग पुस्तकों से पढ़ाई करना चाहे उसे पुस्तकें दी जाएंगे तथा जिन्हें डिजिटल माध्यम से पढ़ना होगा उनके लिए टैब उपलब्ध किए जाएंगे। अपना पुस्तकालय खुलने से बल्ह के कई युवाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बहुत लाभ मिलेगा। अभी तक सभी को मंडी जाना पड़ता था अब जल्द ही बल्ह में यह सुविधा मिलने वाली है। इस से एक तरफ समय की नहीं होगी, वहीं आने जाने के लिए खर्च होने वाला धन भी बच जाएगा।

### कर्मचारियों की मांगों का सरकार को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ कि राज्य कार्यकारिणी की बैठक रोटरी क्लब शिमला में अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पूरे प्रदेश के अलग-अलग विभागों की यूनियनों से आए हुए चुने हुए पदाधिकारीयों ने भाग लिया जिसमें मुख्यतः महासचिव हीरालाल वर्मा, पैटर्न गोविंद चित्रांटा,कुलदीप खरवाड़ा ,अरुण गुलरिया चीफ ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री कामेश्वर शर्मा , वरिष्ठ उपाध्यक्ष वनिता सकलानी, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र डोगरा ,डॉक्टर बीएस दिलटा,डॉ नितिन व्यास ,गीता राम शर्मा डिप्टी जनरल सेक्रेटरी तिलक नायक ,मनोज शर्मा , तारा दत शर्माआदि प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया और सामूहिक तौर पर निर्णय लिया गया कि सभी कर्मचारियों की मांग पर एक एजेंडा तैयार करके सरकार को सौपा जाएगा। वहीं बैठक में केंद्र सरकार द्वारा 2025 के लिए जो बजट पारित किया गया।

# बनीखेत बाजार के शौचालय पर लटका ताला, लोग परेशान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत चेतन एवं नागरिक उड्डयन विभाग हिमाचल प्रदेश की सौजन्य से अनिकेत बाजार में जन सुविधा हेतु शौचालय एवं स्नानागार का निर्माण किया गया है किंतु आज वह प्रशासन की बदइंतजामीं के चलते उपेक्षा का शिकार हो रहा है।

बता दें हिमाचल प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पर्यटन को बढ़ावा देने के मध्य नजर जन सुविधा परिसर नाम से शौचालय एवं स्नानागार का निर्माण करवाया गया था जिनका रख-रखाव का कार्य सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन चंडीगढ़ द्वारा करवाया जाता आ रहा है किंतु बीते कुछ समय से बनीखेत के मुख्य बाजार के साथ निर्मित जन सुविधा परिसर पर ताले लटके हैं जो अपने आप में हैरानी का विषय है तथा मुख्य बाजार के दुकानदारों तथा खरीदारी करने आने वाले लोगों के लिए एक बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके साथ पर्यटकों को भी ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।(अनंत ज्ञान)

**शौचालय एवं स्नानागार प्रशासन की बदइंतजामी के चलते उपेक्षा का हो रहा शिकार**



शौचालय के बाहर लटका हुआ ताला जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

### जल्द ही समस्या का समाधान निकलने की उम्मीद : प्रधान

**ग्राम** पंचायत बनीखेत के प्रधान अरुण राणा से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों की इस समस्या को लेकर उन्होंने स्थानीय प्रशासन को अवगत करवा दिया है तथा पर्यटन विभाग चंबा को भी लिखित में इस समस्या के समाधान हेतु अवगत करवा दिया गया है और उन्हें पूर्ण उम्मीद है कि वह जल्द ही इस समस्या का हल करवाएंगे।

### शौचालय पर ताले लटकाना पर्यटन विभाग चंबा की नाकामी

**व्यापार** मंडल प्रधान संजीव ठाकुर ने बताया कि स्थानीय व्यापारी भाइयों बहनों को इस शौचालय तथा स्नानागार के बंद होने से भारी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है तथा खरीदारी करने आने वाले लोगों के लिए तो और भी ज्यादा परेशानी का सबक बन जाता है जब उन्हें साथ लगते जंगल का रुख करना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि कहीं ना कहीं शौचालय पर ताले लटकाना पूर्ण रूप से पर्यटन विभाग चंबा की नाकामी दर्शाता है।

## दो दुर्घटनाओं में हुई दो लोगों की मौत

**बबलू पठानिया, भटीयात/चुवाड़ी।** उपमंडल चुवाडी में दो अलग-अलग जगहों पर हुई दुर्घटनाओं से दो व्यक्तियों की मौत का समाचार प्रकाश में आया है।

एक दुर्घटना में 49 वर्षीय तरवीज सिंह पुत्र वकील सिंह गांव चाहयूंन शनिवार दोपहर अपने घर से दूर जंगल में बकरियों के लिए चारा लेने गया था, पैर फिसलने से डांग से गिर गया इसी बीच अन्य लोगों ने जब उसे दिखा तो उसे जंगल से उठाकर स्थानीय प्रदूषित कर दिया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना चुवाड़ी की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आज पोस्टमार्टम करवा शव को परिजनों को सौंप दिया।

वहीं अन्य दूसरी घटना में 32 वर्षीय योगराज पुत्र बाबूराम गांव कंडा तहसील अबांह बीते शनिवार की शाम को अपने घर में लाइट रिपेयर का काम कर रहा था बिजली का लोड कम होने की वजह से उसे चैक कर रहा था इसी दौरान अचानक उसे करंट लग गया। परिजनों ने उसे उठाकर अस्पताल चुवाड़ी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस में शव को अपने कब्जे में लेकर आज पोस्टमार्टम परिक्रिया को अंजाम देने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया मामले की पुष्टि रतन चौधरी द्वारा की गई है। (अनंत ज्ञान)

# स्वयं को श्रेष्ठ न समझकर दूसरों में श्रेष्ठता देखनी चाहिए : संजय

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



प्रवचन करते हुए संजय गुलेरिया।

**निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में करवाया सत्संग का आयोजन**

स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें प्रवचन करते हुए महात्मा संजय गुलेरिया ने फरमाया कि परमात्मा को जाना जा सकता है। इसका अस्तित्व हर और है यह सर्वत्र व्यापत है और हम सभी इसी का अंश है परमात्मा से इकमिक होने पर जीवन का हर एक पल आनांदित हो जाता है निश्चित रूप से मुक्ति मार्ग मिल जाता है आध्यात्मिकता से युक्त जीवन ही हमें पूर्ण मनुष्य बनाता है और पूर्ण अवस्था आने के उपरांत प्रेमा भक्ति का आरंभ हो जाता है।

महात्मा ने मानवीय मूल्य का जिक्र करते हुए कहा कि मनुष्य जन्म लेने से मनुष्यता नहीं आती बल्कि व्यवहार आचरण और स्वभाव में मानवीय गुना का होना अनिवार्य है परिवार समाज ,राज्य ,देश और संसार में सभी और प्रेम के भाग को फैलाना ही मानवता है। संजय गुलेरिया ने कहा कि जैसे पानी पर्वत पर बर्फ रुप में होता है और पिघलकर झरना बन जाता है।

फिर नदी रूप में समुद्र में मिल जाता है ।वह अपने स्वभाव के अनुरूप ही व्यवहार करता है पानी का स्वभाव तो केवल ढलान की और बहना ही होता है ठीक इसी प्रकार से मन में अहंकार के स्थान पर नम्रता का भाव होना चाहिए। स्वयं को श्रेष्ठ न समझकर दूसरों में श्रेष्ठता देखनी चाहिए ऐसी स्थिति निरंकार परमात्मा से जुड़ने पर ही संभव है।

गुलेरिया ने आगे फरमाया कि ब्रह्मज्ञानी संत महात्माओं के संग द्वारा संतमति को धारण कर जीवन को सरल एवं सहज बनाया जा सकता है। मानवीय गुणों को जीवन में अपना कर अपनी गलतियों में सुधार करें और छल कपट वाला जीवन नहीं अपितु एक दूसरे के लिए समर्पित भाव वाला जीवन जिएं।

## न्यू क्रिसेंट स्कूल में मनाई बसंत पंचमी



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास, धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निदेशक श्री विजय शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी पीले वस्त्र पहनकर उल्लासपूर्वक शामिल हुए, जो बसंत पंचमी के समृद्धि और ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि किरण ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। स्कूल के निदेशक विजय शर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता का प्रतीक है।

## पुलिस ने किए 23 वाहनों के चालान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** परिवहन विभाग ने क्षमता से अधिक सामान ढोने वाले ट्रकों और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को चंबा, बनीखेत, डलहौजी और तुन्नूहट्टी में विशेष अभियान के तहत आरटीओ ने 23 चालान काटे। साथ ही चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई।

जानकारी अनुसार ओवरलोड टिपर, ट्रक और अन्य मालवाहक वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कई चालक क्षमता से अधिक सामान लादकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

# चंबा में बिजली बिल न भरने वाले 466 उपभोक्ताओं के काटे जाएंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विद्युत उपमंडल चंबा प्रथम के तहत लंबे समय से बिजली बिल जमा न करने वाले 466 उपभोक्ताओं पर गाज गिरने वाली है। इन उपभोक्ताओं के कनेक्शन अब अस्थायी तौर पर काटे जाएंगे।

हालांकि उपभोक्ताओं को सात दिन का समय दिया है, जिसमें वे बकाया बिजली बिल जमा करवा सकते हैं। यदि इस अवधि में बिल नहीं जमा किया गया, तो कनेक्शन अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे। दोबारा कनेक्शन बहाल करने के लिए उपभोक्ता को लंबित बिजली बिजली के साथ 250 रुपये का अतिरिक्त चुकाना होगा।

बिजली बोर्ड ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। कनेक्शन काटने के लिए टीमें भी गठित कर दी हैं। बोर्ड के इस कदम का उद्देश्य बकाया राशि वसूल करना है। बताया जा रहा है कि सरकारी विभागों के पास भी बिजली बिल की करीब 10 लाख रुपए की राशि बकाया है।

इनमें शिक्षा, लोक निर्माण, वन विभाग और जिला रोजगार कार्यालय शामिल हैं। इन विभागों ने भी लंबे समय से बिजली बिल नहीं चुकाया है।

बोर्ड ने 466 उपभोक्ताओं के अस्थायी तौर कनेक्शन काटने के आदेश जारी किए हैं, जिनसे कुल 39 लाख रुपए की राशि वसूलनी है। बिजली बोर्ड उपमंडल चंबा प्रथम के सहायक अभियंता हंस राज ने बताया कि कनेक्शन काटने के आदेश जारी किए गए हैं और उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द बिल जमा करने की अपील की गई है।

# युद्धवीर और सुरेंद्र को मिला शिक्षक सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



शिक्षकों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

शिक्षा खंड सुंडला एवं पांगी के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं क्रमशः मौड़ा एवं कुलाल में बतौर प्राथमिक अध्यापक कार्य कर रहे दोनों शिक्षकों को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के शिक्षक सम्मान समारोह में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यातिथियों के रूप में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, राजगढ़ के सांसद रोडमाल नागर, स्थानीय विधायक हजारी लाल डांगी सहित जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने शिरकत की।

इस सामान समारोह के लिए देश भर से हजारों शिक्षकों ने आवेदन किया जिनमें से राष्ट्र स्तरीय चयन समिति ने मात्र 100 शिक्षकों का चयन किया। समारोह का आयोजन शिक्षा सागर फाउंडेशन द्वारा किया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश भाई प्रजापति ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन का स्मृति चिन्ह देकर विशेष रूप से स्वागत किया।

जिला चंबा के यह दोनों ही शिक्षक अपने नवाचारी तरीके से शिक्षा प्रदान करने के लिए जाने जाते हैं। शिक्षक टंडन द्वारा शिक्षा व बच्चों के लिए अभी तक आधा दर्जन से भी ज्यादा पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

दोनों शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर यह पुरस्कार मिलने से जिला चंबा के समस्त शिक्षकों और पुरस्कृत अध्यापकों के परिवार जनों में प्रसन्नता की लहर है।

# यूथ इंटक चंबा के विरेंद्र पुजारी जिला अध्यक्ष हुए नियुक्त

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**विरेंद्र बोले-संगठन को आगे ले जाने के लिए दिन-रात किया जाएगा काम**



विरेंद्र पुजारी को जिला चंबा यूथ इंटक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके लिए यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष जसविंदर चौहान ने उनकी नियुक्ति का पत्र जारी किया है। विरेंद्र पुजारी के जिला अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। गौरतलब है विरेंद्र पुजारी पिछले कई सालों से लगातार संगठन के लिए दिन-रात काम करते आए हैं। जिसके चलते ही उन्हें इंटक के द्वारा जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

इस नियुक्ति पर विरंद्र पुजारी ने प्रदेश अध्यक्ष यूथ इंटक जसविंद्र चौहान बाबा हरदीप सिंह प्रदेश अध्यक्ष इंटक संजय गाव राष्ट्रीय यूथ इंटक अध्यक्ष के साथ-साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भी आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा है कि संगठन द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा है कि संगठन को आगे ले जाने के लिए दिन-रात काम किया जाएगा।

## बड़ोग में 22 वर्षीय युवक लापता

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शहर से लगभग 7 किलोमीटर दूर गांव बड़ोग (दुदर) से एक 22 वर्षीय युवक विशाल उर्फ भानु के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने की सूचना है।

जब उसकी तलाश की गई लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा फोरलेन या सड़कों के आसपास जहां कैमरे लगे हुए हैं उनकी फुटेज खंगाली जा रही है लेकिन घटना के लगभग 36 घंटे के बाद भी लापता युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। जानकारी अनुसार यह युवक शास्त्री की पढ़ाई करने के बाद मंडी में संगीत की शिक्षा ले रहा था और साथ में ड्राइविंग भी सीखी। एक-दो दिन पहले ही ड्राइविंग लाइसेंस बन गया था।

### सूडोकु 0058 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0057 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

# सर्व सेवा समिति दल बनीखेत ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**





पौधरोपण के लिए उत्साहित समिति के सदस्य।

स्वच्छ प्रकृति के मद्देनजर रविवार को सर्व सेवा समिति दल बनीखेत की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व सेवा समिति के सदस्यों तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

बता दें कि सर्व सेवा समिति दल के सदस्यों ने एनएच 154 ए पर स्थित मैगी प्वाइंट लाहड़ तथा गाव तलगूट के पास जंगल में लगभग 50 पौधे देवदार के रोपे गए। इस आयोजन में जहां अजय ओबेरॉय, प्रीतम शर्मा , सुशील वर्मा पी एल ठाकुर के अलावा ग्राम पंचायत बनीखेत के उप प्रधान विश्वजीत सिंह कालू ने विशेष रूप से शिरकत की।

इस आयोजन को लेकर अजय ओबेरॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ पर्यावरण के मध्य नजर आज पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे।

## एलोपैथी और आयुष चिकित्सा पद्धति के लिए बजट असमानता पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



डॉ. दिनेश कुमार।

इंटरेगेटड मैडीकल एशोसिएशन (आईएमए) आयुस के राज्याध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट पर अनदेखी का आरोप लगाया है। सरकार द्वारा एलोपैथी चिकित्सा के लिए एक लाख करोड़ रुपए और आयुष चिकित्सा पद्धति के लिए केवल 3700 करोड़ रुपए की बजट असमानता पर गहरा रोष व्यक्त किया है। भारतीय चिकित्सा पद्धति के साथ भारत में ही सौतेला व्यवहार करार दिया है जबकि आयुष के अंतर्गत पांच चिकित्सा पद्धतियां आयुर्वेद के अतिरिक्त होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति भी सम्मिलित है।

उन्होंने आयुष चिकित्सा पद्धति के संगठनों से एकजुट होकर शीर्ष नेताओं से मिलकर चिकित्सा पद्धति के सम्मान की बात कर बराबर बजट प्रदान करने की तथ्यों सहित बात करने पर बल दिया।

## अनंत ज्ञान

### आज का पंचांग

3 फरवरी, 2025, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** षष्ठी (04:39): **नक्षत्र** रेवती (11:17), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** साध्य (03:02) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:56), **राहुकाल** (08:30 -09:51)।

### विशेष दिन

03 फरवरी 2025 : पंचक आज होंगे पूर्ण।

04 फरवरी 2025 : सूर्य रथ सप्तमी कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आर्थिक प्रयोजन अथवा धन निवेश के लिए शुभ दिन है। निर्धारित कार्य पूरे होंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**वृषभ:** प्रिय वस्तु प्राप्ति व धन का लाभ होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा और पारिवारिक वातावरण में सुधार होगा। कार्यों को निपटाने के लिए शुभ दिन है।

**मिथुन:** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। मन की एकाग्रता कम होने के कारण बेचैनी हो सकती है। शारीरिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा।

**कर्क:** मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि आप पर रहेगी। अधिकारियों की दृष्टि बनी रहेगी। व्यवसाय में कार्यसफलता एवं मित्रों से लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह :** मन में प्रसन्नता और शरीर में स्फूर्ति का अनुभव होगा। मान-प्रतिष्ठा और उच्च पद की प्राप्ति होगी। कार्य की व्यस्तता में दिन व्यतीत होगा।

**कन्या :** भाग्य का सहयोग प्राप्त करेंगे। धर्म-कर्म के कार्यों में रूचि रहेगी। आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में सक्रिय रहने से आनंद की प्राप्त होगी।

**तुला:** दिन का प्रारंभ मानसिक तनाव से हो सकता है, अतः मन को शांत रखें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण रहेगा। यात्रा मनोरंजनपूर्वक रहेगी। दिन भर कार्यों में रूचि रहेगी।

**धनु :** सम्मान में वृद्धि होगी। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। अचानक मिली कोई शुभ सूचना मन को प्रफुल्लित कर सकती है।

**मकर :** मन सृजनात्मक प्रवृत्तियों की ओर आकर्षित होगा। स्वभाव में प्रेम भाव में वृद्धि होगी। विद्यार्थीयों के लिए दिन शुभ है। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** मिश्रित फलदायी होगा। किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें।

**मीन :** मन चिंता मुक्त रहेगा। पराक्रम में वृद्धि के योग है। उत्साह में भी वृद्धि होगी, बुजुर्गों और मित्रों की तरफ से लाभ की अपेक्षा रख सकते हैं।

**अनदेखी** करोड़ों के प्रोजेक्ट बने सफेद हाथी, विधायक के विरोध में सड़कों पर उतरने लगे लोग

# संघोल में दो साल में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ मुकम्मल

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

धर्मपुर विधानसभा की राजनीति में अपना अहम स्थान रखने वाले संधोल क्षेत्र में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए दर्जनों विकास कार्यों को कांग्रेस सरकार के 2 सालों में पूर्णतया बिसराय जाने पर क्षेत्र की जनता के जख्मों पर न सिर्फ नमक छिड़क दिया है बल्कि अब इसके विरोध में विपक्षी दलों सहित कई संगठन सड़कों पर उतरने को भी आमदा हो चुके हैं ।

जनता को इस बात का दुख है कि कांग्रेस सरकार अब तक संधोल क्षेत्र के विकास में कोई भी नया पत्थर नहीं लगा सकी है। हालांकि किसी भी राजनेता को विधानसभा में पहुंचने में यह क्षेत्र सबसे अहम भूमिका निभाता है बावजूद इसके विधानसभा पहुंचने के बाद भी नेता इसकी क्षेत्र को भूल जाते हैं ।

लोगों को आस थी कि मंडी जिला से जब एकमात्र विधायक चंद्रशेखर सभी पूर्व अनुमानो को धत्ता बताकर इस क्षेत्र में तीन दशकों के बाद सत्ता में काबिज़ हुए थे तो इस दूर्गम क्षेत्र के मतदाता इस सकून में थे कि एक बार फिर से इस क्षेत्र की तकदीर बदलेगी परंतु तकदीर बदलना तो दूर रहा जो इक्का दुक्का छोटे विकास कार्यों को छोड़ समूचे क्षेत्र के पूर्व सरकार के चलाए गए विशाल प्रोजेक्ट अभी भी अधर में हैं।

गौरतलब हैं 32 वर्षों तक यहां से लगातार जीतने वाले विधायक महेंद्र सिंह ने धर्मपुर क्षेत्र में अपनी राजनीतिक छाप छोड़ी है। उनके अंतिम कार्यकाल में संधोल क्षेत्र में कई ऐसे उल्लेखनीय कार्य शुरू किए और कई परियोजनाएं शुरू कीं, जो किसी भी सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती थीं, लेकिन दुर्भाग्यवश, उनके बाद उन कार्यों को आगे बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया। स्वास्थ्य के लिए 100 बिस्तर का करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा 8 मंजिला अस्पताल 2 साल से टस से मस नहीं हुआ। करीब 8 करोड़ की लागत से बनने वाली पूर्व सैनिकों की कैंटीन, ईसीएच व विश्राम गृह का भवन ज्यूं का त्यों अधूरा खड़ा है। सीवरेज का बचा बजट जरूर खत्म करने की एक कोशिश हुई लेकिन अब न बजट है न काम। संघोल क्षेत्र में रुके कार्यों को लेकर मंडल भाजपा द्वारा चार तारीख को विधायक के खिलाफ संघोल में विशाल धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### अधूरे कार्यों को पूरा करने की मांग

**संधोल** विकास समिति के अध्यक्ष मान सिंह सकलानी का कहना है कि स्थानीय विधायक चंद्रशेखर को अब यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे महेंद्र सिंह के अधूरे कार्यों को पूरा करें क्योंकि इससे न केवल जनता की अपेक्षाएं पूरा होगी बल्कि उनके राजनीतिक भविष्य के लिए भी लाभदायक होगा। जनता का समर्थन तभी मिलेगा, अगर ऐसा नहीं हुआ तो जनता का असंतोष चंद्रशेखर की राजनीति को प्रभावित कर सकता है।

इस पूरी दुनिया में गरीब वही है, जो शिक्षित नहीं है। इसलिए आधी रोटी खा लेना, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाना। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# चिट्टे का तिलिस्म

हिमाचल में नशे का चलन दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। राजधानी शिमला में तो नशे का जाल बहुत तेजी से फैलता जा रहा है। खासतौर पर युवा वर्ग नशे की चपेट में आ रहा है। चिंता की बात यह है कि अब युवतियां भी नशे की लत में पड़ रही हैं। पुलिस की एक गश्त टीम की ओर से शिमला के लालपानी में युवती से हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया है। इस बरामदगी के बाद अब यह स्पष्ट होने लगा है कि लड़कों के साथ लड़कियां भी इस चिट्टे के धंधे में पड़ गई हैं। हो सकता है वह खुद इसका नशा न करती हों, लेकिन इतना जरूर है उन्हें इस्तेमाल किया जा रहा है। यह सब चिट्टा माफिया की रणनीति होती है। चूंकि उसे पता है लड़के आसानी से पुलिस की गिरफ्त में आ जा रहे हैं तो ऐसे में उन्होंने अब लड़कियों को इस नशे की गर्त में धकेल दिया, ताकि कोई शक न करे। दाद देनी होगी पुलिस के नेटवर्क की जिससे उन्हें चिट्टा माफिया की हरकतों पर संदेह हो जाता है और वह उसी व्यक्ति की तलाशी लेते हैं, जिससे नशे की खेप मिलने की संभावना रहती है। यानी अगर चिट्टा डाल-डाल है तो पुलिस भी पात-पात है। चिट्टा माफिया नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए बिलकुल ऐसी ही सटीक और पुख्ता रणनीति की जरूरत होती है, वरना वह तो सरेआम चिट्टा बेचने लग जाएंगे और जब ऐसी परिस्थिति बन जाएगी तो समाज में बहुत गलत संदेश जाएगा।

हर आमजन अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगेगा। नशे के बढ़ते चलन पर रोक लगाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों एवं हितधारकों को आपस में समन्वय स्थापित करना चाहिए। ड्रग तस्करी आजकल के समय में बहुत बड़ी समस्या बन गई है। राजधानी शिमला में जिस तरह से नशा माफिया ने अपनी जड़ें फैला ली हैं, उसे देखते हुए जिला शिमला में पुलिस विभाग ने भी नशे के खिलाफ प्रशंसनीय कार्य किए हैं। नशे की रोकथाम के लिए सभी को एकजुटता के साथ एवं संवाद स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है। लोगों के बीच इस संदर्भ में जागरूकता लाना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि बढ़ते नशे के चलन पर काबू पाया जा सके। स्कूलों में भी बच्चों को नशे के खिलाफ जागरूक करना चाहिए। बच्चों में नशे के खिलाफ जागृति लाना लाजिमी है, क्योंकि नशे के धंधे में शामिल लोगों का सीधा टारगेट बच्चे ही होते हैं। बच्चों को आसानी से बरगलाया जा सकता है। बच्चे मन के सच्चे होते हैं और वह परिवक्व नहीं होते, इसलिए नशा माफिया के झांसे में आकर नशा करने लग पड़ते हैं। पहले वह शौक के लिए नशा करते हैं, लेकिन बाद में यही शौक उनकी लत में शुमार हो जाता है। ऐसे में माता-पिता को अपने बच्चों पर पूरी सतर्ककता के साथ नजर रखनी चाहिए और बड़े प्यार से उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताना चाहिए।

पुलिस ने ड्रग फ्री ऐप भी बनाया है। एस ऐप पर कोई भी व्यक्ति नशे के खिलाफ जानकारी दे सकता है, जिसमें जानकारी देने वाले व्यक्ति की गोपनीयता भी रहती है। आजकल चिट्टा तस्कर बहुत तेज हो गए हैं। लोकेशन ट्रेस न हो, इसके लिए तस्कर डार्क वेब का उपयोग कर रहे हैं। यानी टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। डार्क वेब एक ऐसी टेक्नोलॉजी होती है जिसके जरिए वर्चुअल नंबर और मोबाइल ऐप्स का उपायोग चिट्टे की तस्करी के लिए किया जाता है। इस तकनीकी के इस्तेमाल से ड्रग तस्कर की लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाती है। हाल ही में शिमला में चिट्टा तस्करी में शामिल एक शाह गैंग पकड़ी गई थी, जो डार्क वेब का इस्तेमाल करती थी। यह गैंग पुलिस को काफी समय तक छकाती रही। डार्क वेब के अलावा यह गैंग व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्म का प्रयोग भी करती थी। पैसा कैश डिपॉजिट मशीन से जमा किया जाता था, ताकि किसी को भनक न लगे। शाह गैंग के तस्कर स्कूल, कॉलेजों के अलावा अन्य शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों को निशाना बनाते थे। चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए कठोर कानून बनाना आवश्यक है, जिसमें दोषियों को कड़ी सजा मिले। सीमाओं और तस्करी के मार्गों पर निगरानी बढ़ाना जरूरी है। इसके अलावा विभिन्न एजेंसियों के बीच सूचना साझा करनी चाहिए, ताकि तस्करी की गतिविधियों का पता लगाया जा सके। सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने के अलावा तकनीकी उपाय भी जरूरी हैं। ड्रोन का उपयोग करके सीमाओं और तस्करी के मार्गों पर निगरानी बढ़ाई जा सकती है। सीसीटीवी कैमरों तथा डाटा एनालिटिक्स का उपयोग करके तस्करी की गतिविधियों का पता लगाया जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्म इतिहास की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

**वहीदा** रहमान एक प्रसिद्ध भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री हैं। वहीदा रहमान भारतीय फिल्म इतिहास की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में से एक हैं। गाइड, प्यासा, चौदहवीं का चांद, कागज के फूल, साहिब बीबी और गुलाम, तीसरी कसम आदि वहीदा रहमान की उल्लेखनीय फिल्में हैं। वहीदा रहमान का चयन वर्ष 2013 की भारतीय फ़िल्म हस्ती के शताब्दी पुरस्कार के लिए किया गया। वहीदा रहमान को यह पुरस्कार गोवा में भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में 20 नवंबर 2013 को प्रदान किया गया।



वहीदा रहमान
जन्म : 3 फरवरी, 1938

फिल्म प्यासा से ही गुरुदत्त और वहीदा रहमान का विफल प्रेम प्रसंग का आरंभ हुआ। गुरुदत्त एवं वहीदा रहमान अभिनीत फिल्म कागज के फूल (1959) की असफल प्रेम कथा उन दोनों की स्वयं के जीवन पर आधारित थी। दोनों ही कलाकारों ने फिल्म चौदहवीं का चांद (1960) और साहिब बीबी और गुलाम (1962) में साथ-साथ काम किया। सन 1963 में गुरुदत्त और वहीदा रहमान के बीच अनबन हो गई और उनके बीच दूरी बढ़ गई। सन् 1964 में गुरुदत्त ने आत्महत्या कर ली। वहीदा रहमान ने 27 अप्रैल 1974 को कमलजीत सिंह, जो कि फिल्म शगुन (1964) में उनके साथ हीरो थे, से विवाह कर लिया। उन्हें साल 1972 में पद्म श्री और साल 2011 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ■



कविता

## एक दिन

मनीष कुमार महाराज नगर (जयसिंहपुर)

*हां, एक दिन कोई तुम्हें भी जरूर याद करेगा,*
*ख्वाबों में बसाकर दिल में फरियाद करेगा।*
*जिस पल में तुमने मुस्कान दी होगी,*
*वो पल लौट-लौटकर उसे आहिस्ता बयां करेगा।*
*तुम्हारी सादगी, तुम्हारी वो खास बातें,*
*उसकी तंहाई में रंग भरने का काम करेंगी।*
*जिंदगी के सफर में हर मोड़ पर,*
*तुम्हारी यादें उसे रुकने पर मजबूर करेंगी।*
*तो हां, एक दिन कोई तुम्हें भी याद करेगा,*
*और तुम्हारे बिना अपनी जिंदगी को अधूरा सा महसूस करेगा।*
*सब्र रख ए दोस्त*
*ईश्वर आपकी फरयाद भी सुनकर,*
*आपके लिए आपका फरिश्ता भेजने का काम भी जरूर करेगा।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शहरों और गांवों में प्रैंक की बढ़ती मूल्यहीन प्रवृत्ति

समाज में प्रैंक करना आधुनिक युग में एक चर्चित विषय बन गया है। मनोरंजन और हास्य के नाम पर प्रैंक का चलन तेजी से बढ़ा है, खासकर सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से। आजकल जिस तरह बहु संस्कृति की तरफ हमारा समाज बढ़ रहा है। जिसमें अधिकतर स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी शहर और नगर में प्रैंक कर करते नजर आ रहे है। हालांकि, यह सवाल उठता है कि क्या सभ्य समाज में प्रैंक करना नैतिक और सार्थक है और यह कहां तक सीमित रहना चाहिए। मनोरंजन का उद्देश्य हंसी और खुशी फैलाना है, लेकिन यह तभी सार्थक होता है जब इसमें किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे।



लेखक : सिकंदर बंसल
रामपुर बुशैहर

प्रैंक का मुख्य उद्देश्य भी लोगों को हंसाना होता है, लेकिन जब यह किसी की गरिमा, सम्मान, या निजी जीवन को प्रभावित करने लगे, तो यह नैतिकता के दायरे से बाहर हो जाता है। सभ्य समाज में हर व्यक्ति को सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। ऐसे में, प्रैंक तब तक स्वीकार्य है, जब तक यह दूसरों की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाता। आधुनिक युग में तकनीकी प्रगति ने प्रैंक को एक नया आयाम दिया है। जिसमें अधिकतर युवा है। जो स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भी है। जो सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे यूट्यूब, इंस्टाग्राम में रील बनाकर प्रैंक वीडियो काफी लोकप्रिय हैं।

इन वीडियो का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ दर्शकों की संख्या बढ़ाना और आर्थिक लाभ कमाना होता है। हालांकि, अक्सर यह देखा गया है कि वायरल होने की होड़ में लोग अपनी सीमाएं भूल जाते हैं और ऐसे प्रैंक कर बैठते हैं, जो न केवल असंवेदनशील होते हैं, बल्कि समाज में गलत संदेश भी फैलाते हैं। पहले यह प्रथा पश्चिमी देशों में थी। प्रैंक के आधुनिक स्वरूप की शुरुआत यूरोप और अमेरिका में 18वीं और 19वीं सदी में हुई, जब 'अप्रैल फूल्स डे' (1 अप्रैल) जैसे त्योहार लोकप्रिय हुए। इस दिन लोग एक-दूसरे से मजाक करते और प्रैंक खेलते हैं। 20वीं और 21वीं सदी में, टीवी और इंटरनेट ने प्रैंक को एक नया रूप दिया। प्रैंक टीवी शो और सोशल मीडिया ने इसे वैश्विक रूप से मशहूर बना दिया। आज यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म पर प्रैंक वीडियो बहुत लोकप्रिय हैं। धीरे-धीरे भारत के बड़े-बड़े शहरों और नगरों में आनी शुरू हो गई। उदाहरण के लिए, किसी के डर का फायदा उठाकर, उसे नीचा दिखाकर या उसे शर्मिंदा करके हंसाना, प्रैंक का गलत उपयोग है। यह न केवल व्यक्तिगत स्तर पर पीड़ित के लिए अपमानजनक होता है, बल्कि समाज में भी गलत मूल्यों को बढ़ावा देता है।



दूसरी ओर, हल्के-फुल्के और सुसंस्कृत प्रैंक, जो हंसी और खुशी का माध्यम बनते हैं, समाज में सकारात्मकता फैलाने का काम कर सकते हैं। ऐसे प्रैंक जिनमें किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे और जो पूरी तरह से मनोरंजन के उद्देश्य से किए जाएं, उन्हें सभ्य समाज में स्वीकार किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए, मित्रों या परिवार के बीच किए गए छोटे-मोटे मजाक, जो किसी के सम्मान को प्रभावित नहीं करते, रिश्तों को मजबूत बनाने में सहायक हो सकते हैं। आधुनिक युग में प्रैंक की सीमा तय करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि आजकल लोग मनोरंजन के नाम पर अनुशासन और नैतिकता की सीमाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। कई बार यह देखा गया है कि प्रैंक के दौरान लोग कानून का उल्लंघन तक कर बैठते हैं। जैसे, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को परेशान करना, बिना अनुमति के किसी की निजी चीजों का उपयोग करना या किसी की पहचान के साथ छेड़छाड़ करना। ऐसे कई उदाहरण हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के रीज मैदान और मॉल रोड पर देखने को मिल रहे है। ऐसे कृत्य न केवल नैतिकता के खिलाफ हैं, बल्कि कानूनी रूप से भी दंडनीय हो सकते हैं। सभ्य समाज में प्रैंक के प्रभाव का एक और पहलू मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। कुछ प्रैंक इतने असंवेदनशील होते हैं कि वे पीड़ित के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। भय, शर्मिंदगी या अपमान के कारण व्यक्ति तनाव, चिंता या अवसाद का शिकार हो सकता है। इसलिए, प्रैंक करते समय यह ध्यान रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इसका प्रभाव सकारात्मक हो और यह किसी भी तरह से किसी के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न पहुंचाए।

एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि सभ्य समाज में प्रैंक का उद्देश्य केवल हंसी-मजाक तक सीमित होना चाहिए, न कि किसी को चोट पहुंचाना। उदाहरण के लिए, ऐसे प्रैंक जो शारीरिक चोट पहुंचा सकते हैं, पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। इसके अलावा, सांस्कृतिक और सामाजिक संवेदनशीलता का ध्यान रखना भी जरूरी है। कोई भी प्रैंक ऐसा नहीं होना चाहिए, जो किसी जाति, धर्म, लिंग या सामाजिक समूह के प्रति अपमानजनक हो। सभ्य समाज में प्रैंक का महत्व इस बात पर निर्भर करता है कि वह किस उद्देश्य से और किस सीमा तक किया गया है। अगर प्रैंक से समाज में हास्य और खुशी फैलती है, तो यह सार्थक हो सकता है। अंततः, सभ्य समाज में प्रैंक तभी सार्थक हो सकता है, जब यह नैतिकता, गरिमा और सम्मान की सीमाओं के भीतर हो।

हर युवा को यह समझने की आवश्यकता है कि मनोरंजन के नाम पर किसी की भावनाओं, गरिमा, या व्यक्तिगत सीमाओं का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। अगर हम एक बेहतर और स्वस्थ समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें मनोरंजन के हर माध्यम को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपनाना होगा। इस दृष्टिकोण से ही सभ्य समाज में प्रैंक सार्थक और स्वीकार्य बन सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# प्राकृतिक संरचना में भगवान राम की महानता

हमारे सुदूर अतीत के इतिहासकार, पुरातत्वविद और शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि पृथ्वी पर सभ्य जीवन की शुरुआत लगभग 5,000 साल पहले हुई थी। वे इस तथ्य की ओर इशारा करते हैं कि सुमेरियों और मिस्त्रियों के उदय से पहले किसी पूर्व-मौजूदा संस्कृति के अस्तित्व को जानने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब जॉन एंथनी वेस्ट, रॉबर्ट शॉच और ग्राहम हैनकॉक जैसे वैकल्पिक इतिहासकारों ने यह प्रस्ताव दिया कि मिस्र में गिज पठार पर स्थित संरचनाएं वर्तमान में स्वीकृत समय से कहीं अधिक पुरानी हो सकती हैं, तो उनके दावों को तुरंत खारिज कर दिया गया। दुर्भाग्य से हमारे लिए, कोई लिखित रिकॉर्ड मौजूद नहीं है जो उनके निर्माण की तारीख का दस्तावेजीकरण करता हो, इसलिए इन जटिल कृतियों को मानव विकास और संस्कृति की आम तौर पर स्वीकृत समयरेखा में रखा गया है, लेकिन क्या होगा अगर सबूत मिले? क्या होगा अगर हमारी लिखित और मौखिक परंपराओं में स्पष्ट रूप से पहचानी गई संरचना मिल जाए? और क्या होगा अगर उस साइट से जुड़ी कहानियां उसे आम तौर पर स्वीकृत समयरेखा से अलग कर दें? अगर संरचना और उससे जुड़ी मिथकों का विश्लेषण किया जाए और वे दोनों आधुनिक विज्ञान द्वारा मेल खाती हों, तो क्या यह इतिहास का चेहरा बदल सकता है, एक ऐसा इतिहास जिसे हम बहुत प्यार से पढ़ते हैं? ऐसा ही कुछ भारत में खोजे गए स्थल पर हुआ जो सच हो सकता है।

भारत के दक्षिण-पूर्वी किनारे पर पाक जलडमरूमध्य में चूना पत्थर के ढेरों की एक श्रृंखला स्थित है। चूना पत्थर के ढेर या सैंडबार की विशेषता भूमि की एक लंबी और संकरी पट्टी होती है जो आमतौर पर रेत, गाद और छोटे कंकड़ से बनी होती है जो समय के साथ जमा होते हैं। भूमि की इस पट्टी को कभी प्राकृतिक संरचना माना जाता था, हालांकि, नासा के उपग्रह द्वारा ली गई छवियों ने इस भूमि संरचना को समुद्र की सतह के नीचे एक लंबा टूटा हुआ पुल दिखा है। अब इसे 'एडम ब्रिज' कहा जाता है, यह भारत की मुख्य भूमि से लेकर आधुनिक श्रीलंका तक 18 मील तक फैला हुआ है। डूबने और तैरने का विज्ञान, वस्तु के घनत्व और उस माध्यम द्वारा गुरुत्वाकर्षण बल पर निर्भर करती है जो कई कारकों पर निर्भर करता है। हल्के घनत्व में वस्तु का भार कम होता है जबकि अधिक घनत्व में वस्तु भार अलग यानी अधिक होता है। यह मन ही है जो किसी भी प्रकार के प्रभाव को डिजाइन करता है।



उच्च घनत्व के बावजूद पत्थर डूब जाता है, क्योंकि गुरुत्वाकर्षण के साथ पानी से अधिक भार होती है, जिससे यह पानी में डूब जाता है। उसमें कोई भगवान श्री राम के सत्य नाम प्रोग्राम किए गए संदेश के लिखने के कारण होता है जो गुरुत्वाकर्षण के दौरान Mw में ट्रिगर होता है लेकिन कुछ पत्थर जो छिद्रपूर्ण (कम घनत्व वाले) होते हैं, तैरते रहते हैं क्योंकि प्रोग्राम किए गए संदेश गुरुत्वाकर्षण के दौरान ट्रिगर होते हैं और वे तैरते रहते हैं। इसे क्वांटम गुरुत्वाकर्षण कहा जाता है।

इसका मतलब है कि एक मात्र ऐसा नाम राम निश्चित ही सत्य है जो संदर्भ के निश्चित फ्रेम में ट्रिगर होता है हिंदू परंपरा ने लंबे समय से यह विश्वास रखा है कि भूमि की यह पट्टी उनके प्रिय देवता राम द्वारा बनाया गया एक पुल था जैसा कि हिंदू महाकाव्य रामायण में वर्णित है। प्राचीन काल से ही इसे 'राम का पुल' या राम सेतु के नाम से जाना जाता है। राम हिंदू की आस्था हैं कोई कथाओं में एक कहता हैं। उनके जीवन का वर्णन करने वाली पुस्तक, रामायण, एक समय-सम्मानित पूज्य ग्रंथ है। यह उस समय के बारे में बताती है जब देवता हवा में जहाजों पर उड़ते थे और विशालकाय और राक्षस पृथ्वी पर विचरण करते थे।

रामायण का विश्लेषण करने वाले शोधकर्ताओं का कहना है कि यह एक अति महत्वाकांक्षी काल्पनिक रचना नहीं है। यह सच है या क्या यह संभव है कि एडम्स ब्रिज वास्तव में इस भारतीय क्लासिक में वर्णित संरचना है? कई साक्ष्य इस दावे का समर्थन करते हैं कि एडम्स ब्रिज वही है जिसका वर्णन रामायण में किया गया हैं इसलिए गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता॥ रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए॥ हरि अनंत हैं जिसको आप किसी महानता की दृष्टिकोण से देखें तो ईश्वर से भी ऊँचा स्थान है उनका कोई पार नहीं पा सकता और उनकी कथा भी अनंत है। सब संत लोग उसे बहुत प्रकार से कहते-सुनते हैं। रामचंद्र के सुंदर चरित्र करोड़ों कल्पों में भी गाए नहीं जा सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

**सरकार** ने भांग की खेती को मंजूरी दे दी है। यानी सैद्धांतिक तौर पर निर्णय ले लिया है कि भांग की खेती की जाएगी। यह सरकार का एक बहुत बड़ा निर्णय है। इसके लिए सरकार को सौ बार सैल्यूट, लेकिन सोशल मीडिया का जमाना है व सरकार की मंजूरी मिलने के बाद सोशल मीडिया पर 'भांग पर बहस' भी शुरू हो गई है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार पब्लिक की मूलभूत समस्याओं से ध्यान हटाना चाहती है विपक्ष सरकार से सवाल पूछ रहा है कि 'भांग की खेती को मंजूरी के पीछे असली मंशा क्या है? क्या कॉर्पोरेट घरानों के लोग अब गरीब आदमी की जमीन पर कब्जा करके भांग उगाना शुरू कर देंगे? गरीब किसान कहां जाएगा?' मौका पाते ही टीवी चैनल भी इस बहस में कूद गए हैं। प्रत्येक चैनल इसे 'ब्रेकिंग न्यूज' बना रहा है। यह सरकार की दूरदर्शिता है या भांग का नशा?' बहस में शामिल एक नेता कटाक्ष करते हुए कह रहा है, 'ऐसे निर्णय लेने वाले कई बार भांग खाकर भी सदन में आते देखे गए हैं।

**रमेश चंद, शाहपुर**

# हर बार धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन की आस्था पर प्रहार

कुंभ भारत की सनातन संस्कृति की अद्वितीय शक्ति, आध्यात्मिकता, सहिष्णुता और एकता का प्रतीक है। यह आत्मा की शुद्धता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भारत अपनी सनातन संस्कृति के लिए विश्वभर में जाना जाता है।



लेखिका : प्रो. मनीषा शर्मा
प्राध्यापक

यह कुंभ आत्मा के शुद्धिकरण और पुनर्जन्म के चक से मुक्ति का माध्यम है। कुंभ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। कुंभ मेला 'वसुधैव कुटुंबकम' की उस अवधारणा को चरितार्थ करता है जिसमें संपूर्ण विश्व को स्वयं में समाहित करने की शक्ति है। देश दुनिया से अनेक लोग अपने-अपने आस्था-विश्वास की डोर को हाथों में थामकर, अपने रीति-रिवाज, संस्कार, आचार व्यवहार को अपने साथ लेकर भारत भूमि पर आए हैं और यहां का दृश्य देख वे आश्चर्य और विस्मय से भर गए हैं। वे देख रहे हैं कि भारत की सनातन संस्कृति किस तरह से अपनी बांहे खोल उनका स्वागत कर रही है। वे देख रहे हैं यहां की सामाजिक समरसता को जहां लिंग, जाति, धर्म, पंथ, संप्रदाय, मत, अमीर-गरीब, पूरब पश्चिम के भेद का कोई अर्थ नहीं है। यहां अनेक को एकाकार होते हुए देखा जा सकता है।

तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारी सनातन संस्कृति की आस्था और आध्यात्मिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है परंतु ऐसे समय में भी हमारे देश का विपक्ष राजनीति करने से सनातन की मान्यताओं का मखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। कुंभ में भाजपा नेताओं के स्नान को डुबकी कह कर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने बता दिया है कि उन्हें सनातन धर्म की, उसकी परंपराओं की कितनी गहरी समझ है। वरना वे करोड़ों लोगों की आस्था को अपने शब्दों से आहत नहीं करते। उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में हजारों रुपए खर्च कर के कंपटिशन में भाजपा नेता डुबकी लगा रहे हैं और तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक टीवी में अच्छा नहीं आ जाता। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है? क्या इससे पेट भरता है? उनका यह बयान उस दिन आया जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाकुंभ में संगम पर पवित्र स्नान किया। वस्तुतः ऐसे ही बयान कांग्रेस और उसके नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के समय दिए थे कि राम मंदिर बनने से क्या हो जाएगा? क्या लोगों को रोजगार मिल जाएगा, मंदिर की जगह अस्पताल की देश को जरूरत है आदि? आज उन्होंने गंगा स्नान पर इस तरह का बयान दिया है। बात सिर्फ महाकुंभ या राम मंदिर की नहीं है। हमेशा से विपक्ष और विपक्ष के नेताओं ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन की आस्था पर प्रहार करने का एक भी मौका नहीं छोड़ा है। ये लोग बताए कि क्या महाकुंभ में आने वाला हर एक व्यक्ति बीजेपी का है। हजारों वर्षों की कुंभ की परंपरा क्या बीजेपी ने शुरू की थी? क्या ये कह सकते है कि हज यात्रा करने से क्या हो जाएगा? वह हजारों सालों से पोषित भारत की सनातन संस्कृति की वह परंपरा है जिसमें सनातन संस्कृति की आत्मा रची बसी है।



अतः धर्मनिरपेक्षता का अर्थ किसी धर्म विशेष की आस्था पर प्रहार नहीं होता है। यह बात बड़े-बड़े बोल बोलने वाले और आस्था का अपमान करने वाले नेता जान ले तभी वे भी देश का और जनता का भला सोच पाएंगे।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# पींयां : बसंत पंचमी का प्राकृतिक आभूषण

**पींयां : बसंत पंचमी का प्राकृतिक आभूषण:** जब ठंडी सर्दी विदा होने लगती है और बसंत की सुगंध हवा में घुलने लगती है, तब हिमालय की गोद में एक अद्भुत प्राकृतिक तोहफा खिलता है पींयां। इसे वनस्पति रूप से रेनवार्टिया इंडिका के नाम से जाना जाता है। इसे पीयोली, बसंत फूल और येलो फ्लैक्स के नाम से भी जाना जाता है। लिनासिए परिवार का यह पर्णपाती झाड़ीदार पौधा न केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति और आत्मा के पुनरुत्थान का संकेत भी देता है। सुंदर पीले फुलों वाला पींयां मुख्य रूप से हिमालयी क्षेत्रों में 1800 मीटर की ऊंचाई तक के जंगलों, पहाड़ों और झाड़ियों में पाया जाता है। इसकी चमकीली पीली पंखुड़ियां न केवल बसंत के आगमन का संकेत देती हैं, बल्कि बसंत पंचमी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व से भी गहराई से जुड़ी हैं।



लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

**पींयां से जुड़ी लोककथा:** पींयां को उत्तराखंड और नेपाल के कुछ हिस्सों में पीयोली भी कहा जाता है और वहां की लोककथाओं में इसकी उत्पत्ति की एक दिलचस्प कहानी प्रचलित है। कथा के अनुसार, पीयोली नाम की एक सुंदर वन कन्या हिमालय के जंगलों में रहती थी। उसे जंगल के पेड़-पौधों, पक्षियों और जानवरों ने पाला-पोषा था। एक दिन, एक राजकुमार शिकार करने जंगल आया और रास्ता भटककर पीयोली के पास पहुंचा। उसकी नैसर्गिक सुंदरता से मंत्रमुग्ध होकर राजकुमार ने उससे विवाह का प्रस्ताव रखा। पीयोली को प्रकृति से गहरा लगाव था, इसलिए वह अपने पहाड़ी घर को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन राजकुमार ने उसे उपहारों और ऐशो-आराम भरे जीवन का वादा करके मना लिया। विवाह के बाद, पीयोली राजमहल में आ तो गई, लेकिन जंगल के अपने मित्रों की याद में वह बीमार पड़ गई और उसकी मृत्यु हो गई। राजकुमार ने उसे उसी जंगल में दफना दिया, जहां वह पली-बढ़ी थी। कुछ समय बाद, उसकी कब्र से एक सुंदर पौधा उगा, जिस पर चमकीले पीले फूल खिले। इन्हीं फूलों को उसकी याद में पीयोली कहा गया।



**बसंत पंचमी और पींयां का धार्मिक महत्व:** बसंत पंचमी देवी सरस्वती की पूजा का पर्व है, जिसमें ज्ञान, बुद्धि और सृजनशीलता का उत्सव मनाया जाता है। यह पूरे भारत में उल्लास के साथ मनाई जाती है। इस दिन पीले रंग के वस्त्र धारण करने, पीले रंग के व्यंजन बनाने और पीले फूलों से घर सजाने की परंपरा है। हिमालयी क्षेत्रों में पींयां के फूलों का उपयोग मंदिरों और पूजा स्थलों की सजावट में किया जाता है, जिससे प्रकृति और आध्यात्मिकता के बीच गहरा संबंध प्रकट होता और यह पर्व और भी पावन बन जाता है। लोक परंपराओं में, यह फूल कठोर सर्दियों के समापन और बसंत की गर्मजोशी की शुरुआत का संकेतक माना जाता है। किसान इसे खेतों की जुताई और नई फसल की तैयारी के लिए शुभ संकेत मानते हैं।

**खाने में स्वादिष्ट और सेहत के लिए फायदेमंद:** पींयां न केवल अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसमें अद्‌भुत औषधीय और खाद्य गुण भी निहित हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि पींयां के फूल खाने योग्य होते हैं और गांवों में इन्हें खास पकवानों में इस्तेमाल किया जाता है। इन फूलों से पारंपरिक 'कचरू' या 'भल्ले' बनाए जाते हैं।

**औषधीय गुणों की खान:** पींयां न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसके कई औषधीय गुण भी हैं। पारंपरिक चिकित्सा में इसे विभिन्न रोगों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मांसपेशियों और नसों के लिए इसके फूल, पत्तियां और टहनियां लकवे (पैरालिसिस) के इलाज में उपयोग की जाती हैं। घावों के लिए इसकी पत्तियों और तनों को कुचलकर घावों पर लगाया जाता है, खासकर कीड़ों से संक्रमित घावों पर। गले और मुंह के संक्रमण के लिए, इसकी पत्तियां चबाने से जीभ साफ होती है और इसके के काढ़े का गरारे करने से गले को काफी राहत मिलती है। यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इसमें विटामिन सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने और शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। त्वचा रोगों के लिए इसके फूलों का लेप लगाया जाता है, जिससे जलन और घाव ठीक हो जाते हैं। यही नहीं, पारंपरिक चिकित्सा में इसे पाचन और लिवर से जुड़ी समस्याओं के लिए उपयोग किया जाता है। पींयां मुख्य रूप से छायादार स्थानों में पनपता है, लेकिन यह प्रकाशयुक्त क्षेत्रों में भी जीवित रह सकता है। यह पौधा आमतौर पर पेड़ों के नीचे या मिश्रित बागवानी क्यारियों में उगाया जाता है और इसे भरपूर पानी और पोषक तत्वों से समृद्ध मिट्टी की आवश्यकता होती है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### दुर्गम क्षेत्र निहरी में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर खुली सरकारी दावों की पोल

# सीएचसी निहरी में स्टाफ नर्सों के 4 और क्लास-4 के 3 पद खाली

**उमेश, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के तमाम सरकारी दावों की पोल खुल गई है। निहरी में लोगों को घर द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हालात बद से बदतर हो गए हैं।

सीएचसी में स्टाफ नर्स और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई हैं। अस्पताल में प्रतिदिन दोपहर 4 बजे के बाद और अवकाश के दिन आपातकालीन सेवाएं बंद कर दी हैं। बकायदा सीएचसी निहरी के बाहर एक सूचना बोर्ड भी गेट पर टांग दिया गया है।

इसमें कार्य दिवसों पर अस्पताल केवल सुबह साढ़े नौ से दोपहर चार बजे तक ही संचालित करने की सूचना भी लिखी है। इस प्रकार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर लगा सूचना बोर्ड क्षेत्र में भी चर्चा विषय बन गया है।

सीएचसी निहरी क्षेत्र के पंडार, ब्रौहकड़ी, निहरी, चरखड़ी, बंदली, जरल, मंझागण, बलग, किंदर, हाड़ाबोई, सोझा-बैहली, कोल्टा सहित अन्य जगहों के लगभग 15 हजार से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करती है। अस्पताल में चिकित्सकों की कुल 4 पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान में केवल 2 चिकित्सक ही सेवाएं दे रहे हैं।

सीएचसी निहरी में स्टाफ नर्स के कुल स्वीकृत 5 पदों में केवल मात्र एक ही स्टाफ नर्स कार्य कर रही है। अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के कुल स्वीकृत 3 पद खाली चले हुए हैं और डेपुटेशन पर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से सेवाएं ली जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)




**18 पंचायतों के 15 हजार से अधिक लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से परेशान**

### स्वास्थ्य सुविधाएं हुई बाधित : जम्वाल

**सुंदरनगर** के विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में सूबे में स्वास्थ्य सुविधाएं बाधित हुई हैं। दुर्गम क्षेत्र निहरी में स्टाफ की कमी के कारण आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होने से 18 पंचायतों के हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने पीएचसी बंदली और पौड़ाकोठी को डिनोटिफाई किया है। सरकार सीएचसी निहरी में जल्द स्टाफ नियुक्त करे।

### जल्द निकाला जाएगा समस्या का हल : बीएमओ

**बीएमओ** रोहांडा डॉ. कंवर गुलेरिया ने कहा कि मामला ध्यान में है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निहरी में स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कमी चली हुई है। इस कारण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी को अवगत करवाया गया है। जल्द ही समस्या का हल निकाला जाएगा।

## राजस्व अदालतों में निपटाए 1624 मामले

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि पिछले महीने 30 और 31 जनवरी को दो दिन आयोजित राजस्व अदालतों में 1624 राजस्व मामलों का निपटारा किया गया। जिनमें म्यूटेशन के 1422, तकसीम के 77, निशानदेही के 92 और राजस्व प्रविष्टियों में सुधार के 33 मामले शामिल थे।

दिसंबर माह में आयोजित राजस्व अदालतों के माध्यम से 1372 राजस्व मामले निपटाए किया गया था। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार मंडी जिला में राजस्व अदालतों का आयोजन हर माह किया जा रहा है, ताकि लोगों के राजस्व मामलों का समयबद्ध निपटारा उनके घर-द्वार पर हो सके। जनवरी माह में तहसील और उप तहसील कार्यालयों में म्यूटेशन के 2662, तकसीम के 336, निशानदेही के 576 और राजस्व प्रविष्टियों में सुधार के 109 मामलों सहित कुल 3683 मामलों का निपटारा किया गया।

इसी अवधि के दौरान तकसीम के 224, निशानदेही के 509 और राजस्व प्रविष्टियों में सुधार करने के 86 नए मामलें दर्ज भी हुए हैं। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

# पतंग प्रतियोगिता में मौलिक और रमेश विजेता

**अनिल शर्मा, मंडी**

नगर निगम मंडी द्वारा छोटी काशी मंडी में पहली बार बसंत पंचमी को पतंग महोत्सव का आयोजन महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में रैंकर वैली क्लासिस (कौंचगी सैंटर) जेल रोड के संयोजन से छोटा पड्डल मैदान में संपन्न किया गया।

इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम आयु वाले लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें सबसे कम आयु के राजवीर 7 वर्ष जोकि थनेहड़ा निवासी ने भाग लिया तथा 16 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें सबसे अधिक 70 आयु वाले कवलजीत ने भाग लिया जो बाड़ी गुमाणु के निवासी है।

इस मौके पर नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि बच्चे मोबाइल व नशे से दूर रहें तथा उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में पार्षद दर्शन ठाकुर, यशकांत कश्यप, जितेंद्र शर्मा पूर्व पार्षद नगर परिषद व सिद्धार्थ शर्मा कनिष्ठ अभियंता नगर निगम रहे। (अनंत ज्ञान)



पतंग विजेताओं को सम्मानित करने के दौरान महापौर व अन्य।

### प्लास्टिक पतंग व चाइनीज मांझा पर रहा प्रतिबंध

**इस** दौरान पार्षद वीरेंद्र सिंह आर्य, संजय शर्मा, नितिन भाटिया, विशाल ठाकुर, पुष्पराज कात्यायन, रैंकर वैली क्लासिस के निदेशक उत्तम सिंह चौहान व अरविंद, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र महेंद्रू, नागरिक सभा के प्रधान ओपी कपूर, पारुल अरोड़ा, लोहार सभा के प्रधान अरविंद व अन्य गैर सरकारी संस्थाओं के सदस्य, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, सहायक अभियंता नरेश, सफाई निरीक्षक सतीश व विनय, वरुण, कुमारी दुर्वा, अपूर्वा मल्होत्रा, राजेश व नगर निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। शीतला मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश शर्मा ने संचालक के रूप में भूमिका निभाई। कार्यक्रम का आयोजन गौरव संवाद कला मंच की ओर से किया गया। प्रतियोगिता में प्लास्टिक की पतंग व चाइनीज मांझा प्रतिबंध रहा। वहीं सुंदरनगर से आए हुए सुनील शर्मा के संपूर्ण परिवार ने भाग लिया।

### प्रतियोगिता में 16 वर्ष की कम आयु वाले विजेता

**प्रथम** स्थान पर मौलिक शर्मा को प्रशस्ति पत्र के साथ 2100 की धनराशि के साथ सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर नमीष को प्रशस्ति पत्र के साथ 1500 की धनराशि के साथ सम्मानित किया गया। तृतीय स्थान पर शौर्य को प्रशस्ति पत्र के साथ 1100 की धनराशि के साथ सम्मानित किया गया। इसके साथ 16 वर्ष से अधिक आयु वाले विजेता प्रथम स्थान पर रमेश ठाकुर को प्रशस्ति पत्र के साथ 2100 की धनराशि के साथ सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर ऋतिक को प्रशस्ति पत्र के साथ 1500 की धनराशि के साथ सम्मानित किया गया। तृतीय स्थान पर अर्जुन को प्रशस्ति पत्र के साथ 1100 की धनराशि के साथ सम्मानित किया गया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बजट के विरोध में 5 को होगा प्रदर्शन : भूपेंद्र



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीटू मंडी जिला कमेटी ने केंद्रीय बजट को पूर्णतः मजदूर, कर्मचारी, किसान व जनता विरोधी करार दिया है। यह बजट गरीब विरोधी है व केवल पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है। सीटू के ज़िला प्रधान भूपेंद्र सिंह व महासचिव राजेश शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के मजदूर, कर्मचारी, किसान व जनता विरोधी बजट के खिलाफ 5 फरवरी को मंडी में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और मजदूर विरोधी प्रावधानों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण के प्रस्तावों को नहीं हटाया गया तो देशव्यापी हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मार्च के पहले सप्ताह में शिमला में मजदूरों का राज्य स्तरीय विराट प्रदर्शन होगा।

### बजट में हिमाचल को नहीं दिया विशेष पैकेज : कांग्रेस

**रूपी ठाकुर, बरोट।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को छोटा भंगाल घाटी तथा चौहार घाटी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने खूब सराह है, वहीं घाटियों के कांग्रेसियों द्वारा इसे निराशाजनक बताया है। छोटा भंगाल घाटी कांग्रेस के पूर्व प्रभारी मदन ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष संजीव, छोटा भंगाल महिला कांग्रेस अध्यक्षा शांता, बीड़ीसी सदस्य कविता, पंचायत प्रधान सुरिंद्र कुमार, उपप्रधान छांगा राम, पूर्व प्रधान रूप चंद, लाल सिंह आदि ने केंद्र सरकार द्वारा हर वर्ग का ध्यान न रखते हुए केंद्रीय बजट को पेश किया है, इसलिए उन्होंने इस बजट को नकारा है। देश के हर वर्ग को यह आशा थी कि केंद्र सरकार देश के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए इस बजट को पेश करेगी, मगर केंद्र सरकार ने सभी वर्गों का बिना ध्यान रख कर बजट को पेश किया है।

### बटवाड़ा में महिलाओं को दिया ड्रैस मेकिंग का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) मंडी के माध्यम से सामुदायिक विकास कार्यों के अंतर्गत मंडी जिला के सूदूर गांव बटवाड़ा में 25 महिलाओं को ड्रैस मेकिंग का 6 माह का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का समापन एनटीपीसी कोलडैम सीनियर मैनेजर अंजुला अग्रवाल एवं एनएसआईसी चीफ मैनेजर प्रदीप कुमार द्वारा उपप्रबंधक पूर्ण सिंह, प्रबंधक लोकेश भाटिया एंव मुकेश गर्ग की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण में महिलाओं को बच्चों व महिलाओं के विभिन्न प्रकार के वस्त्र डिजाइन करने एवं सिलने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### मरम्मत के चलते आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियन्ता विद्युत उपमंडल मंडी तीन ई. होशियार सिंह ने बताया कि विद्युत उपकरणों के आवश्यक रख-रखाव व मरम्मत 3 फरवरी को 11 केवी सौली खड्ड के अधीन क्षेत्रों सांबल, बुरारीधार, रोपड़ू, अरड़ा, स्कोर, तुंग व लोअर बिजनी में विद्युत आपूर्ति प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी।

### पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** आगामी 22 से 27 फरवरी तक हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में झारखंड के रांची में आयोजित होने वाली 53वीं सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता तथा मार्च माह में आयोजित होने वाली 46वीं जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली हिमाचल प्रदेश की टीमों की चयन प्रक्रिया का आयोजन रविवार को सुंदरनगर के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के हैंडबॉल मैदान में किया गया। प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के 76 खिलाड़ियों ने इस चयन प्रक्रिया के दौरान फिटनेस टेस्ट, स्किल टेस्ट तथा गेम टेस्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ियों की अंतिम सूची उपस्थित चयनकर्ताओं अशोक गौतम, वीरेंद्र शर्मा, विवेक पठानिया विजय कुमार, रविंद्र भाटिया द्वारा प्रदेश हैंडबॉल संघ को सौंप दी गई है।

### शानन स्थित मंदिर में मनाया बसंत पंचमी का त्योहार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शानन पावर हाउस के परिसर में स्थित शिव शक्ति विश्वकर्मा धाम में 33वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करने के बाद एक सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर कमेटी के सदस्यों, शानन पावर हाउस के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने पूर्णाहुति में भाग लिया। मंदिर कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र काचरू और अजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि इस मंदिर का संचालन 30 सदस्यी कमेटी द्वारा किया जाता है, जिनमें स्थानीय लोगों के अलावा शानन पावर हाउस के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल है।

# सोनाक्षी और आशिता ने बैडमिंटन टूर्नामेंट में मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

श्री साईं यूनिवर्सिटी, पालमपुर द्वारा आयोजित ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 31 जनवरी से 1 फरवरी में पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, जोगिंद्रनगर की सोनाक्षी जसवाल और आशिता ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता और उपविजेता के खिताब अपने नाम किए। सिंगल्स मुकाबले में सोनाक्षी जसवाल ने विजेता का खिताब जीता, आशिता उपविजेता रहीं।

इसके अलावा डबल्स प्रतियोगिता में भी दोनों ने जोड़ी बनाकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। पाठशाला के डीपीई मनोहर लाल और प्रशिक्षक उमेश कुमार ने बताया कि सोनाक्षी इस वर्ष अंडर-14 राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं, जबकि आशिता अंडर-19 राज्य स्तर की उपविजेता रही हैं।

प्रधानाचार्य खजान चंद ने सोनाक्षी और आशिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उनके माता-पिता और प्रशिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

इस उपलब्धि पर जोगिंद्रनगर में हर्ष का माहौल है और विद्यालय परिवार को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी भविष्य में और भी नए आयाम स्थापित करेंगी।



विजेताओं को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**श्री साईं यूनिवर्सिटी पालमपुर ने करवाया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला है नया बजट : जम्वाल



**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में पेश हुए बजट 2025 की प्रशंसा करते हुए कहा की यह बजट सर्वस्पर्शी और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर आगे बढ़ाने वाला बजट है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट बहुत ही संतुलित, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला है। इस बजट में गरीब और किसान का कल्याण है, वंचितों का सम्मान है तथा नारी और मध्यम वर्ग का उत्थान समाहित है। यह बजट आम व्यक्ति को समर्पित बजट है।

# जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए जीवन स्तर को ऊपर उठाना होगा : कुलराज

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एमबीए (ग्रामीण विकास) के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों की दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला तकनीकी विकास समिति मंडी के सहयोग से नगवाईं में आरंभ हुई।

उद्घाटन सत्र में तकनीकी विकास समिति के सचिव जोगिंद्र वालिया ने प्रशिक्षण कार्यशाला की विस्तृत रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। कार्यशाला में अलग- अलग विषय विशेषज्ञ, स्रोत व्यक्ति के रूप में भाग लेंगे तथा फील्ड-विजिट करवाई जाएगी, जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र, बजौरा, क्षेत्रीय फल उत्पादन केंद्र बजौरा, अप्पर वैली फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी कुल्लू, सरोआ हैंडलूम प्रोड्यूसर कंपनी, भूटीको हस्तशिल्प संगठन, भुंतर, सोसायटी फॉर फार्मर टलाह के साथ-साथ ग्रामीण उत्पाद व हस्तकला में सक्रिय विभिन्न स्वयं सहायता समूहों का भ्रमण करके उनकी गतिविधियों से अवगत करवाया जाएगा।

जिला प्रबंधक नाबार्ड कुल्लू व मंडी के साथ बैठक करके जिला में चल रही ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी ली जाएगी। इस अवसर मुख्यातिथि पूर्व निदेशक, डॉ. कुलराज कपूर ने उपस्थित प्रतिभागियों से आह्वान किया कि ऐसी कार्यशालाओं में भाग लेना चाहिए।

# बसंत पंचमी पर हिम साहित्य परिषद मंडी ने करवाई कवि गोष्ठी

**भीम बसेड़ू, महादेव**

बसंत पंचमी के अवसर पर हिम साहित्य परिषद मंडी के सौजन्य से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस भोजपुर सुंदरनगर में एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

आयोजित की गई बहुभाषी कवि गोष्ठी में परिषद के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी कौंडल की उपस्थिति में मंडी के जाने-माने कवि जगदीश कपूर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

करीब बीस कवियों ने अपनी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का आगाज डॉ. पीसी कौंडल ने अपनी रचना सरस्वती वंदना से की। कवयित्री हरपिंदर कौर ने बसंत पंचमी पर्व को नतमस्तक होकर जहां मुखौटे के दृष्टिगत अपनी कविता के माध्यम से खराब जमाने पर प्रहार किया वहीं पढ़ा 'तुझे क्या समर्पित करूं सभी कुछ तो तेरा है' डॉ. पीसी ने पढ़ा बसंत पंचमी का पर्व है आया जिसे खूब पसंद किया।

मशहूर हास्य कवि रतन लाल शर्मा ने कहा खुद को उड़ता हुआ परिंदा रखें। एक्क लड़की 'सुनाकर पुरानी खट्टी-मीठी सुनाकर सबको खूब हंसाया। (अनंत ज्ञान)

## सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम मंडी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर चार दुकानदारों के चालान किए गए हैं।

वहीं निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक और बायोडिग्रेडेबल सामान को जब्त भी कर लिया गया है। निगम द्वारा इन चार दुकानदारों के पांच पांच सौ के चालान किए।

वहीं चेतावनी भी दी गई है कि यदि दोबार नॉन बायोडिग्रेडेबल सामान दुकानों में मिलता है तो निगम द्वारा भारी मात्रा में चालान किया जाएगा। बता दें कि नगर निगम की टीम द्वारा महाजन बाजार का निरीक्षण किया गया।

# नवनिर्मित सड़क जनता को समर्पित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

ग्राम पंचायत फतेहपुर के प्रधान नरेंद्र कुमार गौतम ने ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए पंचायत को एक ओर नई सड़क समर्पित की। यह सड़क फतेहपुर से बलदेव के घर तक बनाई गई है, जिससे गांववासियों को आने-जाने में सुविधा होगी और क्षेत्र का विकास तेज़ी से आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर प्रधान नरेंद्र कुमार गौतम ने कहा गांव के विकास के लिए बेहतर सड़कें अत्यंत आवश्यक हैं। यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। प्रधान नरेंद्र गौतम ने कहा कि इस सड़क के निर्माण में लोगों ने आर्थिक सहयोग दिया हैं। इस सड़क को दूसरी पंचायत थाना के डोल गांव से जोड़ा जाएगा।

इस संबंध में थाना पंचायत के प्रधान नीरज ने अपनी पंचायत में भी रोड का कार्य शुरू करने की सहमति दे दी है। सड़क उद्घाटन कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न जनप्रतिनिधि, वार्ड मेंबर प्रेम पॉल, वीना कुमारी, सलिंद्रा देवी, अनु कुमारी एवं ग्रामीण शशि पॉल, विक्की तनु, राकेश कुमार, विजू, राजू उपस्थित रहे। गांववासियों ने प्रधान द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की ।



नई सड़क को लोगों को समर्पित करते हुए पंचायत प्रधान।

# काली माता मठ मंदिर में करवाया महायज्ञ



कुंडी गायत्री महायज्ञ में भाग लेते श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

अखिल विश्व गायत्री परिवार जोगिंद्रनगर जिला मंडी द्वारा बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर माता काली मठ मंदिर में 9 कुंडी गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महायज्ञ के दौरान मंडी, सरकाघाट, सुंदरनगर, भराड़ू सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए गायत्री परिवार के परिजनों ने यज्ञ, दीपयज्ञ और अखंड जप कर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। यज्ञ वेदी पर उपस्थित विद्वानों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुतियां दिलवाईं। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में भाग लेकर आत्मशुद्धि और लोक कल्याण की कामना की। यज्ञ स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा, जिसमें श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा और आस्था के साथ सम्मिलित हुए।

द्रुबल निवासी टीआर बनेर ने समाजसेवा की प्रेरणा लेते हुए अपनी देहदान का संकल्प लिया। गायत्री परिवार के सोमेंद्र ने बताया कि बसंत पंचमी न केवल विद्या और ज्ञान का पर्व है, बल्कि यह आत्मिक जागरण और सामाजिक सेवा का संदेश भी देता है।

# दी सुकेत सीनियर सिटीजन होम सुंदरनगर में मनाया बसंत उत्सव



**अनंत ज्ञान, मंडी**

कलाक्षेत्र युवा मंडल द्वारा दी सुकेत सीनियर सिटीजन होम सुंदरनगर में बसंत उत्सव मनाया गया। बसंत पंचमी मुख्य रूप से सरस्वती माता के जन्मोत्सव के लिए मनाई जाती है। कार्यक्रम का आगाज शास्त्रीय नृत्य शैली में देव स्तुति तथा शुद्ध नृत्य में किया गया, जिसे राजेश व कोमल द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात प्रणव शर्मा द्वारा एकल तबला वादन प्रस्तुत किया गया। मुख्यातिथि उत्तम चंद शर्मा सेक्रेटरी को सम्मानित किया।

## माकपा ने केंद्रीय बजट को बताया 'जनविरोधी'

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी) की मंडी जिला कमेटी ने केंद्रीय बजट 2025-26 को आम जनता के साथ विश्वासघात करार दिया है।

माकपा के मंडी जिला सचिव कुशाल भारद्वाज ने कहा कि यह किसानों, मजदूरों और गरीबों के खिलाफ बड़ा हमला है, जबकि अमीरों और कॉर्पोरेट क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार किया गया है। कुशाल ने कहा कि किसानों के लिए न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी दी गई है और न ही कोई ऋण माफी योजना लागू की गई है।

**गजब** 30 बीघा बंजर भूमि पर बैंक से लोन लेकर लगाई एक मेगावाट की परियोजना

# पटड़ीघाट सरकारी सभा सोलर प्रोजेक्ट से हर माह कमा रही पांच लाख

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट में स्थित 'दि बताहुता एग्रीकल्चर सर्विस को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड पटड़ीघाट' ने सरकार की सौर ऊर्जा नीति के तहत अक्षय ऊर्जा पर आधारित प्रोजेक्ट स्थापित कर 4 से 5 लाख रुपए प्रतिमाह आमदनी का नया जरिया बनाया है।

सोसायटी ने 30 बीघा जमीन पट्टे पर लेकर एक मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किया है। सोसायटी के सचिव पिताम्बर लाल ने बताया कि संयंत्र स्थापित करने पर लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत आई है। इसके लिए उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुंदरनगर से 2 करोड़ 70 लाख का ऋण लिया, बाकी 2 करोड़ 30 लाख रुपए सोसायटी से संयंत्र में निवेश किया।

उन्होंने बताया कि प्लांट से उत्पादित विद्युत की वर्तमान में 3.75 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिक्री की जा रही है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के साथ सोसायटी ने 25 वर्ष के लिए बिजली खरीद का अनुबंध किया है।

उन्होंने बताया कि उत्पादित बिजली की बिक्री से प्रतिमाह लगभग 4 से 5 लाख रुपए की आमदनी हो रही है। प्लांट में गर्मियों में कुल उत्पादन 90 से 95 प्रतिशत जबकि सर्दियों में 70 प्रतिशत तक रहता है। इस प्लांट से सोसायटी को कुल 50 से 55 लाख रुपए प्रतिवर्ष आमदनी का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

**प्लांट से कुल 50 से 55 लाख रुपए प्रतिवर्ष आमदनी का अनुमान**

### सोलर प्लांट लगाने पर किया जा रहा प्रोत्साहित

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने कहा कि सरकार की सोलर पॉलिसी के तहत जिला मंडी में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करने के इच्छुक लोगों का सकारात्मक सहयोग सुनिश्चित करें। इससे लोगों को अधिक लाभ होगा, और सरकार भी इसमें सहायता कर रही है।

### अब तक 6 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित

वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग, सरकाघाट राज कुमार गुप्ता ने बताया कि उपमंडल में 6 सौर ऊर्जा संयंत्र जन्धरू कलां, लोअर घट्टा, सुलपुर बही बजरायाणा, सुलपुर बही, अप्पर भाम्बला, गुलैला हड़सर व मसेरन भद्रवाड़ में स्थापित किए जा चुके हैं। इनसे उत्पादित बिजली सरकार 3.75 रुपए प्रति यूनिट की दर पर खरीद कर रही है।

# बिनवा नदी में मिला लापता युवक का शव, पुलिस जांच शुरू

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

मंडी और कांगड़ा की सीमा पर भ्रां पुल के पास बिनवा नदी में रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान लडभड़ोल के भराडपट्ट निवासी 34 वर्षीय विजय कुमार पुत्र अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। विजय कुमार जेसीबी ऑपरेटर का काम करता था।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को काम खत्म कर घर लौटते समय उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया।

जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो उसके परिवारवालों ने स्थानीय लोगों के साथ उसकी तलाश शुरू की। रविवार सुबह विजय का शव बिनवा नदी में तैरता हुआ मिला। उसके भाई लक्की ने बताया कि उन्होंने रातभर तलाश की थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह नदी में शव दिखने पर उसे बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने पर लंबागांव पुलिस चौकी के प्रभारी कर्म चंद पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पालमपुर भेजा। डीएसपी लोकिंदर नेगी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।(अनंत ज्ञान)

**मृतक घर लौटते समय पैर फिसलने के कारण गिरा था नदी में**

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, शिव कुमार** (31 वर्ष) पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी वडाठाणा/चौक डाकघर पंजालग, तहसील लडभडोल, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व पंचायत अभिलेख में मेरे पुत्र का नाम आदविक शर्मा सही दर्ज है। जबकि आधार नं. 362297933781 में मेरे का नाम आर्यन गलत दर्ज है। अतः आधार कार्ड में भी सही नाम आदविक शर्मा दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

# न्यूज ब्रीफ

## चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन



**विवेक शर्मा, अंब।** सूद भागड़ा परिवार एवं हेडगेवार स्मारक समिति जिला ऊना द्वारा जठेरी माता मंदिर लोहारा में रविवार को निशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समारोह में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। लोहारा पहुंचने पर विधायक सुदर्शन बबलू को सूद भागड़ा मंदिर ट्रस्ट के प्रधान राकेश सूद द्वार सम्मानित किया गया। सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि सूद भागड़ा परिवार अपने सामाजिक सरोकार का निर्वहन करते हुए लोहारा गांव में सामाजिक कार्यों में अग्रणी हैं। बबलू ने लोहारा वार्ड-5 में रास्ते के निर्माण के लिए लोक निर्माण के अधिकारियों को एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि जल्द रास्ते का निर्माण शुरू हो सके। सांसद मोबाइल सेवा अस्पताल द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में 80 मरीजों की जांच की गई जबकि रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर लोहारा की प्रधान सुमन देवी, उपप्रधान कुलदीप डोगरा, डॉ. हेमराज, ट्रेसी सूद, अनुराग सूद, देवेंद्र सूद, पंकज सूद, रमन सूद, ज्योति भूषण सूद,अरविन्द सूद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर टक्का में रैली निकाली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टक्का में शनिवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नारों व स्लोगनों के माध्यम से ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। रैली को स्कूल के प्रधानाचार्य वरिंद्र कपिल ने हरी झंडी दिखाई। इसके बाद रैली स्कूल से शुरू हुई और पूरे गांव में लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। छात्रों ने गांव में बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन चला रहे वाहन चालकों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य वरिंद्र कपिल ने बताया कि स्कूल के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी को यातायात नियमों की पालना करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट अवश्य पहननी चाहिए। इस अवसर पर पीआर भाटिया, यशपाल सिंह, असीम कुमार, रमन कुमार, अरुण कुमार, विनय कटोच, मैडम राज कुमारी, आशा रानी, किरण राणा, सुषमा रानी, शिवाली देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी पर पक्का परोह में लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, अंब।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर उपमंडल अंब के तहत पक्का परोह क्षेत्र में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्रवासियों ने देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की और श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगों ने भाग लिया जिन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए रानी स्वीट शॉप, जय मां टेंट हाउस , दिव्य कॉम्प्लेक्स पक्का परोह के संचालकों की सराहना की और समाज में धार्मिक सद्भावना और एकता की अहमियत पर जोर दिया। इस अवसर पर पक्का परोह के निवासियों ने अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि क्षेत्रीय समाज में सामूहिकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देने में सहायक रहा।

# अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से महिला की मौत, चार घायल

### घायलों को चिंतपूर्णी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना किया रेफर

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

हिमाचल प्रदेश के चिंतपूर्णी में शनिवार रात को एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। स्थानीय मुख्य बाजार में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर एक अन्य वाहन से टकरा गई और श्रद्धालुओं को रौंदते हुए सड़क पर पलट गई।

इस हादसे में दर्शन कर लौट रहे एक परिवार के पांच सदस्य चपेट में आ गए। 32 वर्षीय महिला साधना की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य चार सदस्य घायल हो गए। घायलों को चिंतपूर्णी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया गया है।

**दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु :** मृतक महिला साधना और उसके परिवार के अन्य सदस्य माता के दर्शन करके लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने नियंत्रण खोते हुए एक अन्य वाहन को टक्कर मारी और फिर पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को रौंदते हुए पलट गई। घायलों में ज्योति, रोहित, 9 वर्षीय आरवी भंडारी और 13 वर्षीय जानवी पंजाब के तरनतारन से माता चिंतपूर्णी के दर्शन कर लौट रहे थे।




हादसे के तुरंत बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को गाड़ी के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक नशे में था। देहरा थाना प्रभारी मोइन संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पुलिस की एसआईयू टीम ने चरस बरामद की

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। ताजा मामला उपमंडल बंगाणा के थानाकलां क्षेत्र का है, जहां ऊना पुलिस की एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कार में सवार दो युवकों से 208 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। यह गिरफ्तारी रविवार सुबह जोगी पंगा में पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान हुई। पुलिस ने एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें से 208 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ के बाद आरोपियों की पहचान 30 वर्षीय कर्मचंद और 37 वर्षीय कर्म सिंह, दोनों निवासी पधर, जिला मंडी, के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आरोपियों से और जानकारी जुटाने के लिए कड़ी पूछताछ की जा रही है।

## केंद्रीय बजट ने हिमाचली उम्मीदों को फिर किया निराश : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

पूर्व उद्योग मंत्री एवं राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए आम बजट ने हिमाचली उम्मीदों को एक बार फिर से हताश व निराश किया है। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा नीत एनडीए सरकार सत्तासीन हुई है, तब से हिमाचली हितों की हर आम बजट में लगातार अनदेखी हो रही है। भयंकर प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर चुके हिमाचल प्रदेश को इस बजट से उम्मीद थी, लेकिन न तो हिमाचल प्रदेश को कोई आर्थिक पैकेज मिला है और न ही हिमाचल में रेल विस्तार के लिए कोई नई परियोजना मंजूर की गई है। महज आंकड़ों के मायाजाल में जनता को फंसा कर केंद्र सरकार ने बजट से वाहवाही लूटने का प्रयास किया है।

पत्रकारवार्ता में कुलदीप कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चाहिए तो यह था कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा करती लेकिन इस बार भी हिमाचल के हिस्से झुनझुना ही आया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर बार बातें तो बड़ी-बड़ी करती है, लेकिन उसके रवैये से ऐसा लगता है कि उसे उन राज्यों की ज्यादा चिंता है, जहां भाजपा सरकार है और जिन राज्यों में गैर भाजपा सरकारें हैं, उनके साथ भेदभाव करना केंद्र सरकार की नीति का हिस्सा है।

हिमाचल प्रदेश के लिए ही नहीं बल्कि भानुपल्ली-बिलासपुर रेललाइन सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है लेकिन इस बजट में भी इसके लिए अतिरिक्त बजट की कोई व्यवस्था नहीं है। नंगल-तलवाड़ा ब्राडगेज लाइन को एकमुश्त बजट उपलब्ध करवाने का इस बार भी कोई जिक्र नहीं है। कांगड़ा वैली के लोगों को उम्मीद थी कि पर्यटन को पंख लगाने के लिए केंद्र सरकार पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेललाइन को ब्राडगेज रेललाइन में तबदील करने की घोषणा करेगी, लेकिन इसका भी कोई जिक्र आम बजट में नहीं हो पाया है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को हिमाचली लोगों के साथ धोखा करार दिया है।

## हर वर्ग का उत्थान करने वाला है केंद्रीय बजट : अजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा बिंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025 का मोदी सरकार का बजट देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने बजट को संतुलित और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि इससे न केवल आर्थिक सुधारों को गति मिलेगी, बल्कि गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के लिए भी नए अवसर सृजित होंगे।

अजय ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास, विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।

## केंद्रीय बजट में हर वर्ग के लिए राहत : राजीव वशिष्ट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में हर वर्ग को राहत मिली है। केंद्रीय बजट 2025 में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, रोजगार सहित कई अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। यह बात भाजपा के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही। उन्होंने कहा कि बजट कर्मचारी और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत देने वाला है। उन्होंने विशेष रूप से नई टैक्स व्यवस्था की सराहना की।

उन्होंने कहा कि अब 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं लगेगा। यह मध्यम वर्ग के लाखों परिवारों को सीधे लाभ देने वाला कदम है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। बजट न केवल कर्मचारियों, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए भी राहत लेकर आया है। उन्होंने बजट को हर वर्ग के उत्थान के लिए सटीक और दूरदर्शी बताया। इसमें कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 10 हजार नई मेडिकल सीटों और 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने की घोषणा ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास के नए अवसर खोले हैं। राजीव वशिष्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेशवासियों के लिए विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। वशिष्ट ने कहा कि एक तरफ जहां केंद्र सरकार ने बजट प्रस्तुत कर हर वर्ग को राहत दी है।

वहीं, कांग्रेस सरकार के दो वर्षो में हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते आज प्रदेश में विकास कार्य ठप होकर रह गए हैं। प्रदेश सरकार न तो कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर पाई है, न ही प्रदेश के लोगों से किए वादे पूरे किए गए। आज महिलाएं 15 सौ रुपए का इंतजार कर रही है। युवा रोजगार का इंतजार कर रहा है।

## धलवाड़ी में बसंत पंचमी पर माता सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा की स्थापना की गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में ग्रामवासियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और गणमान्य अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर गौतम ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पूजन कार्यक्रम का आयोजन पंडित राकेश शास्त्री, अक्की रत्न और प्रदीप शर्मा द्वारा विधि-विधान से किया गया। मंत्रोच्चारण और हवन-पूजन के बीच मां सरस्वती की प्रतिमा का भव्य अनावरण हुआ, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में भक्तिमय माहौल बन गया। इस आयोजन में पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान विकास भारद्वाज ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतिमा न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगी, बल्कि संस्कृति और परंपरा को भी सहेजने का कार्य करेगी। आयोजन में समाजसेवी सतपाल शर्मा, राजेश देहलू, कैलाश शर्मा, विजय शर्मा, जगदीश देहलू, मनीष शर्मा, मदन लाल श्रीधर, अतुल भारद्वाज, प्रधान जोगिंदर सिंह, प्रधान राजेश, आशीष उपप्रधान सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामवासियों ने अपना सहयोग दिया।

प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामवासियों, विद्यार्थियों और अतिथियों ने प्रसाद ग्रहण किया। गांव से बाहर रह रहे स्थानीय निवासियों ने भी इस आयोजन में आर्थिक एवं भावनात्मक सहयोग दिया और इस सराहनीय पहल के लिए विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं।

ग्रामवासियों और विद्यार्थियों में हर्षोल्लास का वातावरण था और इस आयोजन ने समूचे क्षेत्र में आस्था और भक्ति की एक नई मिसाल कायम की।

### विधायक बबलू ने लिया आशीर्वाद

इस विशेष अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू भी कार्यक्रम में पहुंचे और मां सरस्वती के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों को नैतिक शिक्षा और संस्कारों की प्रेरणा मिलती है।

## नए भारत के उदय का सूत्रपात करेगा बजट : राजेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट आम आदमी का बजट है। इस बजट ने हर वर्ग को राहत दी है। इसमें मध्यम वर्ग के साथ-साथ हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। यह बजट नए भारत के उदय का सूत्रपात करेगा और रोजगार के नए द्वार खोलेगा।

राजेश ठाकुर ने कहा कि इस बजट से औद्योगिक क्रांति आएगी। इसने एमएसएमई की परिभाषा ही बदल कर रख दी है। इससे एमएसएमई में न सिर्फ निवेश बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी केंद्र सरकार ने लाइसेंस राज की दीवार को गिराने का निर्णय लिया है। इससे देश में व्यवसाय को सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

## नारी सम्मान के लिए चेयरपर्सन रीता धीमान का करूंगा समर्थन : अनिल

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

पंचायत समिति गगरेट की भाजपा समर्थित चेयरपर्सन के विरुद्ध भाजपा द्वारा खोले गए मोर्चे के बाद कई दिलचस्प बातें देखने को मिल रही हैं। भाजपा जहां चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है, वहीं कांग्रेस समर्थित पंचायत समिति सदस्य अनिल डढवाल द्वारा इसे भाजपा द्वारा किए जा रहे नारी अपमान की संज्ञा देकर नारी सम्मान की रक्षा के लिए चेयरपर्सन रीता धीमान के पक्ष में खड़े होने का ऐलान किया है।

उन्होंने कहा कि दुर्योधन ने भी द्रोपदी का भरी सभा में चीरहरण करने का प्रयास किया था और अब जिस प्रकार भाजपा द्वारा अपनी ही पार्टी की चेयरपर्सन के विरुद्ध जो किया जा रहा है, वह भी चीरहरण से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान की रक्षा के लिए वह रीता धीमान का खुला समर्थन करेंगे। कांग्रेस समर्थित पंचायत समिति सदस्य अनिल डढवाल ने कहा कि पिछले चार साल से तमाम पंचायत समिति सदस्य प्रेम व सौहार्द से रह रहे थे, लेकिन अब जब पंचायत चुनावों में भी चंद माह रह गए हैं तो क्यों पंचायत समिति सदस्यों के मन में खटास भरने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चेयरपर्सन के विरुद्ध अगर कांग्रेस समर्थित समिति सदस्य अविश्वास प्रस्ताव पारित करवाते तो इसमें उनकी गरिमा भी बनी रहती, लेकिन जिस प्रकार भाजपा द्वारा ही भाजपा समर्थित चेयरपर्सन को पदच्युत करने का प्रयास हो रहा है, उससे चेयरपर्सन ही नहीं बल्कि नारी सम्मान को भी ठेस पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि वह इस मसले पर विधायक राकेश कालिया से भी निवेदन करेंगे कि इस निर्णय को समिति सदस्यों पर ही छोड़ दिया जाए।

## बच्चों के विकास को लेकर प्रारंभिक आयोजित कार्यक्रम में बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बाल्यावस्था प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का समग्र विकास करना होता है। इस कार्यक्रम के तहत प्राथमिक कक्षा के लिए भी बच्चे को तैयार करने के गुर सिखाए जाते हैं। प्राथमिक विद्यालय में सीखने के लिए बच्चों को तैयार करना होता है, जिसमें बच्चों को अपने हाथ से कोई चीज तैयार करके उसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोन पैदा करना है।

प्राथमिक पाठशाला कोलका में इस संबंध में कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्कूल प्रबंधक समिति और बच्चों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। इस दौरान प्रयास किया गया कि बच्चों का हर प्रकार से विकास हो। बच्चों के अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में पधारे बच्चों की शारीरिक मानसिक और सामाजिक विकास के लिए प्रदर्शनी का भी आयोजन किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती बेटियां।

भाग लेने वाले बच्चों को इनाम भी दिए गए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। नर्सरी कक्षाओं के बच्चों की माताओं ने कुर्सी और जलेबी रेस प्रतियोगिता में भाग लिया, जब बच्चे, उनके अभिभावक और अध्यापक इकट्ठे बच्चों के विकास के लिए कार्य करेंगे तो बच्चा खेल-खेल में ही जल्दी सीखेगा।

इस कार्यक्रम में सभी अभिवावकों और अध्यापकों ने उपस्थिति दर्ज की।

## कारला-बड़ूही संपर्क मार्ग 31 मार्च तक बनकर होगा तैयार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

टकारला से बड़ूही को जोड़ने वाली सड़क का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है। इससे पहले इस मार्ग की हालत काफी खराब थी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब छह करोड़ की लागत से इसका निर्माण कार्य किया जा रहा है। उपमंडल अंब के तहत बड़ूही टकारला संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। लोगों की वर्षों पुरानी मांग भी पूरी होने जा रही है।

सड़क के बनने से टकारला से बड़ूही के साथ दर्जनों गांव लाभान्वित होंगे, साथ ही धर्मशाला, कांगड़ा, नादौन और हमीरपुर जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। जो लोग वाया अंब होकर धर्मशाला-कांगड़ा और हमीरपुर की ओर जाते हैं, उनका इस मार्ग के बनने से लगभग बीस किलोमीटर सफर कम होगा। इसके साथ अंब शहर में लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। टकारला पंचायत के प्रधान राजीव शर्मा का कहना है कि लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। लोगों को अब परेशानी से छुटकारा मिलेगा। टकारला कृषि सोसायटी के प्रधान निर्मल सिंह का कहना है कि इस सड़क के बनने से लोगों का सफर सुहाना होगा और समय की भी बचत होगी। ठेकेदार शिव हाकम का कहना है कि लगभग 6 करोड़ से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाले रोड का कार्य काफ़ी तेजी से किया जा रहा है। 31 मार्च तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा करके जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी गगरेट स्थित कलोह, उप तहसील गगरेट स्थित कलोह जिला ऊना ( हि.प्र. )**

विवाह पंजीकरण

1 ) श्री मनीष कौशल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी वार्ड नम्बर 02 निवासी नगर पंचायत गगरेट, उप तहसील गगरेट स्थित कलोह, जिला ऊना, हि. प्र. । ( 2 ) श्रीमति रेणु पुत्री श्री सुदर्शन सिंह वासी गाँव ओएल हाल पत्नी श्री मनीष कौशल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी वार्ड नम्बर 02 निवासी नगर पंचायत गगरेट, उप तहसील गगरेट स्थित कलोह, जिला ऊना, हि. प्र. । .... *प्रार्थीगण*

**बनाम**

आम जनता

**विषय: प्रार्थना पत्र अधीन धारा 8 ( 4 ) विवाह पंजीकरण अधिनियम, 1996।**

**मुश्ती मुनादी वनाम आम जनता**

श्री मनीष कौशल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी वार्ड नम्बर 02 निवासी नगर पंचायत गगरेट, उप तहसील गगरेट स्थित कलोह, जिला ऊना, हि. प्र. व श्रीमति रेणु पुत्री श्री सुदर्शन सिंह वासी गाँव ओएल हाल पत्नी श्री मनीष कौशल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी वार्ड नम्बर 02 निवासी नगर पंचायत गगरेट, उप तहसील गगरेट स्थित कलोह, जिला ऊना, हि. प्र. ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश किया है कि उनकी शादी दिनांक 05-03-2016 को मुताबिक हिन्दू रीति रिवाज हुई थी परन्तु अज्ञानतावश शादी का पंजीकरण नगर पंचायत गगरेट के अभिलेख में नहीं करवाया है। प्रार्थी व प्रार्थीया ने अपनी शादी की पुष्टि बारे अपनी विवाह की फोटो, शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि दस्तावेज प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न किए हैं। रिपोर्ट सम्बन्धित स्थानीय पंजीकार विवाह पंजीकरण नगर पंचायत गगरेट के अनुसार उक्त शादी सम्बंधित नगर पंचायत गगरेट में दर्ज न है अब प्रार्थीगण अपनी शादी पंजीकृत करवाना चाहता है।

अत: आम जनता को इस इश्तहार / मुश्तरी मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त शादी दर्ज करने बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 17-02-2025 को दोपहर 02-00 बजे या इससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजिर अदालत होकर पेश करे। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करके नियमानुसार सम्बधित ग्राम पंचायत को शादी दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 17-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**गगरेट स्थित कलोह, जिला ऊना ( हि.प्र. )**

## बच्चों में अच्छे संस्कारों के लिए सुनाएं ध्रुव और प्रहलाद की कथा : आचार्य



भागवत कथा करते व्यास आचार्य शिव कुमार।

**हीना पठानिया, बड़ूही**

महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा रामकिशन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने भक्त ध्रुव प्रहलाद व भरत चरित्र के प्रसंग की कथा का वर्णन किया।

इस दौरान कथा आयोजक महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी ने अपने परिवार सहित एवं पंडाल में मौजूद श्रोताओं ने कथा का भाव-विभोर होकर श्रवण किया। भगवताचार्य आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने कथा के दौरान ध्रुव, प्रहलाद ब भरत चरित्र की कथा पर चर्चा की।

भगवान भक्तों की सच्ची पुकार सुनकर निश्चित ही उन पर कृपा बरसाते हैं। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए भक्त ध्रुव व प्रहलाद की कथा अवश्य सुनानी चाहिए। इससे उनमें अच्छे भाव व संस्कार जन्म लेते हैं। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**आयोजन** बंगाणा मीडिया में हुआ फ्रेंडली क्रिकेट मैच, दोनों टीमों का स्कोर टाई

## नशे से दूर रहने और खेलों को बढ़ावा देने का दिया संदेश

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा मीडिया कर्मियों में हुए एक रोमांचक फ्रेंडली क्रिकेट मैच हुआ, जिसमें आर्य टीम और साजन टीम ने समान स्कोर बनाकर मुकाबले को टाई कर दिया। यह मैच समाज को नशा मुक्त बनाने और खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मुख्यातिथि जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पॉल शर्मा ने बताया कि इस तरह के आयोजन युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करने में मदद करते हैं।

इस क्रिकेट मैच की शुरुआत आर्य टीम ने टॉस जीतकर की और बैटिंग करते उनके बल्लेबाजों ने संयम से खेलते हुए कुल 71 रन बनाए। आर्य टीम के बल्लेबाजों ने सधी हुई शुरुआत की, लेकिन कृष्ण पॉल शर्मा ने दो विकेट लेकर आर्य टीम को 71 रनों पर रोक दिया और साजन टीम के गेंदबाजों ने कड़ी चुनौती दी। आर्य टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुछ बेहतरीन शॉट्स लगाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद साजन टीम ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया। शुरुआत में उन्हें कुछ झटके लगे, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने मोर्चा संभाल लिया।



मुकाबला शुरू होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ी।

भारत भूषण और अनिल ठाकुर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को 71 रनों तक पहुंचा दिया। साजन टीम के अन्य खिलाड़ियों ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी की और अंत तक संघर्ष जारी रखा। आखिरी ओवर में जब साजन टीम को जीत के लिए 10 रन चाहिए थे, तब आर्य टीम के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की और मैच को रोमांचक बना दिया।

अंतत: साजन टीम भी 71 रन ही बना सकी और मैच टाई हो गया। इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों में रुचि लेने के लिए प्रेरित करना था। मुख्यतिथि कृष्ण पॉल शर्मा ने कहा आज के युवा यदि खेलों से जुड़े रहें तो वे नशे जैसी बुरी आदतों से बच सकते हैं। यह मैच इसी उद्देश्य से आयोजित किया गया था ताकि युवाओं को खेलों की तरफ आकर्षित किया जा सके।

इस फ्रेंडली मैच ने यह संदेश दिया कि खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि वे एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे टूर्नामेंट आयोजित करने की इच्छा जताई, जिससे अधिक से अधिक युवा खेलों में भाग लें और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। इस मौके पर जोगेंद्र देव आर्य, अनिल ठाकुर, कृष्ण पॉल शर्मा, बिपिन साजन, भारत भूषण,राजेश ठाकुर, जितेंद्र शर्मा, मुकेश कुमार, रणधीर शर्मा, विनोद शर्मा, अभिषेक कुमार रिंकू के अलावा अन्य गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## एनएसएस शिविर में योगाभ्यास कराया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी उत्कृष्ट राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। स्वयंसेवियों ने सुबह के नाश्ते के बाद ग्रुप वाइज रिपोर्टिंग की, जिसमें प्रत्येक ग्रुप लीडर ने अपने समूह की गतिविधियों की जानकारी एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी को दी।

शिविर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था गोद लिए गए गांव मुशाली और नियाली में एनएसएस स्वयंसेवियों ने गांव के गरीब नाथ मंदिर, बावड़ी और मुख्य सड़क की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान, गांव के लोग और महिला मंडल के सदस्य भी शामिल हुए और स्वच्छता बनाए रखने के टिप्स आशा वर्कर वीना ने साझा किए। साथ ही डिजिटल लिटरेसी के महत्व पर चर्चा की और साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए।

# जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजी अठारह करडू की सौह

## बसंत पंचमी पर कुल्लू में हुआ राम-भरत मिलन, रघुनाथपुर में होली का आगाज, 40 दिनों तक उड़ेगा गुलाल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू में रविवार को धूमधाम से बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया।

इस मौके पर अठारह करडू की सौह (ढालपुर) भगवान रघुनाथ जी के उद्घोष से गूंज उठी। दोपहर करीब सवा 12 बजे सुल्तानपुर (रघुनाथपुर) से अधिष्ठाता रघुनाथ जी की शोभायात्रा निकली, जो कि डेढ़ बजे रथ मैदान पहुंची, यहां पर दो भाईयों राम-भरत का महामिलन हुआ, जिसे देखकर सभी भाव-विभोर हुए। परंपरा के अनुसार भरत की भूमिका महंत खानदान के व्यक्ति ने निभाई। राम-भरत मिलन के साथ ही हनुमान जी की अठखेलियां भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। केसरी रंग में पूरी तरह से रंगे हनुमान ने श्रद्धालुओं के ऊपर गुलाल फेंका। मान्यतानुसार हनुमान द्वारा फेंका गुलाल, जिनके ऊपर भी गिरता है वह सौभाग्यशाली होते हैं। अधिकतर लोग यहां पर पीले वस्त्रों में नजर आए। वहीं, भगवान रघुनाथ जी को भी पीले ही वस्त्र पहनाए गए थे। कुल्लू के अलावा इस परंपरा का निर्वहन कुल्लू की प्राचीन राजधानी नग्गर, ठावा व मणिकर्ण में भी किया गया। दो बजे रथ मैदान से ढालपुर के लिए भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा निकली। इस पल के सैकड़ों लोगों गवाह बने, लोगों ने रथ को खींचकर पुण्य कमाया। बसंत उत्सव के साथ ही कुल्लू में होली का भी आगाज हो गया, 40 दिनों तक रघुनाथ की नगरी में खूब गुलाल उड़ेगा और रघुनाथपुर में होली तक ब्रज के गीत गूंजेंगे। होली से 8 दिन पूर्व यहां होलाष्ठक का भी आयोजन होगा। देश भर में मनाई जाने वाली होली से एक दिन पूर्व ही कुल्लू में होली खेलने की रस्म अदा की जाती है। बहरहाल, भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा के साथ ही देवभूमि कुल्लू में बसंत उत्सव की खूब धूम रही।

उधर, मणिकर्ण में भी भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भीड़ उमड़ी। इस परंपरा का निर्वहन कुल्लू, मणिकर्ण व ठावा में 1651 से किया गया। बहरहाल रघुनाथ की रथयात्रा से देवभूमि कुल्लू निहाल हो गई और बसंत पंचमी का खुशी-खुशी से आगाज हुआ। (अनंत ज्ञान)



बसंत पंचमी के अवसर पर ढालपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में उमड़ी भक्तों की भीड़।

### सदियों से हो रहा निर्वहन

भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि इस दिन ऋतुराज बसंत का आगमन होता है तथा इसी दिन सरयू नदी के किनारे श्रीराम के वनवास के समय राम-भरत मिलाप हुआ था। इसी परंपरा का सदियों से कुल्लू में निर्वहन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस बार भी बसंत पंचमी के अवसर पर सभी परंपराओं को निभाया गया। उन्होंने बताया कि इस परंपरा का निर्वहन मणिकर्ण में 1651 विकर्मी संवत से किया जा रहा है। वहीं, इस परंपरा में महंत समुदाय का एक व्यक्ति हनुमान बनकर रघुनाथ के इस पूरे समय में अपनी हाजिरी भरता है तथा महंत समुदाय का ही एक व्यक्ति गुरु बशिष्ट व वत्स परिवार का एक व्यक्ति भरत बनकर इस अनूठी परंपरा को निभाते हैं।

# हरिपुर व नग्गर में लोगों ने माधवराय के रथ को खींचकर कमाया पुण्य



**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू के अलावा हरिपुर व नग्गर में भी बसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अधिष्ठाता भगवान माधवराय की भव्य रथयात्रा के साथ रविवार को इसका शुभारंभ हो गया। होली तक इस उत्सव को मनाया जाएगा।

भगवान माधवराय के सम्मान में बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई और सैकड़ों लोगों ने माधवराय के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सैकड़ों लोगों ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ माधवराय के रथ को खींचकर पुण्य कमाया। हरिपुर में बसंत पंचमी पर रविवार को देवता ठाकुर माधवराय की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रास्ते में लोगों ने अपने आराध्य देवता का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। यहां पर माधवराय की पूजा-अर्चना के बाद श्रीराम-भरत मिलन हुआ, जिसके सैकड़ों लोग साक्षी बने। इसके बाद हनुमान जी ने लोगों को गुलाल लगाया।

अस्थायी शिविर में लोगों ने एक-दूसरे पर गुलाल फेंका और माधवराय का प्रसाद वितरित किया गया। नग्गर ठावा, मणिकर्ण और वशिष्ठ में भी बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया। इन सभी देव स्थलों पर देव परंपरा अनुसार गुलाल उड़ाया गया। बता दें कि ढालपुर, मणिकर्ण, वशिष्ठ, हरिपुर और नग्गर से भगवान रघुनाथ का इतिहास जुड़ा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## उझी घाटी के फोजल नाले के नजदीक शव बरामद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की उझी घाटी में एक दुखद घटना घटी सामने पेश आई है। डोभी फ्लाई ओवर के पास फोजल नाले के नजदीक कोश के पेड़ के पास एक शव मिला, जिसकी पहचान शिम गांव के सुशील उर्फ मनु (30) वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शव ठंड के कारण अकड़ गया था, जिससे लगता है कि व्यक्ति की मौत ठंड की वजह से हुई है, लेकिन मौत के असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। स्थानीय लोगों ने मनु के परिवार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मनु के पिता का देहांत कुछ साल पूर्व हो चुका है और उसकी एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। मनु अपनी मां का इकलौता सहारा था। मनु की मौत की सूचना मिलते ही मां घर से दौड़ लगाकर घटना स्थल पर पहुंची और उनकी चीख-पुकार सुनकर सभी लोगों का दिल करुणा से भर गया। इस मौत के बाद शिम गांव में सन्नाटा पसर गया है। थाना प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि सुशील का शव पोस्टमार्टम के लिए कुल्लू ले जाया जाएगा, जहां से रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा।

## सड़क परिवहन व राजमार्ग के राज्यमंत्री अजय से मिले पूर्व विधायक रवि ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय में राज्यमंत्री अजय टम्टा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने लाहौल-स्पीति में सीमा सड़क संगठन द्वारा बनाए जा रहे समदो काजा ग्रांफू (एसकेजी) सड़क, जिसमें 1400 करोड़ के लगभग की राशि खर्च की जा रही है।

उसके कार्य मे तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने संसारी किलाड़ थिरोट तांदी (एसकेटीटी) सड़क, जिसमें 1800 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, उसमें भू-अधिग्रहण कर लोगों को उचित मुआवजा देकर जल्द चौड़ीकरण का कार्य शुरू करने का आग्रह किया। पूर्व विधायक ने शिंकुला टनल, जिसमें 3200 करोड़ से अधिक की राशि खर्च होगी, उसे भी जल्द शुरू करने की मांग की। विधायक ने बताया कि उन्होंने राज्य मंत्री से सड़कों के चल रहे डबललेन कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा की। रवि इाकुर ने कहा कि राज्य मंत्री ने उन्हें यथा संभव मदद का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास को लेकर गंभीर है। मंत्री ने



**समदो ग्रांफू व तांदी संसारी मार्ग सहित शिंकुला दर्रे में बनने वाली टनल बारे की विस्तृत चर्चा**

कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्रों की सड़कें हमारी रीढ़ की हड्डी हैं। जोजिला टनल की तरह ही शिंकुला टनल को जल्द ही देश को समर्पित किया जाएगा। रवि ने कहा कि उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि लाहौल-स्पीति में हो रहे विकासात्मक कार्यों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार के अवसर दिए जाएं। उन्होंने मंत्री को लाहौल-स्पीति का दौरा करने के लिए भी आमंत्रित किया।

## नहीं हो पाई महिला के शव की शिनाख्त, जांच जारी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में ब्यास पुल के साथ लगते झाड़ग क्षेत्र में मिले महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

महिला के शव के पास पुलिस को एक बैग भी मिला है, लेकिन उस बैग में ऐसी कोई चीज नहीं मिली है, जिससे उनकी शिनाख्त करने में मदद मिल सके। हालांकि पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है, लेकिन सुराग हाथ न लगने से महिला की शिनाख्त करना चुनौति बना हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मंडी के नेरचौक मेडिकल भेज दिया है। पुलिस को अब पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार है। शनिवार सुबह झाड़ग में महिला का शव बरामद हुआ था। महिला के चेहरे पर गहरे घाव के निशान थे। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक भेज दिया है। उन्होंने बताया कि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस को पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार है।

## पनगां स्कूल में 140 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा नग्गर ब्लॉक के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल पनगां में निशुल्क नाक, कान, गला और स्त्री रोग संबंधी विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 140 से अधिक लोगों को निशुल्क उपचार व नाक, कान, गला तथा स्त्री रोग संबंधी जांच परिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं व निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा लगभग 250 निशुल्क टेस्ट भी किए गए। शिविर के सफल आयोजन में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल पनगां के प्रधानाचार्य ज्योति कपूर और पंचायत प्रधान विजय प्रकाश का विशेष योगदान रहा। इस शिविर के दौरान आशा वर्कर्स व ग्राम स्वास्थ्य मार्गदर्शिका ने भी विषेश भूमिका निभाई। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. पल्लवी स्त्री रोग चिकित्सा, डॉ. वरुण नाक, कान, गला और द हंस फाउंडेशन की टीम से चिकित्सा अधिकारी डॉ. शमशेर सिंह पुजारा आदि उपस्थित रहे।



## बिचौलियों से पीछा छुड़वाने को आज डीसी व डीटीडीओ से मिलेंगे पर्यटन कारोबारी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटकों को महंगे पैकेज बेचने वाले बिचौलियों से पीछा छुड़वाने को आज पर्यटन कारोबारी डीसी कुल्लू एवं डीटीडीओ कुल्लू से मिलेंगे। पर्यटन कारोबारी महंगे व मनमाने पैकेज बेचकर मोटी कमाई करने वालों पर कार्रवाई की मांग भी करेंगे।

इन पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि कुछ एक लोग पर्यटकों को मनमर्जी के पैकेज बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं। यह कारोबारी अपनी दुकान में बैठकर एटीवी बाइक, स्नो स्कूटर, जिप लाइन, फोटोग्राफर, स्की एंड ट्यूब, बंजी जंपिंग, जाइंट स्विंग एंड जोरबिंग बाल व लोकल ड्रेस सहित समस्त साहसिक गतिविधियों का मनमाना पैकेज बेच रहे हैं। डीसी से मिलने जा रहे इन पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि पैकेज वाले पर्यटन स्थलों का माहौल खराब कर रहे हैं। उनकी माने तो उनके पास मनमाने पैकेज बेचने वालों की रसीदें भी हैं, जिन्हें वह डीसी व डिटीडीओ के साथ साझा कर सच्चाई सामने लाएंगे। उनका कहना है कि पर्यटन विभाग द्वारा निर्धारित दाम ही पर्यटकों से बसूलले जाएंगे। उनका कहना है कि वह डीसी व डीटीडीओ से आग्रह करेंगे कि मनमाने दाम बसूलने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं, ताकि पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाई जा सके।

## उठाऊ पेयजल योजना की बिजली आपूर्ति एक दिन में की बहाल

**अनंत ज्ञान, सैंज**

ग्राम पंचायत रैला में अब पेयजल की समस्या से दो-चार नहीं होना पड़ेगा। बिजली विभाग ने गांव में 220 केवी का बड़ा ट्रांसफार्मर स्थापित कर ग्रामीणों को राहत दी है।

राज्य बिजली परिषद के उपमंडल लारजी स्थित सहायक अभियंता मनमोहन सिंह चंदेल ने कहा कि विभाग ने साइट पर ही बड़े जोखिम के साथ ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ग्रामीणों को समस्या से निजात दिलाई है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग सदैव ग्रामीणों की हितैषी है तथा भविष्य में भी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। पंचायत रेला में उठाऊ पेयजल योजना के बंद होने से ग्रामीण पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं तथा जल शक्ति विभाग ने इसका ठीकरा बिजली विभाग पर फोड़ा है, लेकिन बिजली विभाग ने एक दिन में ही ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कर लोगों की समस्या का समाधान किया है। रैला पंचायत के ग्रामीण झाबे राम, योगराज, जितेंद्र, यान सिंह, रमेश, महेंद्र सिंह, अभिषेक, उर्मिला देवी, कैलाश, टेक सिंह आदि ग्रामीणों ने इस नेक कार्य के लिए बिजली विभाग का आभार प्रकट किया है। पंचायत के ग्रामीण पिछले एक माह से पानी की किल्लत से परेशान थे तथा बिजली की समस्या के चलते करोड़ों रुपए की उठाऊ पेयजल योजना बंद पड़ी थी। अपनी समस्या को लेकर रैला गांव के काफी लोग कुल्लू की डीसी से भी मिले, लेकिन रविवार को बिजली विभाग के सहायक अभियंता मनमोहन सिंह चंदेल अपने दलबल के साथ रेला गांव पहुंचे तथा 220 केवी का ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली बहाल कर दी है। रेला पंचायत के उपप्रधान कैलाश ठाकुर ने बताया कि विभाग ने ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कर दिया है, जबकि जल शक्ति विभाग ने पानी की आपूर्ति भी बहाल कर दी है।

## चित्रों के माध्यम से जीव जंतु कल्याण बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर माइंडस्केप आर्ट गैलरी तथा पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जीव जंतु कल्याण दिवस के अवसर पर माइंड स्केप गैलरी हरिपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिदेशक पशुपालन विभाग कुल्लू डॉ. राजेंद्र पॉल ने बताया कि जीव-जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर जीव-जंतु कल्याण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी उपलक्ष्य में कार्यक्रम में पेंटिंग तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीव जंतु कल्याण तथा बसंत पंचमी को दर्शाते पेंटिंग तथा चित्र बनाकर प्रतिभागियों ने जीव जंतु कल्याण को लेकर जागरूकता लाने का प्रयास किया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने जीव जंतु कल्याण तथा समाज के लिए जीव जंतुओं के अस्तित्व को बचाने को लेकर अपने विचार रखे। इस अवसर पर पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त डॉ. संजू पॉल सहित पशुपालन विभाग के विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित रहे।




## तांदी अग्निकांड पीड़ितों को कृषि उपकरण प्रदान कर दी सहायता

**अनंत ज्ञान, बंजार।** तांदी अग्निकांड से प्रभावित किसानों की सहायता के लिए पूरन तारा फाउंडेशन ने आगे आकर उन्हें कृषि संबंधित उपकरण प्रदान किए, जिससे वे अपनी आजीविका को दोबारा पटरी पर ला सकें। फाउंडेशन की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी जरूरतों को समझते हुए यह सहायता प्रदान की। संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह केवल एक शुरुआत है और आगे भी पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। स्थानीय लोगों और प्रशासन के सहयोग से फाउंडेशन यह सुनिश्चित करेगा कि प्रभावित किसान फिर से आत्मनिर्भर बन सकें। इस पहल से अग्निकांड पीड़ितों को काफी राहत मिली है और वे भविष्य में भी ऐसी सहायता की उम्मीद कर रहे हैं।

## ऑल इंडिया सिलंबम में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते 6 मेडल, अमृता ने गोल्ड पर जमाया कब्जा

**अनंत ज्ञान, आनी**

ऑल इंडिया ओपन सिलंबम प्रतियोगिता 2024-25 नेशनल सब जूनियर वर्ग, जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग में यह प्रतियोगिता कन्याकुमारी तमिलनाडु में 30 से 2 फरवरी तक आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने भी भाग लिया। हिमाचल की टीम से 5 लड़कों और 1 लड़की ने प्रतियोगिता में भाग लिया। हिमाचल प्रदेश की टीम ने 1 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल और 3 ब्रांज मेडल हासिल कर प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। हिमाचल की टीम से एक लड़की अमृता पुत्री अशोक कुमरा डाकघर कराना तहसील आनी जिला कुल्लू ने गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके अलावा अजय धामी पुत्र हीरा लाल डाकघर गड़सा तहसील भुंतर जिला कुल्लू को सिल्वर मेडल और नितिन कुमार पुत्र केहर सिंह डाकघर नगवाईं जिला मंडी व भूपेश सोनी पुत्र परस राम डाकघर व तहसील आनी जिला कुल्लू और राहुल ठाकुर पुत्र मनोहर लाल डाकघर डोहड़ तहसील आनी जिला कुल्लू और आदेश राज पुत्र हेम राज डाकघर गड़सा तहसील भुंतर जिला कुल्लू ने ब्रांज मेडल हासिल किए। सिलंबम एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के सचिव पंकज कुमार और कोच अशोक ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश की टीम ने 6 मेडल हासिल किए।




**प्रतिक्रिया** मोनू ने कहा, युवा, मध्यम वर्ग और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

## बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर

**अनंत ज्ञान, आनी**

युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोनू भारद्वाज ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया वित्तीय वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



यह बजट युवा, मध्यम वर्ग, किसान, उद्यमी और आम जनता के लिए राहत और प्रगति का संदेश लेकर आया है। बजट में करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया है, जिससे मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसके अलावा, नई कर व्यवस्था में 24 लाख रुपए तक की आय पर कर की दरों को सरल और किफायती बनाया गया है। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में मांग में वृद्धि होगी। इस बजट में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। सरकार ने स्टार्टअप को कर में छूट और अनुदान देने की योजना बनाई है, जिससे नवाचार और नए उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा, राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की घोषणा की गई है, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। किसानों के लिए यह बजट कई राहतों से भरा हुआ है। सरकार ने दालों और कपास के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष मिशन की शुरुआत की है। इसके अलावा, सिंचाई परियोजनाओं, जैविक खेती और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी के लिए बजट में बड़े प्रावधान किए गए हैं। ग्रामीण भारत की प्रगति के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर दिया गया है, जिससे गांवों में बेहतर सड़कें, बिजली और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा को 100 फीसद तक बढ़ाने की घोषणा की गई है, जिससे विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ेगा।

## जन आकांक्षाओं को समर्पित है केंद्रीय बजट : अमित सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट हर वर्ग के लिए किसी सौगात से कम नहीं है और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मध्यम वर्ग के लिए यह बजट किसी स्वप्न के पूरा होने से कम नहीं है। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कुल्लू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि केंद्रीय बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं के लिए राहत लेकर आया है।



12 लाख तक की आय को कर मुक्त करना अपने आप में बहुत बड़ी बात है, जिसकी कल्पना तो किसी ने भी नहीं की थी। इस फैसले से पूरे देश का नौकरी पेशे वाला वर्ग झूम उठा है। इसके साथ ही आयकर रिटर्न को चार साल में एक साथ भरने का फैसला भी करोड़ों लोगों को राहत देने वाला है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख से 5 लाख करने से किसानों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी। वहीं, युवाओं को स्टार्टअप के लिए लोन की सीमा को 10 करोड़ से 20 करोड़ करने से अनेक नए रोजगार सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि 36 जीवन रक्षक दवाइयों को पूरी तरह करमुक्त करने से गंभीर बिमारी से जूझ रहे मरीजों को विशेष राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर सैंटर खोलने का निर्णय भी अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार जन सेवा और हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और बड़े फैसले ले रही है, जिसको देखते हुए जनता लगातार तीसरी बार भाजपा को बहुमत देकर सत्ता में लाई है।

## लंका बेकर में मनाया संविधान गौरव अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय संगठन द्वारा शुरू किए संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत कुल्लू में जिलाध्यक्ष अमित सूद व मंडलाध्यक्ष श्रवण लाल के आदेशानुसार रविवार को ढालपुर 2 बूथ में गौरव सम्मान दिवस लंका बेकर में बड़ी श्रद्धा और उत्सव के रूप में मनाया गया, जिसमें भाजपा के पदाधिकारी अरुण कम्बोज सम्मिलित रहे और कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कर्मचारी नेता दिले राम ठसकु उपस्थित रहे।

दिले राम ने संविधान के गौरव पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सविंधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के सम्मान में विस्तृत व्यक्तव्य दिया और बताया कि बाबा साहेब को यदि किसी ने सम्मान दिया है तो वह भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार ने, जिन्होंने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास नारे व संकल्प के साथ काम किया है और सभी को समान रूप अपनाया है, जहां भेदभाव की थोड़ी देर भी संभावना नहीं रहती है।

## पंचायत चौकीदारों को नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाए सरकार : प्रेम वर्धन



कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को जिला पंचायत चौकीदार यूनियन का प्रतिनिधिमंडल मांग पत्र सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

हिमाचल प्रदेश पंचायत चौकीदार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम वर्धन की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से मिला। इस मौके पर जिला कुल्लू पंचायत चौकीदार यूनियन कार्यकारिणी ने अपनी मांगों को लेकर विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर के निवास स्थान तेगुबेहड़ में जाकर उन्हें मांग पत्र सौंपा।

प्रेम वर्धन ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा पंचायतीराज विभाग में पंचायत चौकीदारों की नियुक्तियां पंचायतीराज विभाग की स्थापना के साथ हुई हैं, लेकिन सरकार द्वारा पंचायत चौकीदारों को नियमित करने की कोई ठोस नीति नहीं बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पंचायतों के माध्यम से कई योजनाएं चलाई गई हैं, जिससे पंचायत चौकीदार द्वारा गांव में घर-घर जाकर योजनाओं के बारे में सूचित किया जाता है और प्रतिदिन पंचायतों में कार्य करना पड़ता है। 9 से 5 बजे तक पंचायत घर में बैठना पड़ता है। पंचायत चौकीदारों का मानदेय बहुत कम होने के कारण अपने परिवार का पालन-पोषण करना बहुत मुश्किल हो गया है और सरकार द्वारा अन्य विभागों में अंशकालीन तौर पर कई कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

इन कर्मचारियों को सरकार द्वारा 6-7 सालों की अवधि में नियमित किया जाता है, लेकिन पंचायतीराज विभाग में अन्य पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को समय-समय पर सरकार द्वारा नियमित किया जाता है, लेकिन जब से पंचायतीराज की स्थापना हुई है, तब से लेकर आज तक पंचायत चौकीदारों को अनदेखा किया जा रहा है, जिस कारण पंचायत चौकीदारों की नियुक्तियां नियमित नहीं हुई हैं। उन्होंने विधायक से कहा कि हमारी कई सालों से लंबित पड़ी मांगों को जल्द पूरी करवाएं। सुंदर सिंह ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सरकार और विभाग से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है विधायक हमारी मांगों को सरकार के समक्ष रखेंगे और पूरा करने की भी कोशिश करेंगे। इस मौके पर किशन चंद, नानक चंद, किशन चंद, इंद्रजीत, भोले राम, ज्ञान चंद, भारती, ओम चंद, तेज सिंह, दीनू, रामधन आदि मौजूद रहे।

# तीन बावड़ियों के पानी में मिला कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया, पीलिया फैलने की बढ़ी आशंका

## बावड़ियों से पानी न पीने के नोटिस लगेंगे, अश्विनी खड्ड पेयजल योजना शुरू न होने से पानी की कमी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के साथ लगते क्षेत्रों में पानी की बावड़ियों में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया पाया गया है, जिससे पीलिया फैलने की आशंका जताई जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जुटाए गए सैंपल की जांच में चंबाघाट की तीन बावड़ियों में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया पाया गया है। चंबाघाट और कथेड़ से पिछले दिनों सोलन अस्पताल में पीलिया के मामले सामने आए थे। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि लोग बावड़ियों का पानी पीने से बीमार हुए हैं। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम को चंबाघाट की तीन बावड़ियों से पानी न पीने के नोटिस लगाने को कहा है। सोलन शहर में पहले पीलिया के सोर्स को जांच के लिए कई जगह के पानी के सैंपल लिए गए हैं। इसी कड़ी में शहर के चंबाघाट क्षेत्र की तीन बावड़ियों की पानी की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इन बावरी के पानी में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया पाया गया है। जानकारी के मुताबिक यह बैक्टीरिया पेट से संबंधित पेचिश जैसी बीमारियों का कारण बनता है। उधर, अश्विनी खड्ड पेयजल योजना शुरू न होने के कारण शहर में पानी की कमी भी होने लगी है। वार्ड नंबर-एक के कुछ क्षेत्र में पिछले 7 दिन से पानी की सप्लाई नहीं हुई है। शहर में पीलिया के मामले सामने आने पर कुछ दिनों पहले पेयजल योजनाओं बावड़ियों के पानी के सैंपल लिए गए थे। पानी के सैंपल की रिपोर्ट में न्यू कथेड़, बसाल और बावरा की बावड़ियों के पानी में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया मिला है।

रिपोर्ट आने के बाद विभाग ने इसके बारे में नगर निगम को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि इन बावड़ियों के बाहर नोटिस लगा दिया जाए कि पानी पीने योग्य नहीं है। साथ ही इन तीनों बावड़ियों की सफाई करवाई जाए। शहर में सामने आए पीलिया के मामलों में से ज्यादातर इसी क्षेत्र से हैं। ऐसे में अब कुछ हद तक पीलिया को कंट्रोल करने में विभाग को कामयाबी मिल सकती है। शहर में बीते कुछ दिनों से लगातार पीलिया के मामले सामने आ रहे थे।


पीलिया के कारणों का नहीं हो रहा खुलासा

अनंत ज्ञान में प्रकाशित खबर, जिस पर विभाग ने की कार्रवाई।

### बावड़ियों के पानी में मिला बैक्टीरिया : सीएमओ

**सीएमओ** डॉ.अमित रंजन ने कहा कि न्यू कथेड़, बसाल और बावरा में स्थित बावड़ियों में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया मिला है। यह खतरनाक होता है। एमसी को इस विषय में पत्र लिखा है। चंबाघाट और कथेड़ में इसी से पीलिया फैलने की आशंका है। लोगों से 20 मिनट तक उबाले पानी का ही सेवन करने का आग्रह किया गया है।

### डोर-टू-डोर सर्वे जारी

**स्वास्थ्य** विभाग की डोर टू डोर पीलिया ढूंढने की मुहिम भी लगातार चल रही है। आशा वर्कर्स के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली जा रही है, अब तक करीब 7500 लोगों से ऐसी जानकारी जुटाई गई है।

### पानी की नहीं हुई सप्लाई

**गिरि** नदी के बाद अश्विनी खड्ड शहर को पानी की आपूर्ति करने वाले दूसरी बड़ी योजना है। पिछले एक सप्ताह से यह योजना बंद है, ऐसे में शहर में पानी की कमी होने लगी है। वार्ड नंबर-1 के पार्षद मनीष सोपाल ने कहा कि उनके क्षेत्र में पिछले 7 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हुई है।

इसी कड़ी में स्थानीय प्रशासन ने भी संज्ञान लिया है।

खुद डीसी मनमोहन शर्मा ने पीलिया को रोकने के लिए जल शक्ति विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग को कड़े आदेश दिए हैं। उनके निर्देश पर अश्वनी खड्ड समेत तीन पानी की योजनाओं को एहतियात के तौर पर बंद किया गया है। इसके साथ ही सभी विभागों ने अपने-अपने स्तर पर पानी के सैंपल भरे हैं, जो सैंपल कंडाघाट लैब में भेजे गए। उसकी रिपोर्ट भी ठीक आई है, लेकिन जांच के लिए एनआईवी पुणे जो सैंपल भेजे गए हैं। उनकी रिपोर्ट्स का अभी इंतजार है। (अनंत ज्ञान)

## जगास गांव के लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** विकास खंड के जगास गांव में लोगों को सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि यहां जगास व इसके साथ के क्षेत्र में लगभग 5 दर्जन परिवार रहते हैं और साथ लगते स्थानीय नाले से इस गांव के लिए एक काफी पुरानी उठाऊ पेयजल योजना बनी है, मगर पिछले लगभग 10-11 दिनों से यह योजना बंद पड़ी है।

क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी है, जिस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां एक प्राचीन बावड़ी है। वहां से लोगों को पीठ पर लाद कर पानी ढोना पड़ रहा है। लोग अपने लिए तो जैसे-तैसे पानी का जुगाड़ कर लेते हैं, मगर मवेशियों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। जंगल व चारागाहों में भी पिछले चार महीनों से सूखे के कारण प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख गए हैं। ऐसे में लोगों को जहां अपने लिए पेयजल का जुगाड़ करने में भारी परेशानी हो रही है। वहीं, मवेशियों के लिए भी पानी का जुगाड़ करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बारे में लोगों ने जल शक्ति विभाग को बार-बार अवगत करवा रहे है, लेकिन विभाग की ओर से आश्वासन ही मिल रहे हैं। लोगों ने विभाग से मांग की है कि उन्हें जल्द पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। उधर, जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता मस्त राम ने कहा कि इस गांव के लिए जो उठाऊ पेयजल है। उसके पंपों में तकनीकी खराबी आने के कारण यह समस्या आई है, जिसे जल्द ठीक किया जाएगा। विभाग लगातार इस योजना को ठीक करने का प्रयास कर रहा है।

## तीन करोड़ से बनेगी बाग त्रिलोकपुर सड़क : अजय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि नाहन विधानसभा के जाबल बाग-कंडईवाला-त्रिलोकपुर सड़क को सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो गई है।



यह सड़क 28 अगस्त 2023 को नाबार्ड द्वारा स्वीकृत की गई थी, जिसके बाद इसे वन विभाग की मंजूरी के लिए भेजा गया था। अब इस सड़क को फॉरेस्ट क्लीयरेंस भी मिल चुकी है, जिससे निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं रहेगी और जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा। यह सड़क 12.5 किलोमीटर लंबी होगी और इसके निर्माण पर 7.43 करोड़ की लागत आएगी। इसमें से 3 करोड़ की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है, जिसका कार्य जल्द आरंभ किया जाएगा। इस परियोजना से क्षेत्र की 11-12 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे नाहन के लिए आवागमन अधिक सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त, छह अन्य महत्वपूर्ण सड़कों की भी फॉरेस्ट क्लीयरेंस पहले ही प्राप्त हो चुकी है। इनमें आदि बद्री-जली-बड़ो-कटाना-कुन स्कूल से डांडी पुल तक की सड़कें शामिल हैं, जो इन क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाएंगी और स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा प्रदान करेंगी।

मेरी प्राथमिकता हमेशा से क्षेत्र के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना रही है। सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं और मैं संकल्पित हूं कि नाहन विधानसभा के हर गांव और हर घर को सड़क मार्ग से जोड़ा जाए। इन परियोजनाओं से न केवल लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक भी उनकी पहुंच आसान होगी। हमारा लक्ष्य सिर्फ सड़कें बनाना ही नहीं, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

### द स्कॉलर होम के खेल ग्राउंड में रग्बी प्रतियोगिता हुई आयोजित

# कोटड़ी व्यास व द स्कॉलर ने जीती प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के पांवटा साहिब तहसील में द स्कॉलर होम के खेल ग्राउंड में रग्बी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

इसमें मुख्यातिथि हिमाचल युवा कांग्रेस नेता, मुहम्मद शाहनवाज विशेषातिथि हरप्रीत, कुलवंत सिंह, शिवा चौधरी, शशिपाल चौधरी, चमन ठाकुर उपस्थित हुए, जिसमें मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता रहने वाली टीमों को मेडल व ट्रॉफी से सम्मानित किया। पूरे जिले से 9 लड़कों व 5 लड़कियों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करते हुए कोटड़ी व्यास स्पोर्ट्स क्लब गर्ल्स की टीम ने जिला स्तरीय चैंपियनशिप में विजेता का खिताब जीता। वहीं, उपविजेता वेद व्यास स्पोर्ट्स क्लब रहा। वहीं, लड़कों के वर्ग में द स्कॉलर होम की टीम विजेता। उपविजेता कोटड़ी व्यास स्पोर्ट्स क्लब की टीम रही। लड़कियों में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम कप्तान महक, नदिता हर्षिता, दिव्यांशी, रितिका, कृतिका, स्नेहा पायल, श्वेता, दीपिका, दीक्षा कोटड़ी व्यास व नेहा जीवाला, लड़कों में लक्ष्य, अंकित आदित्य, प्रिंस, तरुण कोटड़ी व्यास, भावेश, सुरेयांश, प्रांजय शौराय, अर्शित, शौर्य द स्कॉलर होम अनिकेत नाहन को स्टेट लेवल प्रतियोगिता के लिए सिलेक्ट किया गया।

## 200 ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नालागढ़ संत निरंकारी मंडल की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह शिविर सत्संग भवन में लगाया गया। इसमें 200 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इसमें डॉ. मणिका शर्मा और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला स्थित बल्ड बैंक की टीम ने रक्त एकत्र किया। इसमें से 150 यूनिट आईजीएमसी शिमला और 50 यूनिट नालागढ़ अस्पताल की टीम ने संग्रहण किए। संत निरंकारी मंडल नालागढ़ के प्रमुख गुरमीत सिंह ने बताया कि सदगुरु सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से हर वर्ष इस प्रकार शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य सामाजिक कार्यों में भी मिशन सदैव अग्रणी रहता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक भजन सिंह, जोनल इंचार्ज विवेक कालिया, संचालक, गोपाल, शिक्षक तरसेम चौहान, संचालिका अल्पना आदि मौजूद रहे।

# बैडमिंटन एकल में ललित और डबल में संजय हिंदवान व सोमदत्त रहे विजेता

**अनंत ज्ञान, सोलन**



जिला सोलन पत्रकार संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। इसमें एसोसिएशन के करीब 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैडमिंटन एकल मुकाबले में ललित कश्यप विजेता रहे, जबकि डबल मुकाबलों में संजय हिंदवान व सोमदत्त शर्मा की जोड़ी ने ट्रॉफी पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता के दौरान हिमुडा के पूर्व सीई.ओ दिनेश कश्यप मुख्यातिथि मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता ठोडो मैदान स्थित बैडमिंटन हॉल में आयोजित की गई। दो दिनों तक पत्रकारों ने खूब पसीना बहाया और जीत के लिए दमखम दिखाया। इस प्रतियोगिता में महिला पत्रकारों ने भी एकल मुकाबले खेले, जिसमें पूनम शर्मा विजेता व भावना ओबराय उपविजेता रही। रविवार को आयोजित पुरुष डबल मुकाबलों में संजय हिंदवान व सोमदत्त शर्मा और मोहन चौहान व पवन ठाकुर की जोड़ी अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंची। फाइनल मुकाबला काफी शानदार रहा और काफी संख्या में दर्शक भी मौजूद रहे। फाइनल मुकाबला संजय हिंदवान और सोमदत्त शर्मा की जोड़ी ने 21-17 और 21-15 के अंतर से जीत लिया। इसके बाद एकल मुकाबले में संजय हिंदवान का मुकाबला ललित कश्यप से हुआ। संजय हिंदवान पिछले कई वर्षों से विजेता रह चुके हैं। इस बार फाइनल मुकाबले का पहला सैट संजय हिंदवान ने 21-11 के अंतर से जीत लिया। इसके बाद दूसरे सेट में ललित कश्यप ने 21-9 के अंतर से संजय हिंदवान को शिकस्त दी। इसके बाद तीसरा निर्णायक सैट होना था, लेकिन संजय हिंदवान ने स्वयं अपनी हार मान ली और ललित कश्यप विजेता घोषित हुए। इस अवसर पर मुख्यातिथि दिनेश कश्यप ने प्रतियोगिता का खूब आनंद उठाया व सभी विजेताओं को पुरस्कार बांटे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपने कार्यों की व्यस्तता के चलते खेलकूद के लिए समय नहीं मिल पाता, लेकिन इस प्रतियोगिता में सभी पत्रकारों की फिटनेस देखने को मिली।

## बैकलॉग को एकमुश्त भरने की मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** दिव्यांग कल्याण संघ जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश ने राज्य सरकार से विभिन्न विभागों में दिव्यांगों के कोटे को रोस्टर प्रणाली के माध्यम से ही भरने की मांग की है। दिव्यांगों की मांगों को लेकर संगठन की बैठक नाहन में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान राजेंद्र कुमार ने की। बैठक में खंड स्तर के सभी अध्यक्षों और सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने सरकार से विभिन्न सरकारी विभागों में दिव्यांगों के बैकलॉग को एक मुश्त भरने और दिव्यांगता पेंशन हर महीने एक तारीख को जारी करने की मांग की।

### मानव कल्याण समिति ने सामुदायिक भवन अर्की में मनाया सम्मान समारोह

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, अर्की**



मानव कल्याण समिति का 14वां वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह गो रक्षक सभा सामुदायिक भवन अर्की में मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान राजिंदर गौतम, उपप्रधान रोशनलाल वर्मा, समिति के संस्थापक डॉ. संत लाल शर्मा व पूर्व प्रधान मनोहर लाल आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में अर्की का नाम रोशन करने के लिए बातल निवासी, राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त पुष्पेंद्र कौशिक, मोहल गांव के चर्चित मूर्तिकार जगत राम, गांव कोलका के स्वर्ण पदक विजेता राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी कुलवंत सिंह व अर्की में बतौर ईएमटी कार्यरत पराग वर्मा, जो कि 108 एंबुलेंस में 40 से अधिक प्रसव करवा चुके हैं, उनको सम्मानित किया गया। सत्र 2023-24 में सरकारी स्कूलों में तहसील स्तर पर जमा दो की परीक्षा में प्रथम स्थान के लिए अर्की स्कूल की ईशा, द्वितीय स्थान के लिए चंडी के गौरव शर्मा व तृतीय स्थान के लिए दाड़लाघाट की छात्राओं नेहा व भारती और इसी तरह मैट्रिक परीक्षा में चंडी स्कूल से राहुल, पंजल स्कूल से भारती व भूमती के मयंक को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नकद राशि भेंट कर पुरस्कृत किया।

समिति के प्रथम सचिव रहे स्व. भवेशीराज शर्मा की पुण्य स्मृति में आशा शर्मा द्वारा छात्राओं के लिए घोषित बीआर शर्मा मैमोरियल पुरस्कार के अंतर्गत जमा दो वर्ग में मीनाक्षी, राशि व आंचल व हिमाक्षी को नवाजा गया।

## 4 नशीली दवाइयों की शीशियों के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** पुलिस थाना शिलाई की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सोहन लाल पुत्र केदार सिंह निवासी गांव धारवा डा. झकांडो तह. शिलाई जिला सिरमौर उम्र-41 के कब्जे से नजद द्राबिल के पास से 4 शीशियां नशीली दवाइयों की बरामद की, जिस पर पुलिस थाना शिलाई में उपरोक्त आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है व अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

## चायल में चलेंगे ऑटो रिक्शा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल के तहत आने वाली पर्यटन नगरी चायल को अब ऑटो रिक्शा सुविधा प्राप्त हो गई है। प्रशासन ने चायल में ऑटो रिक्शा चलाने की अनुमति दी है।

चायल घाटी के महोग गांव निवासी अमित ठाकुर और गांव चांबल्‌ु के वीरेंद्र ने इलेक्ट्रिकल ऑटो रिक्शा का काम चायल के बस अड्डे से शुरू किया। चायल पंचायत की प्रधान उषा शर्मा और उपप्रधान पंकज ठाकुर ने इन ऑटो रिक्शा को चायल बस अड्डे से रवाना किया। उन्होंने बताया कि लोगों को अब पर्यटन नगरी में सस्ती दरों पर आवाजाही की सुविधा मिल सकेगी। इससे पहले चायल में यह सुविधा प्राप्त नहीं थी।

### ग्राम केंद्र गाताधार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया संविधान गौरव दिवस

# भाजपा ने डॉ. भीमराव को दिया मान-सम्मान



**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि ग्राम केंद्र गाताधार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ अध्यक्ष कंठीराम शर्मा के आवास पर बैठक कर संविधान गौरव दिवस मनाया, जिसकी अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष गाता मंडवाच कंठीराम शर्मा ने की।

इस मौके पर संगड़ाह भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर एवं भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने संविधान गौरव दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर, उन्हें नमन किया तथा उसके बाद संगड़ाह मंडल भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बलवीर ने बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा डॉ. भीमराव अंबेडकर को मान-सम्मान दिया है इतना ही नहीं भाजपा ने उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न भी दिया है, जबकि कांग्रेस ने उन्हें आज तक कोई भी सम्मान नहीं दिया है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र में लगातार कई वर्षों तक राज किया, लेकिन उसके उपरांत भी उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया, जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। प्रताप सिंह रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आज तक सिर्फ और सिर्फ वोट बटोरने की राजनीति की है। रावत ने बताया कि जब से नरेंद्र मोदी ने देश की सत्ता संभाली है उन्होंने सत्ता संभालते ही देश के गरीब शोषित एवं वंचित लोगों के लिए बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं।

### असुविधा | पांच साल पहले राजगढ़ में पथ परिवहन निगम के सब डिपो का हुआ था उद्घाटन, नहीं दिया स्टाफ

# सब-डिपो का लगा दिया फट्टा, सुविधाएं नहीं बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, सोलन**




हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन का सब-डिपो राजगढ़ लोगों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है क्योंकि यहां लोगों को आशा के अनुरूप बस की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। यहां काबिले जिक्र है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम ने राजगढ़ में लगभग सात वर्ष पूर्व सब-डिपो तो खोल दिया, लेकिन न यहां स्टाफ मिला और न ही बसें बढ़ पाई।

उपमंडल मुख्यालय राजगढ़ में लोगों को पथ परिवहन निगम की बस सेवाएं सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही हैं। यहां काबिले जिक्र है कि राजगढ़ प्रदेश का शायद ऐसा पहला उपमंडल मुख्यालय होगा, जहां से शिमला-दिल्ली-हरिद्वार-चंडीगढ़ के लिए कोई सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं है। यहां लगभग छह साल पहले पथ परिवहन निगम का सब-डिपो खोला गया, मगर यह सब-डिपो लोगों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है।

सब-डिपो खुलने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब राजगढ़ क्षेत्र में परिवहन निगम की सेवाओं में सुधार होगा, मगर आज छह वर्ष के बाद भी यहां लोगों को परिवहन निगम की सेवाएं सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही हैं। यहां न तो सब-डिपो में वर्कशॉप है और न ही यहां स्थायी रूप से मिस्त्री और न ही डिपो का अपना कार्यालय और न ही स्टाफ और एक ही बस से कई लोकल रूट संचालित किए जाते हैं, अगर एक बस कहीं खराब हो जाए, तो दो-तीन लोकल रूट फेल हो जाते हैं। वर्ष-2018 में प्रदेश की भाजपा सरकार ने राजगढ़ में पथ परिवहन निगम का सब-डिपो खोलने की घोषणा की थी।

यह घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजगढ़ प्रवास के दौरान की थी। इसके बाद सांसद लोकसभा सुरेश कश्यप ने 27 फरवरी 2019 को राजगढ़ में सब-डिपो का उद्घाटन किया। इस सब-डिपो से पहले निगम की 13 बसें विभिन्न रूटों पर चलती थीं। पहले यहां निगम के एक मिस्त्री व एक हेल्पर तैनात थे, लेकिन पिछले डेढ़ वर्ष से उन्हें भी सोलन ले जाया गया है। अब बसों की मरम्मत स्टीन में सोलन ही होती है और यदि रूट पर कोई बस खराब हो जाए, तो सोलन से मैकेनिक आते हैं, जिसमें न केवल समय अधिक लगता है, बल्कि कई रूट भी प्रभावित होते हैं। सब-डिपो राजगढ़ के प्रभारी हुताशन शर्मा के अनुसार यहां लगभग 13 बसों से लगभग 37 रूट चलाए जा रहे हैं और अभी दो बसें कम हैं। इस कारण पिड़ियाधार व संगड़ाह रूट पिछले काफी समय से बंद पड़े हैं। इसके अतिरिक्त अगर कोई बस खराब हो जाए, तो दो-तीन रूट फेल हो जाते हैं, अगर यहां एक मिस्त्री भी उपलब्ध रहा हो, तो बस यही ठीक हो सकती है।

### पांच बसों को काउंटर पर लगाने की व्यवस्था

**वर्तमान** बस अड्डा पर केवल पांच बसों को काउंटर पर लगाने की व्यवस्था है, जबकि इस बस अड्डा से एचआरटीसी के अतिरिक्त 21 निजी बसें भी विभिन्न रूटों के लिए चलती हैं। लोगों को कहना है कि सब-डिपो के नाम पर राजगढ़ क्षेत्र के लोगों के साथ सरकार ने बहुत बड़ा मजाक किया है यदि सब-डिपो में सरकार सुविधाएं सृजित करने की स्थिति में नहीं है, तो सब-डिपो का बोर्ड हटा देना चाहिए।

### विधायक विधानसभा में उठा चुकी हैं मामला

**निगम** के सब-डिपो का अपना कार्यालय, वर्कशॉप व पेट्रोल पंप होना चाहिए, लेकिन राजगढ़ सब-डिपो में एक मात्र अड्डा प्रभारी है। इसके अतिरिक्त कार्यालय में कोई स्टाफ भी नहीं है। इस क्षेत्र के रूटों में चलने वाले परिचालकों को नकदी जमा करवाने सोलन जाना पड़ता है। विधायक रीना कश्यप सब-डिपो का मामला विधानसभा में भी उठा चुकी हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## बजट जनकल्याण व आर्थिक सशक्तिकरण वाला : बलदेव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रवक्ता बलदेव तोमर ने केंद्रीय बजट 2025-26 का स्वागत करते हुए इसे आम जनता, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण का बजट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और यह बजट आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि आयकर में दी गई राहत से मध्यम वर्ग को सीधा फायदा होगा।

नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपए तक की आय पर कर छूट और उच्च आय वर्ग के लिए कर राहत से करोड़ों लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बलदेव तोमर ने कहा कि किसानों और ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। प्रधानमंत्री धन-धन्य कृषि योजना से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा, जबकि दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए छह वर्षीय आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है, जिससे किसानों को सस्ता ऋण मिलेगा। युवाओं और छोटे उद्यमियों के लिए बजट में विशेष योजनाएं लाई गई हैं। एमएसएमई का बढ़ावा देने के लिए 5 लाख रुपए तक का कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड और 10,000 करोड़ रुपए का फंड ऑफ फंड्स बनाया गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सरकार 10,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ेगी और 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित करेगी। इस बजट को संतुलित और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि एमएसएमई बजटीय भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विकास की गति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है।

# बजट में किसानों की एमएसपी को किया दरकिनार : शशिकांत

**अनंत ज्ञान, अर्की**

युवा कांग्रेस निर्वाचित प्रदेश महासचिव और अर्की के युवा नेता शशिकांत शर्मा ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह किसानों और मजदूरों पर सरासर हमला है क्योंकि इस बजट में किसानों के लिए न तो एमएसपी है और न ही कर्जमाफी की गई है। इसके अलावा किसानों के लिए खाद सब्सिडी में कमी भी नहीं की और न ही मनरेगा में कोई बढ़ोतरी की गई है। वहीं, बजट में हिमाचल में सेब के आयात शुल्क में वृद्धि करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है, जिससे प्रदेश के बागवानों को राहत मिलती। इसके अलावा युवाओं के लिए रोजगार का भी कोई जिक्र नहीं है। आम जनता के लिए जीएसटी, जैसे जटिल टैक्स में भी कोई कमी नहीं की गई है।



## प्रदेश के हितों का नहीं रखा ध्यान : भीम सिंह

**अनंत ज्ञान, अर्की।** केंद्र सरकार के वित्तीय बजट 2025-26 में मुख्य रूप से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य की पूर्ण रूप से अनदेखी की गई है। यह कहना है नया सवेरा जनकल्याण समिति अर्की के अध्यक्ष व एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर का। उनका कहना है कि बजट में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। बजट में कहीं भी बेरोजगारी कम करने, बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने व गरीबी खत्म करने के बारे में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा बेरोजगार युवा साथी, कांट्रेक्चुअल सरकारी कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी, मिड-डे-मील वर्कर्स, व आशा वर्कर्स है, जिनकी निर्भरता केंद्रीय बजट पर रहती है। प्रदेश में आर्थिकी को बढ़ावा देने में पर्यटन व टूरिज्म इंडस्ट्री का बहुत बड़ा योगदान रहता है, लेकिन प्रदेश के अंदर टूरिज्म क्षेत्र को बढ़ावा देने के बारे में न प्रदेश में रेल विस्तार के लिए भी बजट में कोई उल्लेख नहीं है।



## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बसंतोत्सव प्रकृति के श्रृंगार एवं नई ऊर्जा का संचार करने वाला पर्व है। यह दिन माता सरस्वती को भी समर्पित है, जो ज्ञान, संगीत और कला की देवी हैं। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने और समाज में ज्ञान, संगीत और कला को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। बसंत पंचमी का अवसर हमें प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की भी प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि बसंतोत्सव का यह पर्व हम सभी के जीवन में नई उमंग, उत्साह और खुशियों का संचार करने वाला होगा।

### सड़क हादसे में दो की मौत और एक घायल

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत शनिवार देर रात पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर शाहपुर गांव के पास एक कार और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इसराना थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, रोहतक जिले के रहने वाले तीन लोग राजीव निवासी नया बांस), सतेंद्र निवासी उत्तम विहार, वार्ड नंबर 21) और सुनील निवासी समचाना कार में सवार होकर रोहतक से पानीपत की ओर जा रहे थे। रात करीब 12:30 बजे शाहपुर अड्डा (थाना इसराना) के पास उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। इस टक्कर में राजीव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सतेंद्र ने इलाज के दौरान एनसी मेडिकल कॉलेज, इसराना में दम तोड़ दिया। सुनील गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उपचाराधीन है।

### पंजाब की विधायक पर चंडीगढ़ कोर्ट में चलेगा केस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब की आम आदमी पार्टी 'आप' की विधायक व पूर्व मंत्री अनमोल गगन मान व तीन अन्य नेताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन पर अब पुलिस से झड़प व सरकारी कामकाज में रुकावट डालने का मुकदमा चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में चलेगा। अन्य नेताओं में पार्टी के चंडीगढ़ इकाई के तब प्रभारी डॉ. सन्नी आहलुवालिया, राजविंदर कौर गिल व अर्शदीप सिंह शामिल हैं। इन नेताओं पर आईपीसी की धारा 188, 323, 332 व 353 के तहत केस चलेगा। इन पर आरोप तय करने की प्रक्रिया हो चुकी है। यह मामला सेक्टर-39 थाना में दर्ज हुआ था। इस मामले की अगली सुनवाई अब चार फरवरी तय है। यह मामला चार साल पुराना है। 4 अगस्त 2021 को पार्टी के (आप) नेताओं ने सेक्टर-37 स्थित भाजपा दफ्तर को घेरने की कोशिश की हुई थी। चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग कर रोक दिया था। पुलिस ने इन लोगों को समझाने की कोशिश की और आगे से जाने से रोकने की कोशिश की हुई है। इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प हुई है। इसमें कई पुलिस वाले जख्मी हो गए थे। फिर सभी नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### पंजाब के चीफ सेक्रेटरी समेत 6 को लीगल नोटिस


**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली के पार्किंग इश्यू को लेकर नगर निगम के डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने राज्य सरकार के चीफ सेक्रेटरी समेत 6 विभागों के प्रमुखों को लीगल नोटिस भेजा है। उन्होंने नोटिस में कहा है कि 2009 में बनाई गई पार्किंग गाइड लाइन में बदलाव की जरूरत है। 16 साल में शहर के हालातों में काफी बदलाव हो चुका है। आज हर एरिया में पार्किंग को लेकर झगड़े हो रहे हैं। रोजाना लोग दिक्कत उठा रहे हैं। मोहाली में कॉमर्शियल, आईटी और मेडिकल का हब बन गया है। उससे यह समस्या और गंभीर हो गई। अगर इस दिशा में कार्रवाई नहीं हुई तो वह पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जाएंगे। डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने बताया कि शहर बड़ी तेज गति से विकास कर रहा है। मौजूदा समय में कई अस्पताल व कंपनियां शहर में आ चुकी हैं। यह कंपनियां उन कॉमर्शियल साइटों का प्रयोग पार्किंग के लिए कर रही हैं, जो कि अभी तक ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) ने ऑक्शन नहीं की है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में



**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु गुणवत्ता काफी खराब हो गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवार सुबह 6 बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 341 तक पहुंच गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में है। कई इलाकों में एक्यूआई का स्तर बहुत ज्यादा है। आनंद विहार में 418, विवेक विहार में 407 और वजीरपुर में 401, अशोक विहार में 384, जहांगीरपुरी में 372 और पंजाबी बाग में 375 है, ये सभी 'बहुत खराब' श्रेणी में हैं। पटपड़गंज में 367,बवाना में 338 और रोहिणी में 367 एक्यूआई दर्ज किया गया है। जबकि आर.के.पुरम में एक्यूआई 358 है और नजफगढ़ में एक्यूआई कम होने के बावजूद 282 है।

### पीएम मोदी ने बसंत पंचमी की दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर रविवार को लोगों को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं दीं। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का संदेश देते हैं और ज्ञान की प्रतीक देवी सरस्वती को समर्पित हैं। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं ने भी शुभकामनाएं दीं।

### एनजीटी ने केंद्र सरकार को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मच्छर नियंत्रण के लिए मछलियों की दो अत्यधिक आक्रामक और विदेशी प्रजातियों का 'जैविक एजेंट' के रूप में इस्तेमाल किए जाने को लेकर केंद्र से जवाब मांगा है। अधिकरण ने मछलियों की दो प्रजातियों 'गम्बूसिया एफिनिस' (मस्कीटोफिश) और 'पोसिलिया रेटिकुलता' (गुप्पी) - से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। इन मछलियों को विभिन्न राज्यों में मच्छरों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए जलाशयों में छोड़ा जा रहा है। 'मस्कीटोफिश' को एकत्र कर उन्हें जलाशयों में छोड़ने वाले राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश शामिल हैं जबकि गुप्पी प्रजाति को महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब और ओडिशा में छोड़ा गया था।

# शंभू-खनौरी मोर्चे को मीटिंग का न्योता

## 9 को सांसदों को देंगे मांग पत्र, 15 को चंडीगढ़ में बनाएंगे स्ट्रेटजी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



महापंचायत को लेकर मीटिंग करते हुए किसान।

संयुक्त किसान मोर्चा की आज 2 फरवरी को मोहाली में एक अहम मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद किसान नेता हरिंद्र सिंह लखोवाल व रमिंद्र पटियाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शंभू और खनौरी मोर्चे को एकता मीटिंग के लिए 12 फरवरी का न्योता दिया गया है, लेकिन अभी तक वहां से कोई जवाब नहीं आया है।

दूसरे किसानों ने तय कि 9 फरवरी को केंद्र द्वारा जारी की गई कृषि मार्केटिंग पॉलिसी ड्रॉफ्ट के खिलाफ देश के सभी लोकसभा व राज्यसभा सांसदों को मांग पत्र सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने भी वायदा किया था कि कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को रद्द किया जाएगा, लेकिन यह बात बयानों से आगे नहीं बढ़ पाई है। उन्होंने कहा कि हमने सरकार से मांग की है कि विधानसभा का सेशन बुलाकर इसे रद्द किया जाए। ऐसे में हमने 15 तारीख को चंडीगढ़ स्थित किसान भवन में मीटिंग बुलाई है। वहीं, पांच तारीख को देश के सभी राज्यों की राजधानियों में मोर्चे लगेंगे। इसमें अगले संघर्ष की रणनीति तैयार की जाएगी। वहीं, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन जारी है। वह 69 दिन से अनशन पर है।

फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों का संघर्ष जारी है। वहीं, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 69 दिन में प्रवेश कर गया है। वहीं, अब किसानों का फोकस इसी महीने आयोजित होने वाली तीन महापंचायतों पर है।

इसके लिए पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में लोगों से बैठकें की जा रही हैं। कोशिश है कि 14 फरवरी को केंद्र सरकार के साथ होने वाली बैठक से पहले किसानों की पूरी ताकत दिखाई जाए।

### पंजाब में स्कॉलरशिप के लिए 55.45 करोड़ जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब सरकार की तरफ से पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के लिए 55.45 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। यह राशि 86583 विद्यार्थियों के लिए है। इस राशि का इंतजाम सरकार की तरफ से वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में किया गया था। पंजाब की कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई में फंड में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करना पंजाब सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य अत्यंत गरीब परिवारों के विद्यार्थियों को शिक्षा पूरी करने में सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा, शेष विद्यार्थियों को भी जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा। इस राशि के जारी होने से अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। वित्तीय सहायता की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है।

# यूटीसीए पहली बार फ्रेंचाइजी टी20 टूर्नामेंट करवाने को तैयार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) ने शहर में पहली बार फ्रेंचाइजी-आधारित चंद्रशेखर आजाद टी20 टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा की है। यह घोषणा शनिवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई, जहां यूटीसीए अध्यक्ष संजय टंडन ने इस टूर्नामेंट का विवरण साझा किया।

टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होगा और इसमें छह फ्रेंचाइजी टीमें कुल 33 मैचों में हिस्सा लेंगी, जिसमें दो सेमीफाइनल और 23 फरवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। सभी मैच ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंचकूला में होंगे और फैनकोड पर लाइव प्रसारित किए जाएंगे।

इस टूर्नामेंट में छह फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं, जिन्हें पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वामित्व दिया गया है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। इस फ्रेंचाइजी मॉडल से चंडीगढ़ क्रिकेट को एक नई कॉम्पिटिटिव धार मिलेगी और उभरते क्रिकेटरों को पेशेवर स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। यूटीसीए अध्यक्ष संजय टंडन ने बताया कि यह टूर्नामेंट शहीद चंद्रशेखर आजाद को समर्पित है, जो उनके साहसिक व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देने का एक प्रयास है। उन्होंने इस पहल को स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और चंडीगढ़ को खेलों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

टूर्नामेंट के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. रूपेश सिंह ने इस आयोजन की सफलता को लेकर विश्वास जताया और कहा कि फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों की उत्साही भागीदारी से यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक रहेगा। उन्होंने क्रिकेट प्रेमियों, प्रायोजकों और मीडिया प्रतिनिधियों को इस लीग के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का आमंत्रण दिया।

## जालंधर में एमएलए का सोशल मीडिया अकाउंट हैक

**अनंत ज्ञान, जालंधर।** पंजाब के जालंधर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक रमन अरोड़ा का सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम और एक्स) अकाउंट हैक हो गया है। जालंधर सिटी पुलिस की टीमें इस बात की जांच कर रही हैं कि इस अकाउंट को किसने हैक किया। बता दें कि इस बात का खुलासा तब हुआ जब विधायक रमन अरोड़ा के फॉलोअर्स ने उन्हें फोन करके बताया कि उनके अकाउंट से कुछ अजीबोगरीब पोस्ट शेयर की जा रही हैं। जब जांच की गई तो पता चला कि अकाउंट हैक हो गया है। जिसके बाद कमिश्नरेट पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पता लगा रही है कि उक्त अकाउंट कहां से चलाया जा रहा है और किस सर्वर से विधायक अरोड़ा के अकाउंट से पोस्ट शेयर की गई। जब जालंधर सेंट्रल से आम आदमी पार्टी के विधायक रमन अरोड़ा को इस बारे में पता चला तो सबसे पहले उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट और इंस्टाग्राम आईडी को लेकर दोनों संस्थाओं में शिकायत दर्ज कराई। ताकि भविष्य में उक्त अकाउंट से कोई गलत गतिविधि न हो। साथ ही विधायक रमन अरोड़ा ने अपने प्रशंसकों से कहा कि अगर उनके अकाउंट से कोई गलत बात पोस्ट की जाती है तो उस पर विश्वास न करें। जब दोनों सोशल मीडिया अकाउंट रिकवर हो जाएंगे तो फॉलोअर्स को तुरंत सूचित कर दिया जाएगा। साथ ही कमिश्नरेट पुलिस की साइबर टीम मामले की जांच कर रही है।

# मेशान फाउंडेशन ने मनाया वार्षिक दिवस

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

मेशान फाउंडेशन ने अपने वार्षिक दिवस को एक भव्य समारोह के साथ मनाया, जिसमें प्रतिष्ठित अतिथियों को आमंत्रित किया गया, प्रभावशाली प्रदर्शन किए गए और संगठन की आगामी पहलों के बारे में रोमांचक घोषणाएं की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेशन फाउंडेशन के निदेशक डॉ. प्रभजोत ने की, जबकि चंडीगढ़ की आयकर आयुक्त कोमल जोगपाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं।



इस समारोह में शांति स्वरूप (एनएआरसीआई), मानव आनंद आहूजा (आरजे), दीपाली राजपूत (अभिनेत्री), समर मनहोत्रा (फिल्म निर्देशक), युवराज हंस (अभिनेता और गायक) और आरजे गोलमाल गगन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने सार्थक सामाजिक परिवर्तन लाने में सामूहिक प्रयासों के महत्व को उजागर किया।

शाम का मुख्य आकर्षण मंथन आर्ट्स द्वारा प्रस्तुत एक शक्तिशाली नुक्कड़ नाटक था, जिसमें सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में मेशान फाउंडेशन द्वारा नई पहलों का खुलासा हुआ, जिसने सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। एसएजे लाइव के आकर्षक अभिनय के साथ-साथ मनमोहक नृत्य और संगीत प्रदर्शनों ने दर्शकों को बांधे रखा और प्रेरित किया।

ग्रैंड फिनाले में एमए डांस स्टूडियो, सेक्टर 16, पंचकूला द्वारा एक शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और समारोह का शानदार समापन हुआ। अपने संबोधन में डॉ. प्रभजोत ने सामाजिक उत्थान के लिए फाउंडेशन की अटूट प्रतिबद्धता और समुदाय-संचालित पहलों के महत्व पर जोर दिया। मुख्यातिथि कोमल जोगपाल ने मेशान फाउंडेशन के प्रभावशाली काम की सराहना की और सार्थक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में निरंतर प्रयासों को प्रोत्साहित किया। यह समारोह न केवल फाउंडेशन की उपलब्धियों का प्रतिबिंब था, बल्कि भविष्य के प्रयासों की ओर एक कदम भी था। (अनंत ज्ञान)

## मंत्री विज ने रोहतक बिजली घर में मारी रेड

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने रविवार को रोहतक के बिजली घर में रेड कर दी। वहां वे शिकायत ऑफिस में जाकर लोगों की कंप्लेंट चेक करने लगे। दरअसल, विज को एक कार्यक्रम में शिकायत मिली थी कि गली के बीच में ट्रांसफॉर्मर लगा रखा है। जिसके बाद उन्होंने चेकिंग कर डाली। यहां उन्होंने लोगों से फोन पर बात की कि उनकी शिकायत दूर हुई या नहीं। तब गांव मोरखेड़ी के व्यक्ति ने कहा कि उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में अनिल विज ने एसई को लाइनमैन के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा। इस दौरान अधिकारी तर्क देने लगे तो विज भड़क गए। उन्होंने कहा- मुझे समझाने की जरूरत नहीं है। मैं फील्ड का आदमी हूं, एसी में बैठने वाला नहीं। मैंने सारी जिंदगी धूप में बिताई है। मुझे एक-एक चीज का पता है। मैं अनिल विज हूं, मैं तो इनकी लाइन ही काट दूंगा। लोगों का काम पहले होना चाहिए। अनिल विज ने एसई को निर्देश दिए कि जो शिकायत 4 घंटे से ज्यादा तक हल नहीं होती, उनकी जांच करते हुए संबंधित स्टाफ से स्पष्टीकरण लिया जाए। साथ ही 24 घंटे में भी शिकायत का समाधान नहीं होने पर संबंधित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## देश-विदेश

# टैरिफ पर मचा घमासान, ट्रंप के फैसले को डब्ल्यूटीओ में चीन देगा चुनौती

**एजेंसी, बीजिंग**



**राष्ट्रपति** बनने के बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप लगातार कई बड़े फैसले ले रहे हैं। इसी बीच ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है।

अमेरिका में मैक्सिको और कनाडा से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी और चीन से इंपोर्ट पर 10 फीसदी का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने इस फैसले पर एग्जीक्यूटिव ऑर्डर भी साइन कर दिया है।

**कनाडा और मेक्सिको ने भी खोला मोर्चा**

ट्रंप के इस फैसले पर तीनों देशों ने नाराजगी जाहिर की है। चीन ने अमेरिका के इस फैसले का जवाब देने का फैसला कर लिया है। इस फैसले के खिलाफ चीन वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) में मुकदमा दायर करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह सब अमेरिका की समस्या है, हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। चीन के बयानों से इतना साफ है कि जल्द ही वह भी अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क लगाने का ऐलान कर सकता है।


### कनाडा के पीएम ने भी किया टैरिफ का ऐलान



**कनाडा** ने भी अमेरिका के टैरिफ के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने का फैसला कर लिया है। ट्रंप के फैसले से कनाडा के कार्यवाहक प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नाराजगी जाहिर की है। जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि हम यह नहीं चाहते थे, लेकिन उनका देश अमेरिकी टैरिफ का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने ऐलान किया कि उनका देश 155 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा।

# देश में बिजली खपत 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**देश** में बिजली की खपत जनवरी में 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट (बीयू) रही है। इस दौरान सामान्य से अधिक तापमान के कारण हीटर और गीजर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कम हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस साल जनवरी में देश का औसत तापमान 18.98 डिग्री सेल्सियस था, जो 1901 के बाद 1958 और 1990 को छोड़कर सबसे अधिक गर्म जनवरी का महीना रहा है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी, 2024 में बिजली की खपत 133.94 बीयू थी। इसी तरह एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (बिजली की अधिकतम मांग) भी जनवरी, 2024 के 222.32 गीगावाट से बढ़कर इस साल जनवरी में 237.30 गीगावाट हो गई। इससे पहले मई, 2024 में चरम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गई थी।

सरकारी अनुमानों के अनुसार, 2025 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले महीने हीटर और गीजर जैसे गर्मी पैदा करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल कम होने से बिजली की मांग और खपत में अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई। फरवरी में भी बिजली की मांग और खपत में वृद्धि कम रहेगी।

# संघर्ष को लेकर अमेरिका-रूस वार्ता से यूक्रेन को बाहर रखना 'बेहद खतरनाक': जेलेंस्की

**एजेंसी, कीव**



**यूक्रेन** के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा कि संघर्ष को लेकर अमेरिका और रूस के बीच वार्ता से यूक्रेन को बाहर रखना 'बेहद हानिकारक' होगा। जेलेंस्की ने साथ ही संघर्ष विराम की योजना तैयार करने के लिए कीव तथा वाशिंगटन के बीच और बातचीत की मांग की। रूस संघर्ष विराम वार्ता में शामिल नहीं होना चाहता या किसी भी तरह की राहत देने पर चर्चा नहीं करना चाहता। ट्रंप, रूस के खिलाफ ऊर्जा और बैंकिंग प्रणाली संबंधी प्रतिबंध लगाने की चेतावनी देते हैं तो पुतिन वार्ता के लिए मजबूर हो सकते हैं। मुझे लगता है कि ये सबसे महत्वपूर्ण कदम है। जेलेंस्की की टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के बाद आई, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी और रूसी अधिकारी युद्ध को समाप्त करने को लेकर 'पहले से ही बात कर रहे हैं'।

# हिंदुत्व राजनीतिक हथियार : थरूर

**एजेंसी, जयपुर**



**जयपुर** लिटरेचर फेस्टिवल के चौथे दिन सांसद-लेखक शशि थरूर ने कहा कि हिंदुत्व और हिंदुइज्म दो अलग-अलग चीजें हैं। मैंने हिंदू धर्म की जितनी किताबें पढ़ी हैं, उनसे हिंदुत्व से कोई मेल नहीं है। यह सिर्फ एक राजनीतिक हथियार है। हिंदुत्व, हिंदुइज्म को सीमित करता है। यह हिंदुइज्म को एक ईश्वर, एक मंदिर, एक नेता से लेकर एक देश, एक चुनाव तक में सीमित करता है। जब विपक्षी गठबंधन बना था, तब भी यह साफ था कि यह राज्यों में काम नहीं करेगा। दिल्ली में हम लोकसभा चुनाव के दौरान जरूर साथ थे, अब नहीं हैं। यह राज्यों के पॉलिटिकल कैरेक्टर पर निर्भर करेगा, इसलिए न विपक्षी गठबंधन का मर्सिया (शोक गीत) पढ़ा जाना चाहिए, न इस बात का जश्न मनाया जाना चाहिए कि अब विपक्षी गठबंधन के दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। थरूर ने स्वामी विवेकानंद का हवाला देते हुए कहा कि जिसे कोई शिव कहता है, कोई अल्लाह कहता है, कोई ईसा कहता है। सब एक ही हैं।

# पाकिस्तान में आतंकी हमला, पांच की मौत

**एजेंसी, पेशावर**



**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकवादियों ने अर्धसैनिक बल के वाहन पर हमला किया। इस हमले में चार जवानों समेत पांच की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले में हुई। पुलिस के अनुसार 'करिजत लेवी' नामक अर्धसैनिक बल के जवान एक निजी चालक के साथ जिले की दरबान तहसील में चोरी हुए ट्रक को बरामद करने जा रहे थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला किया गया। हमले में बल के चार जवान और एक नागरिक की मौत हो गई। बल, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान दोनों में आतंकवादियों के सफाए के लिए देशभर में व्यापक स्तर पर आतंकवाद विरोधी अभियान चला रहे हैं।

## नेतन्याहू ने ऐयाल जामिर को बनाया सेना प्रमुख

**तेल अवीव।** इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसराइल डिफेंस फोर्सेस के चीफ ऑफ स्टॉफ के लिए रिटायर्ड मेजर जनरल ऐयाल जामिर को चुना है। ऐयाल जामिर लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलेवी की जगह लेंगे।



जामिर आईडीएफ के 24वें सेना प्रमुख बन गए हैं, वह 6 मार्च को पद संभालेंगे। इसराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर जानकारी दी। हलेवी ने हमास का हमला रोकने में नाकाम रहने की वजह से पिछले महीने इस्तीफा दिया था। इसराइल हमास के बीच सीजफायर समझौते के बाद हलेवी का पद छोड़ना पहले से ही तय माना जा रहा था।

# देश राजकोषीय मजबूती के साथ कर्ज कटौती के लक्ष्य की राह पर : सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि भारत राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने इस बात को तवज्जो नहीं दी कि मूडीज जैसी एजेंसियों ने इन सबके बावजूद भारत की साख को नहीं बढ़ाया है।

सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट में राजकोषीय सूझबूझ के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के बीच बेहतर संतुलन साधा है। उन्होंने न केवल मध्यम वर्ग को बड़ी कर राहत दी है, बल्कि अगले साल राजकोषीय घाटे को कम करने व 2031 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत रूप में कर्ज में कमी लाने का खाका भी पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक चुनौतियों, आपूर्ति व्यवस्था के स्तर पर समस्याओं और दुनिया में संघर्षों के बीच अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए महामारी के दौरान अधिक कर्ज लेना पड़ा। सीतारमण ने कहा कि इन सबके बावजूद हमने प्रतिबद्धता दिखाई है और राजकोषीय घाटे के संबंध में हम अपनी कही बातों का पालन कर रहे हैं। एक भी साल ऐसा नहीं है, जब हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हों। मूडीज रेटिंग्स ने शनिवार को सरकार की ओर से अपने वित्त को विवेकपूर्ण ढंग से प्रबंधित करने के प्रयासों के बावजूद भारत की साख को तत्काल बढ़ाने की बात से इनकार किया था।



मूडीज ने फिलहाल भारत की रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ बीएए3 पर बरकरार रखा है। यह निवेश के लिहाज से निम्न स्तर की रेटिंग है। भारत राजकोषीय अनुशासन और मुद्रास्फीति नियंत्रण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन मूडीज का कहना है कि साख बढ़ाने के लिए ऋण के बोझ में पर्याप्त कमी और अधिक महत्वपूर्ण राजस्व उत्पन्न करने वाले उपाय आवश्यक हैं। हाल के सुधारों के बावजूद, राजकोषीय घाटा और कर्ज-जीडीपी अनुपात महामारी-पूर्व के स्तर की तुलना में व्यापक बना हुआ है।

## रिपोर्ट: भारत में 2025-26 में बढ़ेगी खपत, आर्थिक विकास को मिलेगा सहारा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** बजट 2025-26 से देश में खपत बढ़ेगी। इससे देश की आर्थिक गति को भी सहारा मिलेगा। असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड की रिपोर्ट में बताया गया कि सरकार की ओर से इनकम टैक्स छूट की सीमा बढ़ाए जाने के कारण मध्यम वर्ग के हाथ में अधिक पैसा बचेगा और पूंजीगत व्यय को जारी रखने से समग्र सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और उसके बाद निजी निवेश में और वृद्धि होगी।

रिपोर्ट में बताया कि सरकार ने समावेशी विकास के लिए नीति या बजटीय उपायों के माध्यम से सभी क्षेत्रों को आवंटन दिया है। सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राजकोषीय समेकन के लिए प्रतिबद्ध रहीं, उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत निर्धारित किया, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत है। रिपोर्ट में बताया गया कि बजट का लक्ष्य निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुधारों को जारी रखना है। यह रोजगार के अवसर पैदा करने, खपत को पुनर्जीवित करने और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक समग्र सकारात्मक तस्वीर दिखाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना मुश्किल : रिकी पोंटिंग

**एजेंसी, दुबई।** महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता और हालिया इतिहास भारत और ऑस्ट्रेलिया को आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने का प्रबल दावेदार बनाते हैं। पचास ओवर यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में तीन और दुबई में एक स्थल पर खेला जाएगा। पोंटिंग ने बताया, ''भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना फिर से मुश्किल है।'' उन्होंने कहा, ''इस समय दोनों देशों के खिलाड़ियों के स्तर के बारे में सोचें और हाल के इतिहास को देखें, जब ये बड़े



फाइनल और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बड़ी प्रतियोगिता हुई तो निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलिया और भारत कहीं ना कहीं मौजूद थे।'' भारत और ऑस्ट्रेलिया दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली सिर्फ दो टीम हैं। भारत ने 2013 में खिताब जीता था और 2002 में फाइनल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद श्रीलंका के साथ ट्रॉफी साझा की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते थे। पोंटिंग के अनुसार 2017 मे खिताब जीतने वाला गत चैंपियन पाकिस्तान भी कड़ी चुनौती पेश करेगा। कप्तान के रूप में दो एकदिवसीय विश्व कप और इतने ही चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने वाले पोंटिंग ने कहा, ''इस समय अन्य टीम जो काफी अच्छा क्रिकेट खेल रही है, वह है पाकिस्तान।'' उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ समय से उनका एकदिवसीय क्रिकेट बहुत शानदार रहा है। हम जानते हैं कि बड़ी प्रतियोगिताओं में उन्हें लेकर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने चीजों को थोड़ा सुलझा लिया है।'' पाकिस्तान ने पिछले साल खेली गई तीनों एकदिवसीय सीरीज जीतीं। उसने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे को 2-1 से हराया जबकि दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से शिकस्त दी।

### बीसीबी की स्वतंत्र समिति बीपीएल में करेगी भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में पिछले कुछ हफ्तों में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में अपनी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) की सहायता के लिए एक स्वतंत्र जांच निकाय की स्थापना की है। यह 2013 के बाद से बीपीएल में पहली आधिकारिक भ्रष्टाचार जांच है क्योंकि लीग खिलाड़ियों के भुगतान में देरी और टिकट विवादों से जूझ रही है। बीसीबी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''अपने निरंतर प्रयासों के तहत बीसीबी अपनी जांच में एसीयू को और अधिक सहायता देने के लिए एक स्वतंत्र जांच निकाय की स्थापना करने की प्रक्रिया में है।'' इसमें कहा गया, ''बीसीबी एक निष्पक्ष और पारदर्शी क्रिकेट वातावरण सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है और बांग्लादेश में खेल की अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगा।'' हाल की मीडिया रिपोर्टों में भ्रष्टाचार के मामलों का आरोप लगाया गया है, जिसमें विशिष्ट खिलाड़ियों और मुकाबलों का नाम लिया गया है। हालांकि इन दावों की पुष्टि अभी तक बीसीबी की एसीयू द्वारा नहीं की गई है।

### हरलीन का रियल लाइफ स्टाइल

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान में चौके-छक्के की झड़ी लगाने वाली हरलीन देओल रियल लाइफ में बहुत ही स्टाइलिश और खूबसूरत हैं। कम उम्र में ही भारतीय टीम में हरलीन ने डेब्यू कर लिया था। फरवरी 2019 में हरलीन ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट से डेब्यू किया था। उसके बाद कुछ मौकों पर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने का काम किया है।



### यह हमारा विश्वास है जिसने हमें एचआईएल जिताया : रूपिंद्रपाल

**एजेंसी, कोलकाता।** कप्तान रूपिंद्रपाल सिंह ने कहा कि श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने सबसे महत्वपूर्ण समय पर रक्षात्मक मजबूती और रणनीति को लागू करने की क्षमता का नजारा पेश किया, जिससे टीम हॉकी इंडिया लीग का खिताब जीतने में सफल रही। बंगाल की टीम ने हैदराबाद तूफांस पर 4-3 की रोमांचक जीत हासिल करके हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का खिताब अपने नाम किया। रूपिंद्र ने कहा, ''हमने सेमीफाइनल के बाद अपने डिफेंस को मजबूत करने के लिए सचेत प्रयास किया। फाइनल में अवसरों का लाभ उठाना आवश्यक था और हमने वही किया।'' उन्होंने कहा, ''हमने अपनी पेनल्टी कॉर्नर रणनीतियों को बेहतर करने और अधिकतम समय तक गेंद को अपने कब्जे में बनाए रखने पर भी काम किया जिससे हमें खेल को अपने पक्ष में मोड़ने में मदद मिली।'' बंगाल टाइगर्स की खिताब की राह आसान नहीं रही। लीग तालिका में 10 मैच में 19 अंक के साथ शीर्ष पर रहने के बाद तमिलनाडु ड्रैगंस के खिलाफ कड़े सेमीफाइनल में नियमित समय के बाद स्कोर 2-2 से बराबर था और अंततः बंगाल टाइगर्स की टीम शूट आउट में 6-5 से जीत दर्ज करने में सफल रही। पूरे टूर्नामेंट में स्टार ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह ने बंगाल टाइगर्स के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए 12 गोल दागे और शीर्ष स्कोरर रहे।

# महिला अंडर-19 टी20 में भारत दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन

## फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराया, त्रिशा ने नाबाद 44 व चाल्के ने बनाए नाबाद 26 रन

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारत ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां बेहद एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से रौंदकर लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप खिताब जीत लिया।

फाइनल तक के अपने सफर के दौरान प्रत्येक मुकाबले में आसान जीत दर्ज करने वाले भारत ने एक बार फिर दबदबा बनाया और दक्षिण अफ्रीका के 83 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंद शेष रहते 11.2 ओवर में एक विकेट पर 84 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। भारत बिना कोई मैच गंवाए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम भी बना।

गोंगाडी त्रिशा 33 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं, जबकि सानिका चाल्के ने भी 22 गेंद में नाबाद 26 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 48 रन की अटूट साझेदारी भी की। त्रिशा ने इससे पहले गेदबाजी में भी कमाल करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई।

पारुनिका सिसोदिया (छह रन पर दो विकेट), आयुषी शुक्ला (नौ रन पर दो विकेट) और वैष्णवी शर्मा (23 रन पर दो विकेट) ने भी शानदार






शॉट खेलती गोंगाडी त्रिशा।

गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कायला रेनेके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसे भारतीय गेंदबाजों ने गलत साबित किया। दक्षिण अफ्रिका ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। उसकी तरफ से माइकी वान वूर्स्ट (23) शीर्ष स्कोरर रहीं। टीम की सिर्फ चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाईं, जबकि चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाईं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को त्रिशा और जी कमालिनी (08) ने पहले विकेट के लिए 36 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। रेनेके ने कमालिनी को सिमोन लॉरेन्स के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। त्रिशा ने हालांकि, इसके बाद सानिका के साथ मिलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। त्रिशा ने 33 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे जबकि सानिका ने 22 गेंद की अपनी पारी में चार चौके जड़े।

उप कप्तान सानिका ने स्क्वायर लेग पर चौका जड़कर भारत की जीत सुनिश्चित की जिसके बाद भारत की युवा खिलाड़ियों को तिरंगे के साथ जश्न मनाते देखा गया। सानिका ने मैच के बाद कहा, ''मैं पिछले दो साल से इस लम्हें का सपना देख रही थी और मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैंने विजयी चौका मारा। यह अवास्तविक सा लगता है। टीम की मेरी साथियों के समर्थन ने अंतर पैदा किया और इस लम्हें को मैं हमेशा सहेजकर रखूंगी।'' पारुनिका ने खाता खोले बिना सिमोन को आउट करके भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम शुरुआत में ही बैकफुट पर आ गई।

दाएं हाथ की तेज गेंदबाज शबनम शकील (सात रन पर एक विकेट) ने इसके बाद जेमा बोथा को आउट करके चार ओवर में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर दो विकेट पर 20 रन किया। आयुषी ने इसके बाद दियारा रामलकन (03) को बोल्ड किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 10 ओवर में तीन विकेट पर 33 रन ही बना सकी थी। कप्तान रेनेके (7) ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन त्रिशा ने उन्हें आउट कर दिया।

माइकी ने कुछ अच्छे शॉट खेलकर रन गति में इजाफा करने की कोशिश की लेकिन त्रिशा की गेंद पर कमालिनी ने उन्हें स्टंप कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम पांच विकेट सिर्फ आठ रन जोड़कर गंवाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने तेज शुरुआत की। त्रिशा ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन कालिनी पांचवें ओवर में आउट हो गईं।

### भारतीय टीम का खिताबी सफर

- वेस्टइंडीज को 9 विकेट से दी मात।
- मलेशिया के खिलाफ 10 विकेट से जीत।
- श्रीलंका को 60 रनों से हराया
- बांग्लादेश के खिलाफ 8 विकेट से जीत।
- स्कॉटलैंड को 150 रनों से हराया।
- सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 9 विकेट से जीत।
- फाइनल में साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया।

### जीत में 5 खिलाड़ियों की अहम भूमिका

1. दाएं हाथ की ओपनर बल्लेबाज गोंगाडी तृषा ने सात मैचों में 77.25 की औसत से 309 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल था। तृषा सबसे ज्यादा रन बनाने वाली प्लेयर रहीं। तृषा ने फाइनल में भी जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए पहले तो तीन विकेट चटकाए। उसके बाद नाबाद 44 रनों की पारी खेली। देखा जाए तो 19 वर्षीय तृषा ने अपनी लेगब्रेक बॉलिंग से टूर्नामेंट में कुल 7 विकेट लिए। तृषा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के अलावा फाइनल मुकाबले में 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुनी गईं।
2. विकेटकीपर बल्लेबाज जी. कमलिनी ने 7 मैचों में 35.75 की औसत से 143 रन बनाए, जिसमें 2 अर्धशतक शामिल रहे। कमलिनी ने गोंगाडी तृषा के साथ मिलकर अच्छे स्टार्ट्स दिलाए, जिससे टीम का काम आसान हो गया।
3. वैष्वी शर्मा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं। बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी ने 6 मैचों में 4.35 की बेहतरीन औसत से 17 विकेट लिए। वैष्णवी ने मलेशिया के खिलाफ हैट्रिक भी ली थी।
4. लेफ्ट-आर्म स्पिनर आयुषी शुक्ला ने भी कमाल दिखाया और 7 मैच खेलकर 14 विकेट लिए। आयुषी का एवरेज 5.71 रहा। वह सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दूसरे नंबर पर रहीं।
5. बाएं हाथ की स्पिनर परुणिका सिसोदिया ने भी विपक्षी टीमों के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। परुणिका ने 6 मैचों में 5.80 के एवरेज से 10 विकेट हासिल किए। परुणिका टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में चौथे नंबर पर रहीं।

### टीम को शीर्ष पर रखने की खुशी : कप्तान निकी

भारतीय कप्तान निकी प्रसाद ने महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप की खिताबी जीत को 'विशेष क्षण' करार देते हुए रविवार को कहा कि टीम को यह सफलता खिलाड़ियों के धैर्य और काम के प्रति समर्पण से मिली है। भारत ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से रौंदकर लगातार



दूसरी बार अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप खिताब जीत लिया। निकी ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''हम सभी ने धैर्य बनाए रखने की कोशिश की। टूर्नामेंट की शुरुआती मैच में जीत दर्ज करने के बाद भी सफलता का खुमार हावी नहीं होने दिया और अपना काम करते रहे।'' उन्होंने कहा, ''हम फाइनल जीत कर अपनी क्षमता को दिखाना चाहते थे। हमें बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए बीसीसीआई को धन्यवाद। मुझे खुशी है कि मैं यहां खड़ी हूं और यह सुनिश्चित कर रही हूं कि भारत शीर्ष पर रहे। यह एक विशेष क्षण है।'' उन्होंने कहा, ''टूर्नामेंट की शुरुआत में, मैंने कहा था कि हम यहां दबदबा बनाने के लिए आए हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत यहां शीर्ष पर बना रहे।'' दक्षिण अफ्रीका की टीम भी टूर्नामेंट में वास्तव में अच्छा खेल रही। हम लंबे समय से उनके खिलाफ खेल रहे हैं, उन्होंने मजबूत जज्बा दिखाया। उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना वास्तव में अच्छा है। फाइनल में हार की निराशा के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कायला रेनेके ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व किया करते हुए 2027 में मजबूत वापसी का भरोसा जताया।

## हिमाचल ने राजस्थान को सेमीफाइनल में 38-20 से हराया

**अनंत ज्ञान, शिमला**

देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल की महिला कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में राजस्थान को 38-20 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। यह जीत हिमाचल की बेटियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंची हैं।

कप्तान पुष्पा राणा और अन्य खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है और राजस्थान को बाहर करने में सफल रहे हैं। टीम के कोच डॉ. गोपाल दास्टा और प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष कुलदीप राणा ने बताया कि बेटियों ने अभी तक एक भी मुकाबला नहीं हारा है, इससे सभी के हौसले बुलंद हैं और पूरी उम्मीद है कि वह खिताब अपने नाम करने में कामयाब होंगी। अब रविवार को फाइनल मुकाबले में हिमाचल की बेटियों का सामना हरियाणा से होगा। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

हिमाचल की कबड्डी टीम ने वर्ष 2022 में गुजरात में हुए 36वें राष्ट्रीय खेलों में कबड्डी में पहली बार गोल्ड अपने नाम किया था। इसके बाद वर्ष 2023 में गोवा में हुए 37वें राष्ट्रीय खेलों में भी गोल्ड जीता था। अब तीसरी बार गोल्ड से एक कदम दूर होने के बाद हिमाचल की बेटियां अपने सपने को पूरा करने के लिए तैयार हैं।अब सभी की निगाहें रविवार के फाइनल मुकाबले पर हैं, जहां हिमाचल की बेटियां गोल्ड जीतने के लिए उतरेंगी। यह मुकाबला न केवल हिमाचल की बेटियों के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक गर्व का पल होगा।

## टी20 : अभिषेक शर्मा की सेंचुरी ने बचाई भारत की लाज

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का पांचवां यानी आखिरी मुकाबला रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। भारतीय टीम ने पहले ही इस सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा लिया है। इंग्लिश टीम के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम शुरुआती झटकों में लड़खड़ा गई, लेकिन बाद में संभल गई। भारतीय टीम ने 9 विकेट गंवाकर 247 रन बनाए और इंग्लैंड की टीम को जीत के लिए 248 रन का लक्ष्य दिया।

भारत के चार खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। सूर्य कुमार महज 2 रन बनाकर आउट हो गए। अक्षर पटेल 6, जबकि हार्दिक पांडया भी और रिंकू 9-9 रन बनाकर चलते बने। संजू सैमसन ने 16 रन और तिलक वर्मा 24 बनाकर आउट हुए। दुबे ने पारी को काफी हद तक संभाला और 30 बनाकर आउट हो गए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने सर्वाधिक 135 रन बनाए। उन्होंने 54 गेंदों में सात चौके और 13 छक्के जड़े।



शतक लगाने के बाद खुशी मनाते अभिषेक शर्मा।

अभिषेक ने आते ही इंग्लैंड के गेंदबाजों पर धावा बोल दिया। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनते बनते रह गए। 17 गेंदों पर फिफ्टी लगाने वाले अभिषेक ने 37 गेंदों पर शतक ठोंका। उन्होंने दुनिया के सबसे तेज गेंदबाजों में गिने जाने वाले मार्क और जोफ्रा आर्चर पर अटैक किया। भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है। रोहित ने 35 गेंद पर श्रीलंका के खिलाफ शतक ठोंका था।

## प्रज्ञानानंदा और गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में संयुक्त बढ़त

**एजेंसी, नीदरलैंड**

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला जबकि ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सर्बिया के एलेक्सी सेराना को हराया जिससे दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने टाटा स्टील मास्टर्स में 12वें दौर के बाद संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली। प्रज्ञानानंदा ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या संभावित 12 में से 8.5 अंक पर पहुंचा दी जो उनके हमवतन गुकेश के समान है।



दोनों भारतीय अब इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में रोमांचक समापन के लिए तैयार हैं जिसमें उनमें से एक के खिताब जीतने की संभावना है, क्योंकि अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है। अगर दोनों में से कोई खिताब जीतता है तो यह पहली बार होगा जब टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब किसी भारतीय के नाम होगा। प्रज्ञानानंदा ने 12वें दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए सेराना के खिलाफ जीत दर्ज की।

फॉरेस्ट के खिलाफ गुकेश के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। गुकेश ने मुकाबला ड्रॉ कराने के फॉरेस्ट के प्रस्ताव को ठुकराया। वह 39वीं चाल के बाद बाजी जीतने की स्थिति में थे, लेकिन इसके बाद बड़ी चूक करके फॉरेस्ट को वापसी करने का मौका दिया जिससे मेजबान देश का खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने में सफल रहा। एरिगेसी ने अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अपनी क्षमता साबित की और उनकी खिताब जीतने की उम्मीदें भी लगभग खत्म कर दीं। अन्य बाजियों में लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना के साथ अंक बांटे जबकि पी हरिकृष्णा ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला।

## कनकशन विवाद पर अश्विन बोले- पूरी तरह से क्रिकेट संबंधित गलत आकलन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'कनकशन सब्स्टीट्यूशन' के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए इसे पूरी तरह से क्रिकेट संबंधित गलत आकलन करार दिया, जिसमें मध्यम गति के गेंदबाज हर्षित राणा ने बल्लेबाजी ऑल राउंडर शिवम दुबे की जगह ली थी।



दुबे ने मैच के दौरान अर्द्धशतक बनाया था और भारत की पारी के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद उनके सिर पर लग गई, तब जेमी ओवरटन गेंदबाजी कर रहे थे। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 'कनकशन प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए दुबे की जगह राणा को मैदान पर उतार दिया, जो 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। राणा ने अपने पदार्पण मैच में 33 रन देकर तीन विकेट झटक लिए जिससे भारत ने मैच 15 रन से जीत लिया। इस तरह भारत ने एक मैच रहते ही टी-20 सीरीज अपने नाम कर ली।

अश्विन ने कहा, ''खेल खत्म हो गया है। भारत ने घरेलू मैदान पर एक और सीरीज अपने नाम कर ली। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जीत का सिलसिला वाकई शानदार रहा।

**मुकाबला** डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप एक में भारत की जगह पक्की

## बालाजी-रित्विक ने टोगो के खिलाफ भारत को दिलाई जीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एन श्रीराम बालाजी और रित्विक चौधरी बोलीपल्ली ने डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप एक में भारत की जगह पक्की की। भारतीय जोड़ी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की जिससे मेजबान टीम ने रविवार को यहां टोगो के खिलाफ प्ले ऑफ मुकाबले में 3-0 की विजयी बढ़त हासिल कर ली।

भारत रविवार को मुकाबले में 2-0 की बढ़त के साथ उतरा था और उसे मुकाबला जीतने के लिए तीन मैच में से केवल एक में जीत की जरूरत थी। बालाजी और रित्विक की जोड़ी ने मलापा टिंगौ अकोमोलो और होडाबालो इसाक पेडियो के खिलाफ पहले ही पुरुष युगल मैच में जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी ने डीएलटीए परिसर में पुरुष युगल मुकाबला केवल 57 मिनट में 6-2, 6-1 से जीता। टोगो ने हाथ की चोट के कारण अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थॉमस सेतोदजी की जगह अकोमोलो को खिलाया लेकिन टीम को इसका नुकसान हुआ क्योंकि वह मैच में एक बार भी अपनी सर्विस नहीं बचा सके। बालाजी ने अपनी सर्विस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ एक अंक गंवाया। भारत के अब महज औपचारिकता के मैचों में युवा करण सिंह को पदार्पण का मौका देने की संभावना है।

पिछले साल एक साथ मिलकर चैलेंजर खिताब जीतने वाले बालाजी



और रित्विक ने पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा। रित्विक थोड़े दबाव में थे जब वह पदार्पण करते हुए अपनी पहली ही सर्विस में हाफ वॉली पर चूक गए और स्कोर 30-30 हो गया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि अपनी सर्विस बचाई और उसके बाद पूरा मुकाबला एकतरफा रहा। तीसरे गेम में अकोमोलो की सर्विस पर भारतीय जोड़ी ने पहली बार सर्विस ब्रेक हासिल किया। रित्विक ने 15-15 के स्कोर पर शानदार फोरहैंड रिटर्न लगाया जो दोनों खिलाड़ियों के ऊपर से निकल गया लेकिन लाइन के अंदर जा गिरा। इसके बाद बालाजी ने शानदार सर्विस रिटर्न के साथ दो ब्रेक प्वाइंट हासिल किए। पहले ब्रेक प्वाइंट पर रोमांचक वॉली रैली हुई, लेकिन आखिरकार अकोमोलो का शॉट बेसलाइन के ऊपर से निकल गया जिससे भारत ने 3-1 की बढ़त हासिल की। बालाजी ने मजबूत सर्विस से एक और गेम जीतकर स्कोर 4-1 कर दिया। रित्विक भी जल्द ही लय में आ गए और उन्होंने बेहतर सर्विस की। अकोमोलो सेट में बने रहने के लिए सर्विस कर रहे थे, लेकिन 15-15 के स्कोर पर उन्होंने लगातार दो डबल फॉल्ट करके भारत को दो सेट प्वाइंट दिए।

## भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले दो स्तरीय टेस्ट प्रारूप लागू होने की संभावना

**लंदन।** जब ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा तो यह मौजूदा प्रारूप का अंत होगा जिसे भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले दो-स्तरीय प्रणाली के रूप में फिर से शुरू किए जाने की संभावना है। 'उचित प्रतिस्पर्धा' का माहौल तैयार करने के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीस) के चेयरमैन जय शाह के साथ बातचीत की और दोनों इस योजना का नेतृत्व करेंगे। थॉम्पसन आईसीसी की रणनीतिक विकास समिति के प्रमुख भी हैं। इंग्लैंड को 20 जून से हेडिंग्ले में भारत की मेजबानी करनी है जिसके साथ अगला चक्र शुरू होगा जिसमें सिर्फ पांच महीने बचे हैं और थॉम्पसन ने इस मामले पर तुरंत गौर करने की जरूरत को स्वीकार किया। थॉम्पसन ने कहा, ''हम टेस्ट क्रिकेट की अखंडता सुनिश्चित करेंगे और उसकी रक्षा, विकास करेंगे क्योंकि यह प्रारूप खेल के डीएनए के लिए महत्वपूर्ण है।'' मौजूदा प्रारूप की उसकी कमियों के लिए आलोचना की गई है।